आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 356 | उज्जैन, गुरुवार 08 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण 5 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश


### ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए सेना भेज सकते हैं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही है। बीबीसी के मुताबिक व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलीन लेविट ने मंगलवार को इसे अमेरिकी सुरक्षा के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम इसे साकार करने के कई तरीके तलाश रही है, जिनमें सैन्य बल का इस्तेमाल भी शामिल है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कई बार ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कह चुके हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है। वहां पर रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है। उन्होंने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे।

### बिहार में सार्वजनिक स्थान पर थूका तो कहलाएंगे नगर शत्रु

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में सार्वजनिक स्थलों पर थूकने और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ पटना नगर निगम ने कड़ा निर्णय लिया है। अब सार्वजनिक स्थानों पर पान, गुटखा या अन्य तंबाकू उत्पाद खाकर थूकने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। ऐसे लोगों को नगर शत्रु घोषित किया जाएगा, उनसे 500 रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा और उनकी तस्वीरें शहर भर में लगी वैरिएबल मैसेज डिस्प्ले स्क्रीन पर सार्वजनिक रूप से दिखाई जाएंगी। इस निर्णय की बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने सराहना की है। उन्होंने कहा कि नागरिक होने के नाते हमें कई अधिकार मिलते हैं।

### एक्ट्रेस डैजी शाह के घर के पास लगी आग



**भड़कते हुए पॉलिटिकल पार्टी को ठहराया जिम्मेदार, कहा- अनपढ़ों की गैंग बना रखी**

**मुंबई।** मंगलवार को सलमान खान के साथ फिल्म जय हो में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस डैजी शाह के घर के पास वाली बिल्डिंग में आग लग गई। अब एक्ट्रेस ने एक वीडियो जारी कर भड़कते हुए बताया है कि इलेक्शन के चलते उस बिल्डिंग के पास पटाखे फोड़े गए थे, जिससे बिल्डिंग में आग लगी है। डैजी शाह ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा, 'ये हो रहा है यहां पर। इलेक्शन की वजह से यहां लोग आए हुए हैं, रास्ते पर पटाखे फोड़े हैं। रास्ते में पटाखे फोड़ने के बाद देखिए उन्होंने क्या किया। ये सरकार के बेवकूफ लोग हैं, जो जा रहे हैं प्रचार करने, रास्ते में बिल्डिंग के बाहर इन्होंने पटाखे फोड़े। मैं इस बिल्डिंग के ठीक बाजू में रहती हूं और यहां ये हो रहा है। है भगवान, ये बहुत डरावना है।' आगे एक्ट्रेस ने अपना घर दिखाते हुए कहा, 'ये मेरा घर है और इसके बाजू में ये हो रहा है। ये तो बदतर होता जा रहा है।' आग लगी हुई इमारत के ठीक नीचे खड़े लोगों को दिखाते हुए डैजी ने कहा, 'कहां है लोगों की सिविक सेंस। ये लोग यहां आए, घर के बाहर रॉकेट जलाए हैं, क्योंकि यहां बांद्रा ईस्ट में इलेक्शन हो रहा है। बांद्रा ईस्ट में आग लग गई है और वो प्रचार करने वाले लोग भाग गए हैं। झुंड था, 200 लोगों का झुंड था और अभी वो लोग गायब हैं यहां आग लगाकर। शुक्रिया बीजेपी। अनपढ़ लोगों की गैंग भरकर रखी है।' इस वीडियो को शेयर करने के साथ डैजी शाह ने कैप्शन में लिखा है, 'मेरा किसी भी राजनीतिक पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन जब आप अपने चुनाव प्रचार के लिए टीमें नियुक्त करते हैं, तो कम से कम यह सुनिश्चित करें कि उनमें थोड़ी-सी भी सामान्य समझ हो। शुक्र है कि हमारी बिल्डिंग कमेटी ने उन्हें घर-घर जाकर प्रचार करने की अनुमति नहीं दी। इमारतों के पास पटाखे फोड़ना किसी भी तरह से सही तरीका नहीं है। यह वही होता है जब लोगों में नागरिक समझ की कमी होती है। यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि दिमाग से काम न लेने वाले लोगों की वजह से हुआ है।

### प्राइवेट पार्ट दबाकर पति की हत्या करने वाली पत्नी गिरफ्तार

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में पति का प्राइवेट पार्ट दबाकर हत्या करने वाली आरोपी पत्नी सरिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरिता को कोट मोहल्ला चौकी क्षेत्र से पकड़ा है। पूछताछ में महिला ने बताया है कि उसने अपने बॉयफ्रेंड सतपाल के साथ मिलकर पति रामकिशन की हत्या की है। सरिता ने बताया है कि वह पति की प्रताड़ना से तंग आ गई थी। वह इससे पहले भी कई बार रामकिशन की हत्या की प्लानिंग कर चुकी थी, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवार को वह सतपाल के साथ कमरे में गई। सतपाल ने सोते हुए रामकिशन के मुंह पर तकिया रखकर उसकी सांस रोक दीं। वहीं, सरिता से रामकिशन का प्राइवेट पार्ट दबा दिया इससे उसकी मौत हो गई।

### एक ही रात में जंगली हाथियों ने 7 लोगों को उतारा मौत के घाट

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में जंगली हाथियों के हमले लगातार जानलेवा साबित हो रहे हैं। नोवामुंडी प्रखंड के जेटेया थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबरिया गांव में मंगलवार 6 जनवरी की रात करीब 10 बजे जंगली हाथी के हमले में एक ही परिवार के 5 लोगों सहित 7 की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी, उनके दो मासूम बच्चे और दूसरे परिवार का एक सदस्य शामिल है। इस हमले में परिवार का एक बच्चा किसी तरह जान बचाने में सफल रहा। मृतकों की पहचान बाबरिया गांव निवासी सनातन मेराल, उनकी पत्नी जोंकों कुई, उनके दो बच्चे और दूसरे परिवार के मोगदा लागुरी के रूप में हुई है। बताया गया कि सभी लोग घर में सो रहे थे, तभी हाथी ने अचानक घर पर हमला कर दिया।

---

### इंदौर दूषित पानी कांड पर सीएम ने कहा- हर मौत पीड़ादायक, हम आंकड़ों में नहीं पड़ रहे

# भागीरथपुरा में मौतें 20 हुईं, प्रशासन 6 बता रहा, मुआवजा 18 को दिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों की संख्या 18 से बढ़कर 20 हो गई है। सरकार ने हाईकोर्ट में पेश रिपोर्ट में सिर्फ चार मौतें भर होना माना है, जबकि 18 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए की सहायता दी जा चुकी है।

प्रशासन ने परिजन को मुआवजा देने के लिए बनाई गई सूची में बुधवार को दो नए नाम जोड़े हैं। इनमें रामकली जगदीश और श्रवण नत्थु खुपराव शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि दूषित पानी से भले ही 6 लोगों की मौत हुई है, लेकिन जहां भी मौत की सूचना मिल रही है, वहां क्रॉस चेक कर आर्थिक सहायता दी जा रही है।

इधर, जिस जगह ड्रेनेज लाइन का काम हुआ था, वहां बुधवार को नर्मदा लाइन चालू होते ही पानी लीक होकर कॉलोनी में भरने लगा। दुकानों में पानी घुस गया। पानी लीक होने के चलते नर्मदा लाइन को दोबारा बंद कर दिया गया है।

इंदौर में मौत के आंकड़ों और जिन्हें मुआवजा दिया गया है, उनकी संख्या में अंतर को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे लिए एक भी व्यक्ति की जान जाना कष्टदायक है। हम इसके आंकड़े में नहीं पड़ रहे हैं। ये अलग बात है कि प्रशासन की नजर में उनका अपना तरीका होता है। प्रशासन ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर मृतकों की संख्या तय की है लेकिन यह फाइनल नहीं है।

सीएम यादव ने बुधवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में कहा- नगर निगम के माध्यम से भी मृत्यु-पंजीयन होता है। जो भी संख्या सामने आएगी, राज्य सरकार संबंधितों के परिजन को राहत राशि देने का काम करेगी। सरकार हर पल प्रभावितों के साथ है।

### इंदौर में नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने शुरू किया वाटर ऑडिट, मुस्लिम बस्ती से की शुरूआत

## सरकार के निकम्मेपन के चलते मैंने खुद वाटर ऑडिट शुरू किया

मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बुधवार को मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र मदीना नगर से इंदौर में वाटर ऑडिट की शुरुआत की। उन्होंने दूषित पानी की शिकायतें सुनीं और निरीक्षण भी किया। इस दौरान सिंघार ने मौके पर ही पानी के सैंपल लेकर जांच की और कहा कि इंदौर के कई इलाकों में अब भी दूषित पानी की सप्लाई हो रही है।
निरीक्षण के दौरान स्थानीय



नागरिकों ने सिंघार को बताया कि नलों से बदबूदार और गंदा पानी आ रहा है, जिससे लोगों में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। सिंघार ने कहा कि सरकार और नगर निगम की लापरवाही के चलते उन्हें खुद मैदान में उतरकर वाटर ऑडिट करना पड़ रहा है।
नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार के निकम्मेपन के कारण मुझे इंदौर में खुद वाटर ऑडिट शुरू करना पड़ा है। लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई क्षेत्रों में आज भी दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है, जो बेहद गंभीर मामला है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि उमंग सिंघार शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा करेंगे। यह दौरा खासतौर पर उन क्षेत्रों में किया जा रहा है, जहां नगर निगम द्वारा गंदा पानी सप्लाई किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। दौरा सुबह 10.30 बजे शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलेगा। इस दौरान वे नागरिकों से सीधे संवाद कर पानी की स्थिति का जायजा लेंगे।

- **कलेक्टर बोले- दोबारा सैंपल लेकर जांच के लिए भेजेंगे-** कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने बुधवार को भी भागीरथपुरा क्षेत्र की बस्तियों और कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान सीवरेज और नर्मदा पाइपलाइन के लीकेज सुधार के कामों का जायजा लिया और दिशा निर्देश दिए। स्थानीय रहवासियों से भी वाटर सप्लाई को लेकर जानकारी ली गई। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि अभी पानी सप्लाई के साथ पाइपलाइन की टेस्टिंग की जा रही है। इसके बाद दोबारा सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जाएंगे।
- **दो दिन में 5013 घरों तक पहुंचीं हेल्थ टीम-** सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हासानी के मुताबिक 61 टीमें बनाई गई थीं। इन टीमों में नर्सिंग ऑफिसर, सीएचओ, आशा और एएनएम शामिल हैं। जिन्होंने घरों में रियल टाइम सर्वे किया है। दो दिन में ये टीमें 5013 घरों तक पहुंची हैं। 24786 लोगों से संपर्क कर उन्हें उचित परामर्श दिया है। वहीं, प्रत्येक घर में दवाइयां और एक क्लिनवेट ड्रॉप भी बांटे हैं।

### भागीरथपुरा में लोग टैंकर के पानी पर निर्भर

बुधवार सुबह से दोपहर 2 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 18 मरीज डायरिया की शिकायत लेकर पहुंचे थे। इनमें से 6 को अस्पताल रेफर किया गया है। इससे पहले आईसीयू में 16 मरीजों के भर्ती होने की जानकारी सामने आई थी। इनमें से 3 वेंटिलेटर पर हैं। भागीरथपुरा में इतनी मौतों के बाद लोग डरे-सहमे हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने बोरिंग का यूज बंद कर दिया है। स्थानीय रहवासी टैंकरों और आरओ के पानी पर निर्भर हैं। अब तक 429 लोग अस्पतालों में भर्ती हुए थे, जिनमें से मंगलवार शाम तक 330 डिस्चार्ज हो चुके हैं। बुधवार को 6 मरीज और भर्ती हुए हैं, यानी अब 105 मरीज ही एडमिट हैं।

---

### दूषित पानी: छह साल पहले कैग ने नगर निगम इंदौर और साथ ही राज्य शासन को किया था आगाह

# कैग की चेतावनी को मान लेते तो भागीरथपुरा के मरने वाले बच जाते!

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर नगर निगम के जिम्मेदार अगर 6 साल पहले आई कैग की रिपोर्ट को मान लेते और उसके आधार पर कमियों को सुधार लिया जाता तो भागीरथ पुरा में दूषित पानी से मरने वाले बच जाते। इस मामले में तत्कालीन समय से लेकर अब तक राज्य शासन ने भी कोई कदम नहीं उठाया और न ही नगर निगम इंदौर से कैग की रिपोर्ट को लेकर उठाए गए कदमों की जानकारी ही हासिल की गई। इस दरमियान प्रशासनिक रूप से इंदौर को स्वच्छता में नंबर -1 बनाने में लगे अधिकारियों ने इसे सिरे से ही नजरअंदाज किया।

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के चलते हुई मौतों को लेकर देशभर में स्वच्छता में नंबर-1 शहर की पोल खोल कर रख दी है। देश भर में इस दुखद घटना की चर्चा हो रही है। इस बीच सामने आ रहा है कि इस घटना को लेकर 2019 में कैग की रिपोर्ट में नगर निगम इंदौर के साथ ही राज्य शासन को आगाह किया गया था लेकिन इसे नजरअंदाज किया गया और उसका परिणाम लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा है।

### चेतावनी को नजरअंदाज किया




- इंदौर में जो त्रासदी हुई है वह भारत के कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (कैग) की साल 2019 की रिपोर्ट में आगाह की जा चुकी थी । कैग ने इंदौर और भोपाल में नगर निगम द्वारा सप्लाई किए जा रहे पीने के पानी का परफॉर्मेंस ऑडिट किया था। उस रिपोर्ट में वही कमियां बताई गई थीं, जिनकी वजह से अब इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हो गई। यहां जमीन के नीचे पानी की पाइपलाइन और उसके ठीक ऊपर सीवेज लाइन में लीकेज हो गया था। इससे पीने का पानी मल और गंदगी से दूषित हो गया।
- एक तरफ घटना के बाद से लोगों में गुस्सा है। वहीं, एनजीओ के कैग की रिपोर्ट में हुए खुलासे के बाद सवाल उठ रहे हैं कि जब कैग ने सालों पहले चेतावनी दी थी, तो इंदौर नगर निगम और राज्य सरकार ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की। दरअसल, कैग की रिपोर्ट में कहा गया था कि दोनों नगर निगमों में फिल्ट्रेशन प्लांट पर पानी की क्वालिटी और टैंकों से लोगों तक पहुंचने वाले पानी की क्वालिटी में बड़ा अंतर था। पाइपलाइन लीकेज पर नजर रखने के लिए लीकेज डिटेक्शन सेल की कमी भी एक बड़ी समस्या थी।

### क्या था कैग की रिपोर्ट में

रिपोर्ट के अनुसार, पीने के पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत में काफी देरी हुई। शिकायतों के बाद समाधान के कई मामलों में 22 दिन से लेकर 182 दिन तक का समया लगा रहे थे।। इसका कारण यह था कि सालाना कॉन्ट्रैक्ट की जगह हर बार अलग-अलग टेंडर निकाले जाते थे। सवाल उठता है कि जब समाधान में इतने दिन लगते थे तो लोगों की जान कैसे बचाई जा सकती थी। कैग ने बताया कि 2013 से 2018 के बीच 4,481 पानी के सैंपल खराब क्वालिटी (बीआईएस10500) के मानकों पर खरे नहीं उतरे। नगर निगम ने इस पर क्या कार्रवाई की, यह साफ नहीं है। स्वतंत्र जांच में लिए गए 54 सैंपलों में से 10 गंदगी और मल कोलीफॉर्म के कारण खराब पाए गए।

#### संभल जाते तो बच जाती लोगों की जान

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि जांच किए गए 45 ओवरहेड टैंकों में से 23 की नियमित सफाई नहीं हुई। साथ ही जरूरी गाद के सैंपल भी नहीं लिए गए। इंदौर नगर निगम बिना जांच के बोरवेल का पानी सप्लाई कर रहा था। जांच में कई बोरवेल सैंपलों में आयरन, नाइट्रेट, कैल्शियम और फीकल कोलीफॉर्म तय मानकों से ज्यादा पाए गए। कैग के अनुसार, ऐसे दूषित पानी से लिवर, दिल, पैंक्रियाज से जुड़ी बीमारियां, डायबिटीज, दस्त, उल्टी, पीलिया, टाइफाइड और किडनी स्टोन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

---

## महाराष्ट्र कांग्रेस उपाध्यक्ष हिदायतुल्ला पटेल की हत्या

**मस्जिद में नमाज के बाद गले और सीने में चाकू से गोदा, इलाज के दौरान मौत, एक आरोपी गिरफ्तार**

एजेंसी ▶▶ अकोला

महाराष्ट्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष हिदायतुल्ला पटेल पर मंगलवार को अकोला जिले की मोहला मस्जिद में चाकू से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल पटेल बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना पुरानी रंजिश के कारण हुई मानी जा रही है।

पुलिस के अनुसार, पटेल मंगलवार को मोहला गांव की एक मस्जिद में दोपहर की नमाज अदा कर रहे थे। लगभग 1.30 बजे जैसे ही वे मस्जिद से बाहर निकले, आरोपी ने उनके गले और सीने में धारदार हथियार से हमला किया। घटना के बाद पटेल को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। पटेल को अकोट के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में उनका इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में उन्हें खून से लथपथ कपड़े पहने मस्जिद से बाहर निकलते देखा जा सकता है।



### पुरानी रंजिश में हमला

पुलिस ने हत्या के आरोप में उबेद खान कालू खान उर्फ रजीक खान पटेल (22) को गिरफ्तार किया है। आरोपी को मंगलवार रात करीब 8 बजे अकोट तालुक के पनज गांव से गिरफ्तार किया गया। शिकायत कांग्रेस पार्षद सुवर्णा कल्लाकुंटला ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि पटेल पर पुरानी रंजिश के चलते हमला किया गया। हिरासत के दौरान आरोपी ने पुलिस के सामने सहयोग नहीं किया, जिसके बाद उसके खिलाफ काउंटर शिकायत दर्ज की गई। मामलों में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 भी शामिल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की मदद से सबूत जुटाए। घटना के बाद मोहला और अकोट शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जिला पुलिस अधीक्षक अर्चित चंदक स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

---

### ट्रम्प का मोदी पर बयान, राहुल बोले

## फर्क समझो सरजी, ट्रम्प के आगे मोदी सरेंडर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से की। राहुल ने एक्स पर 'फर्क समझो सर जी' कैप्शन के साथ 3 जून का वीडियो शेयर किया।

राहुल ने कहा- मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा ने अमेरिका को झुकाया था। आपको वह समय याद होगा जब फोन कॉल नहीं था, सातवां फ्लीट आया था। 1971 के युद्ध में अमेरिका ने अपने एयरक्राफ्ट कैरियर और हथियार भेजे थे। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था, मुझे जो करना है, मैं करूंगी। राहुल ने कहा, इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जरा सा दबाव डालो वे सरेंडर कर देते हैं। मैं अब इन बीजेपी-आरएसएस के लोगों को बहुत अच्छी तरह जानता हूं। उन्हें थोड़ा धक्का दो और वे डर के मारे भाग जाएंगे। राहुल ने यह वीडियो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने कहा था- प्रधानमंत्री मोदी मुझसे मिलने आए और कहा सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं।

## कुत्तों के चलते लोग कब तक परेशानी झेलेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूछा कि कुत्तों के कारण आम लोगों को आखिर कब तक परेशानी झेलनी पड़ेगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश सड़कों के लिए नहीं, बल्कि केवल संस्थागत क्षेत्रों के लिए है।

### दिल्ली में फैज-ए-इलाही मस्जिद गिराने की अफवाह पर जुटी भीड़

## पुलिस-एमसीडी टीम पर पथराव, 5 उपद्रवी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के रामलीला मैदान इलाके में मंगलवार रात फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान हिंसा भड़क गई। कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंके, जिससे 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए।



यह पूरा मामला तब शुरू हुआ, जब सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दावा किया गया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान मस्जिद को गिराया जा रहा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक पोस्ट खालिद मलिक नाम के व्यक्ति की थी। वीडियो में उसने लोगों से बड़ी संख्या में अपने घरों से बाहर निकलने की अपील की थी। इसके तुरंत बाद कई लोग वहां जमा हो गए और कुछ ने पुलिस और एमसीडी कर्मचारियों पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकीं। पुलिस ने मंगलवार रात प्रदर्शन कर रहे लोगों को हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। मामले में अब तक एक नाबालिग समेत 5 उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है। मामले में गिरफ्तार लोगों की पहचान मोहम्मद आरिब (25), मोहम्मद कैफ (23), मोहम्मद काशिफ (25), मोहम्मद हामिद (30) और एक नाबालिग के रूप में हुई है।

---

### अमेरिका के फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट के दस्तावेज सार्वजनिक हुए, ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी फर्म का दावा

# पाकिस्तान ने संघर्ष रुकवाने के लिए 60 बार गुहार लगाई, भारत ने भी संपर्क किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट के दस्तावेज सार्वजनिक हुए हैं। इसके मुताबिक पिछले साल अप्रैल में भारत के चलाए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान डर गया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जंग रोकने के लिए पाकिस्तान ने अमेरिका में अपने डिप्लोमेट के जरिए लॉबिंग की थी। इसके तहत अमेरिका में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों, सांसदों,



पेंटागन और विदेश विभाग के अफसरों के साथ करीब 60 बार संपर्क किया था।

एफएआरए के तहत अमेरिकी न्याय विभाग में दाखिल दस्तावेजों से पता चला है कि पाकिस्तानी राजनयिकों ने ईमेल, फोन कॉल, वन-टू-वन बैठकों के जरिए अप्रैल अंत से लेकर 4 दिन के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तक संघर्ष विराम के लिए बैठकें जारी रखी थीं। पाकिस्तान किसी भी तरह से भारत पर अमेरिका का दबाव बनाकर युद्ध रुकवाना चाहता था। उसने ट्रम्प प्रशासन तक तेजी से पहुंच बनाने, व्यापार और कूटनीतिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए 6 लॉबिंग फर्मों पर करीब 45 करोड़ खर्च किए थे। अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय दूतावास ने अमेरिकी सरकार और उसके अधिकारियों से संपर्क बढ़ाने के लिए फर्म की सेवाएं ली थीं।

### भारतीय दूतावास ने लॉबिंग फर्म की मदद ली

अमेरिकी लॉबिंग फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के साथ कई अहम मुद्दों पर भारतीय दूतावास की बातचीत में मदद की गई। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच भारतीय दूतावास के लिए काम किया। एफएआरए में दी गई जानकारी के अनुसार 10 मई को इस फर्म ने भारतीय दूतावास की ओर से व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स, अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीर और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के रिकी गिल से संपर्क कराने में मदद की। इस दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी मीडिया कवरेज जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। 10 मई को ही भारत और पाकिस्तान के बीच चला 4 दिन का सैन्य टकराव समाप्त हुआ था। फर्म की भूमिका में बैठकों की व्यवस्था करना, फोन कॉल और ईमेल के जरिए दोनों देशों के अधिकारियों को जोड़ना शामिल था। इसके अलावा भारतीय दूतावास ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक कराने में भी मदद मांगी थी।

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

METROPOLITAN



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## सिर्फ कागजों में भिक्षुक हटाने का काम...




धार्मिक शहर में भिक्षुक समस्या ऐसी ही है जैसी अन्य प्रमुख समस्या। इसके नियंत्रण को यदा-कदा जिम्मेदारों को याद आ जाती है तो दो झचार दिन इस पर अच्छा खासा माहौल बनाया जाता है उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। आराम से फिर समस्या को बढने दिया जाता है और फिर वहीं हाल बना दिए जाते हैं। समस्या का मूल निवारण कार्य नहीं किया जाता है। पास के शहर से निकाले गए भिक्षुक बडी संख्या में यहां पर भी अपनी तिजारत को अंजाम दे रहे हैं। पूर्व से यहां के जो हैं वो भी जिम्मेदारों के ठंडे पडते ही सक्रिय हो गए हैं। पितृों के कर्मकांड के लिए जाने वाले शोक मग्न भी इनके मारे बडे परेशान हैं। यहां इस कार्य में बडी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे लगाए गए हैं। इनकी प्रतिदिन की आय भी अच्छी खासी है। बद्दुआ भी अच्छी देते हैं। अगर यहां कोई शोक मग्न या दर्शनार्थी बद्दुआ के विरुद्ध प्रतिक्रिया देता है तो पास के निवासी इनके परिवारजन तत्काल धमक पडते हैं। मदिरा वाले भगवान के आसपास इनके संबंधितों का अच्छा खासा डेरा रहता है। मदिरा वाले विभाग का अमला भी इनसे खौफ खाता है। कुल जमा धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं को इनसे मुक्ति मिलना आसान नहीं है। खुसूर-फुसूर है कि पास के शहर को इनसे मुक्त करने में भी धर्मनगरी को समर्पण करना पड रहा है। एक जमाने में पास की नगरी के विकास में धर्मनगरी वालों ने बहुत कुछ समर्पण किया और त्यागा। अब इस मसले पर भी हाल वैसे ही हो गए हैं। इनमें से कुछ महिलाएं तो गरीबी रेखा से काफी उपर बताई जाती है। आसपास के लोग एवं दुकानदार ही इनसे नहीं उलझते हैं तो बाहरी श्रद्धालुओं की बिसात ही क्या।

## स्वच्छता का वॉवः एप से बुकिंग पर शौचालय की सफाई करने पहुंचेंगे मित्र

**उज्जैन।** स्वच्छता की बात करें तो यह आपके काम की खबर है। वॉव wow (वॉश ऑन व्हील्स) एप से जिले में स्वच्छता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ रहे हैं। ये एक ऐसा एप्लीकेशन एप है, जिसके जरिए लोग शौचालय की सफाई की ऑनलाइन बुकिंग करवा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि जिले में अब तक 1046 बुकिंग हो चुकी हैं। इनमें से 697 जगह सफाई का काम भी किया जा चुका है। 349 आवेदन अभी क्यू में है।

एप का सर्वाधिक लाभ जिले की खाचरौद जनपद में लिया जा रहा है। यहां की सभी 130 ग्राम पंचायतों के करीब 200 गांवों के ग्रामीण इसका लाभ ले रहे हैं। जिले के अन्य स्थानों से भी लोग अपने घरों के शौचालय की सफाई के लिए बुकिंग कर रहे हैं। एप पर स्कूल, आंगनवाड़ी, विभागों के शौचालयों के अलावा सार्वजनिक स्थानों के शौचालयों की बुकिंग भी बढ़ रही हैं। शौचालयों की ये सफाई प्रशिक्षण प्राप्त सफाई मित्रों द्वारा तय शुल्क लेकर की जा रही है।

बताया जा रहा है कि प्रदेश में wow का लाभ लेने में छिंदवाड़ा के बाद उज्जैन जिला दूसरे स्थान पर है। उज्जैन में तेजी से इस एप पर बुकिंग बढ़ रही है। वर्तमान में जिले में 25 स्वच्छता मित्र ये काम कर रहे हैं। इनमें से सबसे ज्यादा लगभग 10 खाचरौद में है। बड़नगर में एक, महिदपुर में 5, तराना में 4 और उज्जैन शहर तथा घट्टिया में तीन-तीन स्वच्छता मित्र है। ये सभी ट्रेनिंग प्राप्त हैं, जो कि सेफ्टी किट व प्रेशर मशीन सहित जरूरी संसाधन लेकर आते हैं। बुकिंग के आधार पर इनकी संख्या भी बढ़ाई जा रही है। इनके द्वारा घरों के शौचालय की सफाई के लिए 50 से 100 रुपए तक, सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र व पेट्रोल पंप आदि के शौचालयों के लिए 200 से 250 रुपए तक शुल्क लिया जाता है।

**आवश्यकता है**

**(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की**
**कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6**
**(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो**
**कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)**

**बागड़िया न्यूज़ एजेंसी**
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

### मकर सक्रांति स्नान के लिए तैयारी शुरू, नदी में कंजी,गंदगी की सफाई किए बगैर ही पानी का लेबल बढा

# शिप्रा के घाटों पर गंदगी और नर्मदा का पानी छोड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मकर सक्रांति स्नान के लिए नगर निगम लोक स्वासथ्य यांत्रिकी विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए बगैर किसी योजना के ही नर्मदा का पानी शिप्रा में छुडवा लिया गया है। न तो नदी में कंजी , गंदगी की सफाई की गई है और न ही घाटों की ही पर्याप्त रूप से सफाई हुई है। घाटों पर कंजी से फिसलन की स्थिति बनी हुई है। इस पर भी नर्मदा का महंगा पानी शिप्रा में छोड दिया गया है।

सनातन धर्मियों के प्रमुख पर्व मकर सक्रांति पर हजारों श्रद्धालु स्नान के लिए शिप्रा के प्रमुख घाटों पर पहुंचेंगे। अभी पर्व में करीब 7 की अवधि शेष है। इसके पूर्व ही शिप्रा में नर्मदा का पानी छोड दिया गया है। यह पानी करीब 3 किलोमीटर से अधिक घाटों का सफर करता हुआ रामघाट पहुंचेगा,जहां मकर सक्रांति का पर्व स्नान होना है।







### घाटों पर और नदी में गंदगी

नर्मदा का पानी शिप्रा में छोडने से पहले न तो प्रमुख घाटों की सफाई की गई है और न ही नदी में से गंदगी ही निकाली गई है। सीधे तौर पर शिप्रा में नर्मदा का बेशकिमती पानी छोड दिया गया है। घाटों की सिढियों पर गंदगी एवं कंजी के कारण फिसलन की स्थिति देखी जा रही है। इसके साथ ही नदी में कचरा,गंदगी एवं पूजन सामग्री के साथ ही कपडे भी देखे जा रहे हैं। ऐसे में नदी का जल स्तर नीचा होने पर पहले सफाई के काम को अंजाम देने के उपरांत नर्मदा का जल छोडा जाता तो उसका अधिक दिन तक उपयोग होता।

### प्रति दिन सैंकडों तैराकों का स्थल

शिप्रा के रामघाट से लेकर नर्सिंह घाट एवं ब्रिज तक प्रति दिन सैंकडो तैराक आते हैं। नदी में प्रति दिन प्रशिक्षु बच्चे भी इन तैराकी संगठनों के पास पहुंचते हैं। घाटों पर सफाई न होने और फिसलन की वजह से यहां आने वाले श्रद्धालु भी कई बार हादसों का शिकार हो चुके हैं।

### 1125 एमएम डाया की लाईन से आया पानी

पीएचई के कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार के अनुसार एनवीडीए से सक्रांति के स्नान को लेकर पानी की मांग की गई थी। मंगलवार से पानी आने की शुरूआत हो चुकी है। पानी की आवक बराबर बनी हुई है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि नर्मदा की मोतीनगर त्रिवेणी श्मसान के पास स्थित 1125 एमएम डाया की लाईन से पानी की आवक हो रही है। यह निरंतर 15 जनवरी तक चलेगी। करीब 40-50 एमसीएफटी पानी इस दौरान आएगा। इससे गऊघाट, उसके आगे भूखीमाता घाट,नर्सिंह घाट,रामघाट क्षेत्र में शिप्रा में पानी का जल स्तर खासा बढ जाएगा।

# केडी गेट चौड़ीकरण के दौरान ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही बनी मुसीबत

### निर्माण सामग्री हटाए बगैर नालियों को ढका.. आये दिन नालियां चौक होने से गंदा पानी सड़कों फैल रहा.. निर्माण के बाद अभी तक नालियों की सफाई भी नहीं हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। केडी गेट से इमली पुरा तक मार्ग चौड़ा कर यहां सड़क व नालियों का निर्माण किया गया था। निर्माण के दौरान ठेकेदार ने लापरवाही बरती और नालियों में पड़ी निर्माण सामग्री हटाए बगैर ही नालियों को ढक दिया। अब ठेकेदार की लापरवाही का हरजाना क्षेत्र वासियों को भुगतना पड़ रहा है। इस कारण नालियां आए दिन चौक हो रही है और नालियों का गंदा पानी व गंदगी सड़क पर फैल रही है क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब से नालियों का निर्माण किया गया है तब से अभी तक नालियों की सफाई नहीं की गई है। इस कारण नालियों में कचरा जमा हुआ है और नालियों का गंदा पानी व गंदगी सड़क पर फैली हुई है।




एक वर्ष पहले केडी गेट से इमलीपुरा तक मार्ग को चौड़ाकर यहां सीमेंट कांक्रीट रोड व नालियों का निर्माण किया गया था। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जब नालियों का निर्माण किया गया तो ठेकेदार द्वारा निर्माण सामग्री नालियों के अंदर से हटाए बगैर ही नालियों को ढक दिया। इसके कारण नालिया आए दिन चौक हो रही है नालियों का निर्माण होने के बाद अभी तक नालियों की सफाई नहीं की गई है इस कारण आए दिन नालियां चौक हो रही है और नालियों का गंदा पानी व गंदगी सड़कों पर जमा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि घर के बाहर गंदगी पड़ी हुई है और क्षेत्रीय लोगों का गंदगी की वजह से बुरा हाल है। तथा मच्छर पनप रहे हैं और बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है ऐसे में कई बार नगर निगम के अधिकारियों को नालियों की सफाई करवाने की शिकायत कर चुके हैं। लेकिन उसके बाद भी अभी तक नालियों की सफाई नहीं की गई है। इस कारण आए दिन नालियां चोक हो रही है और नालियों का गंदा पानी व गंदगी सड़क पर जमा है। इस कारण क्षेत्रीय लोगों का बदबू से बुरा हाल है और ऐसे में ही क्षेत्रीय लोग अपना जीवन यापन करने को मजबूर है।

### निर्माण के दौरान नालियों के अंदर पड़ा मलबा व कचरा तक नहीं हटाया

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि निर्माण के दौरान नालियों के अंदर पड़ा मलबा व कचरा नहीं हटाया गया । नालियों को बगैर साफ किए ऊपर से इन्हें ढक दिया गया है। नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती गई है। इस बात से निगम के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया था। लेकिन उसके बावजूद भी ठेकेदार पर कोई एक्शन नहीं लिया गया और अब लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है आए दिन नालियां चौक होने की वजह से गंदगी सड़कों पर फैल रही है।

### नीमच में पहली बार एशियन वाटर बर्डसेंसस में

# प्रवासी पक्षी ग्रेट व्हाइट पेलिकन, कॉमन टील, रूडीशेल डक भी मिले



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जल स्रोतों और जल पक्षियों के संरक्षण को मजबूत बनाने मध्य प्रदेश में पहली बार एशियन वाटर बर्ड गणना (एडब्ल्यूसी) के तहत नीमच में तीन और चार जनवरी 2026 को वन विभाग और नीमच बर्ड्स ग्रुप ने जलीय पक्षी सर्वेक्षण व गणना कार्य संपन्न किया। पहली बार में ही यहां प्रवासी पक्षी ग्रेट व्हाइट पेलिकन, कॉमन टील, रूडीशेल डक भी मिले हैं।

डीएफओ एस के अटोदे के अनुसार हमने इस सर्वेक्षण में 120 स्पीसिएस का आईडेंटिफिकेशन किया है। इसमें प्रवासी पक्षी भी शामिल हैं। सिटीजन साइंस को बढ़ावा देने नीमच बर्ड्स ग्रुप के पक्षी विज्ञानी एवं पक्षी प्रेमियों के साथ यह कार्य पूर्ण हुआ है। सर्वेक्षण में विशेष रूप से प्रवासी पक्षी की दुर्लभ प्रजाति ग्रेट व्हाइट पेलिकन जो अपनी बड़ी चोंच और विशाल नीचे लटकती थैली के लिए जाना जाता है के साथ, कॉमन टील, रूडिशल डक की उपस्थिति दर्ज की गई। साथ ही रेयर पक्षी ओरिएंटल डार्टर,कोरमोरेंट इग्रेट, पॉन्ड हैरान, पर्पल और ग्रे हेरॉन, लेसर विसलिंग डक, यूरेशियन कूट, नॉब बिल्ड डक, स्टिल्ट, रिवर टर्न, इंडियन स्पॉट बिल्ड डक, ग्रीब, आईबीस, स्वंप हेन, स्टोरक की प्रजातियां देखी गई । साथ ही आसपास के क्षेत्र में विशेषतः प्रवासी पक्षी हमस वारब्लर, रेड ब्रेस्टेड फ्लाइकेचर, साइबेरिया स्टोनचैट, थिक नी, सारस क्रेन, एशियाई बॉर्न आउल, स्पॉटेड आउल, टाउनी पीपीट, वैगटेल देखे गए। वन विभाग के कर्मचारियों के साथ शहर के नीमच बर्ड्स ग्रुप के पक्षी विशेषज्ञ डॉ.साधना सेवक, इंद्रजीत सिंह, निकिता यादव, अनमोल यादव, अक्षय यति,अजय धाकड़ अंजली शर्मा ने नेतृत्व किया और साथ में पहली बार भागीदारी कर रहे जाजू कॉलेज, पीजी कॉलेज के वॉलिंटियर्स ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम सर्वेक्षण 3 जनवरी को शहर के प्रमुख वेटलैंड्स हमीरिया तालाब, शिवाजी सागर डेम, ठीकरिया तालाब, जीरन, हरवार तालाब, हरकीया खाल डेम, चैनपुरा डेम, घसुंडी में किया गया। दिनांक 4 को यह सर्वेक्षण जिले के आंतरिक दूरस्थ वेटलैंड्स किरता तालाब, लासूर बांध, श्रीपुरा, कनपुरिया तालाब, जावी तालाब, अमरतीया तालाब, लासूर, में किया जा रहा है। यहां पक्षी प्रेमी प्रिंस शर्मा ने अमरतिया तालाब में 35 प्रजाति, साक्षी शर्मा, निकिता यादव ने लासूर बांध पर 43 प्रजातियां सर्वेक्षण में पाई। नीमच बर्ड्स की डॉ.साधना सेवक ने वन विभाग के अधिकारीगण, रेंजर्स व अन्य सहयोगियों के पूर्ण सहयोग से नीमच बर्ड्स के पक्षी प्रेमी हरीश भाटी, साक्षी, कुसुम , भाग्यश्री पंवार, निर्मला प्रजापति, भूपेंद्र, जयराज, कुमकुम, मधुबाला, सभी ने उत्साह और रुचि से कम समय में पक्षी पहचानना और ई बर्ड ऐप में डेटा संधारित करने का प्रशिक्षण लेकर नीमच के जलीय पक्षी गणना के कार्य को सफल बनाया। वन विभाग के एसडीओ फॉरेस्ट नोडल ऑफिसर दशरथ अखंड ने इसका नेतृत्व किया।

## ट्रेनों का प्रथम आरक्षण चार्ट 11 जनवरी से 10 घंटे पहले होगा तैयार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। ट्रेनों का प्रथम आरक्षण चार्ट 11 जनवरी से 10 घंटे पहले तैयार होगा। यात्रियों की सुविधा एवं आरक्षित टिकट संबंधी जानकारी समय से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड के निदेर्शानुसार पश्चिम रेलवे रतलाम मण्डल पर ट्रेनों के प्रथम आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। यह नई व्यवस्था 11 जनवरी 2026 से लागू की जा रही है।



पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार नए निदेर्शों के अनुसार, ट्रेनों के प्रस्थान समय के आधार पर प्रथम आरक्षण चार्ट निम्नानुसार तैयार किया जाएगा- सुबह 05:01 बजे से शाम 18:00 बजे तक प्रस्थान करने वाली ट्रेनों का प्रथम आरक्षण चार्ट एक दिन पहले रात्रि 20:00 बजे तक तैयार किया जायेगा। शाम 18:01 बजे से अगले दिन सुबह 05:00 बजे तक प्रस्थान करने वाली ट्रेनों का प्रथम आरक्षण चार्ट निर्धारित प्रस्थान समय से कम से कम 10 घंटे पहले तैयार किया जायेगा। द्वितीय आरक्षण चार्ट की प्रक्रिया में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है और यह पूर्ववत नियमों के अनुसार ही तैयार होगा। इस नई व्यवस्था से यात्रियों को आरक्षण स्थिति की जानकारी पहले ही मिल सकेगी, जिससे यात्रा की बेहतर योजना बनाने में सुविधा होगी।

## 25 जनवरी को होगा राहगीरी आनंदोत्सव, होंगे कई आकर्षण

**उज्जैन।** उज्जैन में 11 जनवरी को होने वाले राहगीरी आनंदोत्सव अब 25 जनवरी रविवार को होगा। राहगीरी में सीएम डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। सर्दियों के मौसम में हर साल होने वाली राहगीरी आनंदोत्सव की शुरूआत 25 जनवरी की सुबह कोठी रोड पर होगी। मुंगी चौराहे से कोठी पैलेस तक होने वाले आयोजन में विभिन्न कलाकार तो अपनी प्रस्तुति देंगे ही इस बार मुख्य आकर्षण लोक कलाकार भी होंगे।

आयोजन को लेकर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने सभी संबंधित विभागों की बैठक लेकर तैयारी की जानकारी ली और निर्देश दिए। 25 जनवरी को रविवार सुबह 7 बजे शुरू होने वाली राहगीरी में बड़ी संख्या बच्चे बुजुर्ग महिला सभी भाग लेंगे। अलग-अलग कलाकार गाना गाते, डांस,चित्रकारी, मलखंब की प्रस्तुति देने आएंगे। राहगीरी आनंदोत्सव की शुरूआत 2014 से हुई थी जिसमें लोगों को स्वस्थ रहने के लिए सुबह जल्दी उठने व्यायाम करने पैदल चलने की प्रेरणा देने के लिए शुरू किया गया था।


### 18 जनवरी को माघ माह की अमावस्या के दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य से श्रृद्धालुओं को मिलेगी सुख-समृद्धि

# मौनी अमावस्या पर पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए करेंगे उपाय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सनातन धर्म में अमावस्या को अत्यंत पवित्र दिन माना जाता है। हर महीने एक अमावस्या आती है, लेकिन माघ मास की अमावस्या विशेष रूप से शुभ और लाभकारी मानी जाती है। इस महीने में पड़ने वाली अमावस्या को मौनी अमावस्या या माघी अमावस्या कहा जाता है। माना जाता है कि इस दिन गंगा का जल अमृत के समान पुण्यदायक होता है। इस दिन गंगा में स्नान करने से व्यक्ति को अक्षय फल की प्राप्ति होती है और जीवन में मानसिक शांति व आध्यात्मिक लाभ मिलता है।

मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। माघ मेले के दौरान यहां विशेष स्नान और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस दिन केवल स्नान और दान-पुण्य ही नहीं, बल्कि पितरों की आत्मा की शांति और पितृ दोष से मुक्ति के लिए भी कुछ खास उपाय किए जाते हैं। ये उपाय अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन में सुख-समृद्धि, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक शांति प्राप्त कर सकता है।



### पंचांग अनुसार मुर्हूत

वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ माह की अमावस्या 18 जनवरी 2026 को शुरू होगी। इस तिथि की शुरूआत सुबह 12 बजकर 3 मिनट पर होगी और यह 19 जनवरी 2026 को सुबह 1 बजकर 21 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में इस साल मौनी अमावस्या 18 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी।

इस दिन श्रद्धालु खासकर त्रिवेणी संगम और गंगा नदी में स्नान करते हैं, उसके बाद दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। यह दिन पवित्र और लाभकारी माना जाता है, क्योंकि इसे करने से पितृ दोष से मुक्ति, मानसिक शांति और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होते हैं।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



# दिल्ली पासिंग कार सवारों ने टोलकर्मी को मारे चाकू

## कार नम्बर के आधार पर चारों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

दिल्ली पासिंग कार को आगे बढ़ाने की बात पर हुए विवाद में मंगलवार-बुधवार रात टोल कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया गया। कार में 4 युवक सवार थे, 2 चाकू लेकर उतरे थे। भेरूगढ़ थाना एस आई महेंद्रसिंह सेंधव ने बताया कि उन्हेल-नागदा मार्ग पर बने चकरावदा टोल कर्मचारी अरुण पिता इंदर सिंह 27 वर्ष निवासी ग्राम जमालपुरा इंदौर रोड को चार युवकों ने चाकू मारकर घायल कर दिया था। टोल के अन्य कर्मचारी घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल अरुण के बयान दर्ज किए गए।



रात 2 बजे उन्हेल-नागदा मार्ग पर हुई घटना

### चारों ने अचानक हमला कर दिया

उसने बताया कि उन्हेल की ओर से कार टोल पर आकर रुकी थी, बैरियर बंद था। अन्य गाड़ियां भी टोल पर आई थी। कार को आगे बढ़ाने की बात चालक से कही गई तो उसमें सवार चार युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। चारों कार से बाहर आए, दो के पास चाकू थे और दो के हाथों में लोहे के पाइप थे। चारों ने अचानक हमला कर दिया। चाकू और पाइप से उसे चोट लगी है। एसआई सेंधव के अनुसार मामले में चार अज्ञात युवको के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर कार दिल्ली पासिंग होना सामने आई है। हमला करने के बाद चारों कार से उज्जैन की ओर भागे हैं। कमरे में पहले बातचीत करते और फिर मारपीट करते युवक दिखाई दिए हैं। कार नम्बर के आधार पर चारों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### टोल पर बढ़ रहे विवाद के मामले

शहर के हाईवे मार्गों पर बने टोल टैक्स पर विवाद के मामले बढ़ते दिखाई दे रहा है। कभी टोल कर्मियों द्वारा वाहन चालकों से मारपीट की जाती है। कभी कर्मचारियों से मारपीट के मामले सामने आ रहे हैं। तीन-चार दिन पहले ही घटिया तहसील के उज्जैन-आगर मार्ग पर ग्राम पिपलाई टोल पर कर्मचारियों ने बस यात्रियों के साथ मारपीट की थी। इसे पहले भी उन्हेल-नागदा टोल पर मारपीट के मामले सामने आ चुके हैं।

## अहमदाबाद से आया 'मौत' का मांजा, 1526 रील के साथ आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बायपास पर बाइक सवार छात्र की चायनीज मांजे से गला कटने से हुई मौत के बाद भी शहर में मांजा बिकना बंद नहीं हुआ है। सोमवार रात एक व्यापारी अपनी कार में चायनीज मांजे का जखीरा लेकर आ रहा था। वह मौत के इस मांने को शहर में बेचने वाला था। जूनी इंदौर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार का रोका तो उसमें आठ बोरे चाइनीज मांजा मिला। बोरे खुलवाए तो उसमें 1526 रील चाइनीज मांजा निकला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी मूल रूप से शाजापुर निवासी है, वह यहां किराए से रह रहा था। आरोपी मकर संक्रांति पर बेचने के लिए यह मांजा लेकर आया था।

## न्यूज ब्रीफ

### टैंकर के माध्यम से लगातार किया जा रहा है जल वितरण

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा एवं नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने मंगलवार प्रातः भागीरथपुरा क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त, बीट प्रभारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि रिंग सर्वे के तहत क्षेत्र में निरंतर कार्रवाई जारी है। प्रभावित क्षेत्रों से नियमित सैंपल कलेक्शन कर उनकी मॉनिटरिंग की जा रही है। नागरिकों को पानी उबालकर एवं छानकर पीने के लिए लगातार समझाइश दी जा रही है। साथ ही, क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से सतत स्वच्छ जल वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार प्रभावित नागरिकों का समुचित उपचार निःशुल्क किया जा रहा है।

### भूखंडों के आवंटन के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट 15 तक

**उज्जैन ।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने जानकारी दी कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जिला व्यापार एंव उद्योग केंद्र उज्जैन के आधिपत्य में स्थित विभागीय नवीन औद्योगिक क्षेत्र गोगापुर (शुगर मिल) महिदपुर रोड जिला उज्जैन में रिक्त भूखंडों के आवंटन हेतु 15 जनवरी तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी प्रक्रिया अंतर्गत प्रमुख शर्ते 1. प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क रु 5000/- होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। 2 आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। 3. भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

# गणेश मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए माताओं ने रखा व्रत



## तिल चतुर्थी पर महाकाल मंदिर स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर किया श्रृंगार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर बुधवार को भगवान गणेश की विशेष आराधना की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सौभाग्य, सुख-समृद्धि और संतान की लंबी उम्र की कामना के साथ संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा। शहर के प्रमुख गणेश मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली।

श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर, प्रसिद्ध श्री चिंतामन गणेश मंदिर, बड़ा गणेश मंदिर सहित शहर के अन्य गणपति मंदिरों में अभिषेक, पूजन, अनुष्ठान, आरती और महाप्रसादी के आयोजन किए गए। चतुर्थी के अवसर पर मंदिरों को आकर्षक साज-सज्जा से सजाया गया और भगवान गणेश का विधिवत श्रृंगार किया गया।

### सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में विशेष पूजन

श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में भी चतुर्थी के अवसर पर विशेष साज-सज्जा की गई। मंदिर के पुजारी पंडित मोहित उपाध्याय नन्नू गुरु ने बताया कि सुबह भगवान श्री गणेश का अभिषेक-पूजन कर श्रृंगार किया गया। इसके बाद तिल से बने पकवानों का भोग अर्पित किया गया और दोपहर में विधिवत पूजन के साथ महाआरती संपन्न हुई।

### संकष्टी चतुर्थी का विशेष महत्व

धार्मिक मान्यता के अनुसार वर्ष भर में 24 से 26 चतुर्थी आती हैं, लेकिन माघ मास की संकष्टी चतुर्थी का विशेष महत्व बताया जाता है। इस दिन भगवान गणेश को गुड़ और तिल से बने पकवानों का भोग अर्पित करने की परंपरा है। मान्यता है कि चतुर्थी पर भगवान गणेश के दर्शन मात्र से ही सभी कार्य सफल हो जाते हैं, इसी विश्वास के चलते मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

### महिलाओं ने रखा संतान सुख का व्रत

पुजारी ने बताया कि संकष्टी चतुर्थी पर महिलाएं अपने परिवार और बच्चों की सुख-समृद्धि तथा संतान की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन 108 बार ॐ गं गणपतये नमः मंत्र का जाप करने से सभी बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इसी आस्था के चलते बड़ी संख्या में महिलाएं व्रत रखकर मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचीं। महाकाल दर्शन के पश्चात बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर पहुंचे और भगवान गणेश के दर्शन किए। सुबह से मंदिर परिसर भक्तों से भरा रहा।



## दुर्घटना रोकने के लिए ट्रैक्टर ट्रालियों पर लगाये रेडियम

### चिमनगंज मंडी से ट्रैफिक पुलिस ने शुरू की पहल



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष सड़क सुरक्षा अभियान में बुधवार को चिमनगंज कृषि मंडी पहुंचकर ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर/रेडियम स्ट्रिप्स लगाए। 2 दिन पहले ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का उल्लंघन कर अवैध हूटर और कांच पर काली फिल्म लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

ट्रैफिक डीएसपी विक्रम सिंह कनपुरिया ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा लगातार नियमों का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। विशेष सड़क सुरक्षा अभियान में रात्रिकालीन के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मंगलवार को ट्रैक्टर ट्राली और बड़े वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर/रेडियम स्ट्रिप्स लगाए जाने का काम शुरू किया गया है। अभियान में पहले दिन चिमनगंज कृषि उपज मंडी पहुंचकर 200 से अधिक ट्रैक्टर ट्राली और बड़े वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। रात्रि के समय या कम रोशनी में सड़क पर चलते अथवा खड़े भारी वाहनों के स्पष्ट रूप से दिखाई न देने के कारण दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है, जिसे रेडियम लगाने से प्रभावी रूप से कम किया जा सकेगा। रेडियम के माध्यम से वाहन अंधेरे में दूर से ही स्पष्ट दिखाई देंगे, जिससे पीछे से आने वाले वाहनों को समय रहते सतर्कता मिल सकेगी। अभियान के दौरान किसानों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों, रात्रि में सुरक्षित वाहन संचालन, वाहन पर आवश्यक सुरक्षा संकेतक लगाने तथा यातायात नियमों के पालन के संबंध में भी जागरूक किया गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। जन-सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के जनहितकारी, संवेदनशील एवं व्यवहारिक अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे।

## हरसिद्धि मंदिर क्षेत्र सहित तीन जगह सुविधाघर बनाए जाएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर के प्रमुख चौराहों, यातायात व्यवस्था और सुविधाघर निर्माण स्थलों का निरीक्षण मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल ने दो पहिया वाहन पर सवार होकर किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने सर्वप्रथम दौलतगंज सब्जी मंडी, फव्वारा चौक और हरसिद्धि मंदिर के आसपास के क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि नागरिकों और यात्रियों की सुविधा के लिए महिला एवं पुरुष दोनों के लिए दो-दो यूनिट सुविधाघर बनाए जाएं। इसके लिए सभी टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और ठेकेदार भी उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि बुधवार से निर्माण कार्य शुरू हो जाए। यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की राशि से किया जाएगा।

महापौर ने हरसिद्धि मंदिर के सामने भी श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुविधाघर निर्माण के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने चक्रतीर्थ पर नगर निगम द्वारा किए जा रहे सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

## विक्रमादित्य शोध पीठ में सुमिरन कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



मंगलवार को महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ में सुमिरन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शोधपीठ के अकादमिक निदेशक डॉ. रमन सोलंकी ने सुमिरन कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। जिसमें यह बताया गया कि अब हर माह पुरातत्व,ज्योतिष,कला,हिंदी साहित्य,अध्यात्म जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित परिचर्चा की जाएगी।प्रथम वक्ता के रूप में तिलक राज सोलंकी ने चित्रकला में वाकणकर जी के योगदान को रेखांकित किया। द्वितीय वक्ता के रूप में डॉ. प्रीति पांडे ने कायथा उत्खनन के महत्वपूर्ण बिंदुओं को उजागर किया।इसी क्रम में सम्राट विक्रमादित्य विश्वद्यालय के कुलगुरू प्रो. अर्पण भारद्वाज ने अपना उद्बोधन दिया और उन्होंने कहा कि पुरातत्व को जीवित रहने के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। डॉ. विश्वजीत सिंह परमार ने वाकणकर जी का जीवनवृत्त का प्रस्तुत किया।डॉ. प्रशांत पुराणिक ने भीमबेटका की खोज के प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट किया। पुराविद् डॉ. नारायण व्यास ने वाकणकर जी के साथ व्यतीत किए स्मरण साझा किए। डॉ. ठाकुर ने वाकणकर जी के द्वारा प्रतिपादित कई तथ्य बताए साथ ही यह भी बताया कि 1985 में मुद्राओं की पहली प्रदर्शनी भी वाकणकर जी ने लगाई थी। कैलाशपति नायक ने वाकणकर जी पर आधारित पुस्तक सदन में दिखाई जिसमें वाकणकर जी के एक पत्र का भी उल्लेख था। साथ ही डॉ. अंजना सिंह गौर,डॉ. रितेश लोट, डॉ. अजय शर्मा,डॉ. सर्वेश्वर शर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## अतिक्रमण हटने से सुगम हुआ आवागमन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



नगर निगम ने फ्रीगंज पुरानी और मक्सी रोड सब्जी मंडी को अतिक्रमण मुक्त कर दिया है। अब इन क्षेत्रों में लोगों का आवागमन सुगम हो गया है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निदेर्शानुसार ननि ने सब्जी और फल के ठेले हटाने की कार्रवाई की। क्षेत्र में नागरिकों और व्यापारियों से चर्चा करने पर उन्होंने कार्रवाई की सराहना की।

## श्री खजराना गणेश मंदिर में शुरू हुआ 6 दिवसीय तिल चतुर्थी मेला

इंदौर। प्रसिद्ध श्री खजराना गणेश मंदिर में 6 दिवसीय तिल चतुर्थी मेला प्रारंभ हुआ। कलेक्टर शिवम वर्मा ने श्री खजराना गणेश मंदिर में पूजन-अर्चना के साथ इस मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद थे। भगवान श्री गणेशजी को तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डूओं का भोग लगाया गया। साथ ही श्रीगणेश का स्वर्ण मुकुट तथा आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया गया है। मंदिर को आकर्षक फूलों से फूल बंगला के साथ सजाया गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने इस मौके पर ध्वजा पूजन करने के साथ ही 6 दिवसीय तिल चतुर्थी मेले की भी शुरूआत की।

# परेशानी: इंदौर एयरपोर्ट पर पांचवें दिन भी कोहरे का असर

## 10 से अधिक उड़ानें देरी से आईं और गईं, चेन्नई की उड़ान निरस्त; यात्री परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में लगातार पांचवें दिन बुधवार को खराब मौसम और घने कोहरे ने देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन को प्रभावित किया है। तड़के से ही एयरपोर्ट क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर करीब 200 मीटर रह गई। कम दृश्यता के चलते 10 से अधिक उड़ानों को देरी से संचालित करना पड़ा, जबकि इंडिगो एयरलाइंस ने अपनी चेन्नई जाने वाली उड़ान को निरस्त कर दिया।

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार सुबह के स्लॉट में उड़ानों की समयबद्धता पूरी तरह प्रभावित रही। विशेष रूप से सुबह 6:30 से 9:30 बजे के बीच टेकऑफ और लैंडिंग सबसे ज्यादा प्रभावित हुई। घने कोहरे के कारण पायलटों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी, जिससे उड़ानों में लगातार देरी होती रही।



**इन शहरों की उड़ानें रही लेट-** जबलपुर, दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, जयपुर, बैंगलुरु की उड़ानें लगातार देरी से संचालित हुईं।

इंदौर लेट आने वाली फ्लाइट

6ई284 पुणे इंदौरः निर्धारित समय 6:40 आने का समय 8:42

6ई7173 अहमदाबाद इंदौरः निर्धारित समय 7:00 आने का समय 8:25

6ई5161 मुंबई इंदौरः निर्धारित समय 7:45 आने का समय 9:37

### यात्रियों को करना पड़ा परेशानी का सामना

लगातार पांचवें दिन उड़ानों के प्रभावित होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह की उड़ानों से यात्रा करने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ा, वहीं कई यात्रियों की आगे की कनेक्टिंग फ्लाइट भी छूट गईं। इधर, इंडिगो द्वारा चेन्नई की उड़ान निरस्त किए जाने से यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ गईं। हालांकि एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौसम में सुधार के बाद ही उड़ानों का संचालन शुरू किया गया।

## फ्लाइट में बच्चे की तबीयत बिगड़ी, इंदौर में इमरजेंसी लैंडिंग

इंदौर में जयपुर से बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में सवार एक साल के बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बच्चे को सांस लेने में गंभीर परेशानी हो रही थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट मंगलवार को जयपुर से शाम 5:30 बजे रवाना होकर रात 8:10 बजे बेंगलुरु पहुंचने वाली थी। यात्रा के दौरान विमान में सवार एक साल के बच्चे को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिसकी सूचना परिजनों ने तुरंत एयर होस्टेस को दी।

स्थिति गंभीर होने पर पायलट ने नजदीकी एयरपोर्ट इंदौर से शाम करीब 7:20 बजे संपर्क किया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को इंदौर एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति दी और एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। इलाज के लिए एयरोब्रिज पर ही डॉक्टरों की टीम तैनात कर दी गई।

शाम 7:50 बजे विमान के लैंड करते ही बच्चे को तुरंत बाहर लाया गया। विमान में मौजूद एक डॉक्टर पहले से ही बच्चे को सीपीआर दे रहे थे। इंदौर एयरपोर्ट पर मौजूद डॉक्टरों ने भी लगातार सीपीआर देते हुए बच्चे को एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे डॉल्फिन हॉस्पिटल रेफर किया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो चुकी थी।

## न्यूज-कॉलम



## 51.58 करोड़ रुपये की सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी मिली

**नेपानगर।** नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 51.58 करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिससे 2033 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी और धूलकोट सहित पूरे जनजातीय अंचल की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। विधायक मंजू दादू की मेहनत से ये परियोजनाएं मिली हैं। तीन परियोजनाएं हैं - फूल धावड़ी डेम, कालमाटी बैराज और रेतघाट बैराज। इससे धूलकोट क्षेत्र के 35-40 गांवों को फायदा मिलेगाष इन परियोजनाओं से हजारों किसान लाभान्वित होंगे, खेतों को नियमित पानी मिलेगा, भू-जल स्तर सुधरेगा और खेती फायदे का सौदा बनेगी। इससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा और गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के समग्र विकास की बुनियाद सिंचाई है। जनजातीय बहुल इलाकों में पानी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है । नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में एक तालाब और दो बैराज का निर्माण किया जाएगा, जिससे 2033 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 51 करोड़ 58 लाख 4 हजार रुपए है ।

## एसडीओपी बृजेश मालवीय खरगोन से स्थानांतरित होकर मनावर आए

**मनावर।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) पद पर



अनुभवी दबंग पुलिस अधिकारी एसडीओपी बृजेश कुमार मालवीय को खरगोन से मनावर स्थानांतरित किया गया। जिससे मनावर नगर तथा विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर छा गई। एसडीओपी बृजेश कुमार मालवीय के पदस्थ होने पर क्षेत्र की आपराधिक तथा अवैध गतिविधियो पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## पंच परिवर्तन विषय को केंद्रित कर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

**मनावर।** पंच परिवर्तन विषय को केंद्रित कर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन गुरूवार रात्रि को श्रीराम मंदिर,परिसर नदी किनारे,मनावर में श्रीमद् भागवत कथा पांडाल में किया जाएगा । जिसमें हास्य कवि संदीप यादव राजगढ़, गीतकार अजय पाटीदार बड़वेली, ओज स्वर आशीष त्रिवेदी भोपावर, कवियित्री दीपिका व्यास मनावर, कवियित्री प्रियांशी कालापीपल,ओज कवि पंकज प्रखर सिंघाना, गीतकार दीपक पटवा मनावर काव्य पाठ करेंगे । संचालन राम परिंदा और संयोजक की भूमिका नीतेंद्र मंडवाल नीत निभाएंगे । कविगण पंच परिवर्तन में कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण जागरूकता और नागरिक कर्तव्यों पर अपनी रचना पाठ को केंद्रित रखते हुए , हास्य,वीर, श्रृंगार और व्यंग्य की रचनाएं पढ़ेंगे ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में खनिज ब्लॉक को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक

**आलीराजपुर,।** खनिज ब्लॉकों के संबंध में शासन द्वारा गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्य के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत आलीराजपुर, एसडीएम जोबट, एसडीएम चन्द्र शेखर आजाद नगर, अधीक्षक भू-अभिलेख, जल संसाधन विभाग के प्रमुख प्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख प्रतिनिधि एवं जिला खनिज अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान खनिज ब्लॉक की प्रक्रिया किए जाने के संबंध में शासन के दिशा-निदेशों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# नेपानगर में लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र महिलाओं को लाभ बंद होने का मामला सामने आया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



नेपानगर नगरीय क्षेत्र में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में पात्र महिलाओं का लाभ अकारण बंद होने का मामला सामने आया है। इस विषय को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं जन प्रतिनिधि राजेश पटेल लारा ने पूर्व में ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नेपानगर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को लिखित रूप में आवेदन देकर अवगत कराया था, किंतु अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

लाड़ली बहना योजना के दो चरण में नेपानगर नगरीय क्षेत्र से 4698 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 4241 महिलाएँ पात्र पाई गईं। इसके बावजूद तकनीकी एवं प्रशासनिक त्रुटियों के कारण 29 महिलाओं के नाम समग्र से, 06 महिलाओं के नाम आधार से समग्र डिलीट, तथा 05 महिलाओं को बिना आवेदन किए ही परित्याग दर्शा दिया गया, जिससे उनका लाभ बंद हो गया।

इस गंभीर जनसमस्या को लेकर आज जनसुनवाई में प्रभावित लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं। जनसुनवाई में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सृजन वर्मा एवं अपर कलेक्टर वीर सिंह चौहान की उपस्थिति में यह मामला प्रमुखता से रखा गया। अधिकारियों ने विषय की गंभीरता को समझते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी लाड़ली बहनों के लाभ बंद होने के कारणों की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए तथा तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पार्षद सपना पटेल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आत्मसम्मान और जीवन-यापन से जुड़ी योजना है, और जनता की समस्याओं को समझना एवं उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करना ही जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है।

राजेश पटेल लारा ने कहा कि आंदोलन उद्देश्य नहीं है, समाधान लक्ष्य है। यदि प्रशासनिक या तकनीकी त्रुटि के कारण पात्र महिलाओं का लाभ बंद हुआ है तो उसे शीघ्र सुधार कर बहनों को उनका अधिकार दिलाया जाना चाहिए। प्रशासन द्वारा शीघ्र निराकरण के आश्वासन के बाद प्रभावित महिलाओं में समाधान की आशा जगी है।

## ग्राम आम्बुआ में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी



**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे और तहसीलदार सुश्री मंजू डावर द्वारा आम्बुआ क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया था साथ ही पूर्व में ही डोडी पिटवा कर सूचना दी गई थी,जिसमें उन्हें स्वयं अपने स्तर पर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। सूचना के बाद कुछ जागरूक नागरिकों ने प्रशासन का सहयोग करते हुए स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लिया। वहीं, जिन नागरिकों द्वारा निर्धारित समयावधि में अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे के नेतृत्व में राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### टांडा सरकारी अस्पताल में अव्यवस्था का अम्बार

# घर से ग्रामीणों को लाना पड़ती है चद्दर और कम्बल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टाण्डा



धार जिले की बाग जनपद पंचायत के ग्राम टांडा मे शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजो के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़ ,शासन- प्रशासन के दावे जमीनी स्तर पर फैल। सरकार हो या जिला स्वास्थ्य विभाग मरीजों को बेहतर सुविधा देने के दावे करता है, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। टांडा नगर के अस्पताल में मरीजों के बेड पर चादर नहीं बिछाई जा रही है।इससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। मरीजों को मजबूरन बिना चादर वाले बेड पर ही लेटना पड़ रहा है।

यह अस्पताल नगर का एकमात्र सरकारी अस्पताल है। यहां टांडा की अनेको पंचायतों के मरीज इलाज कराने आते हैं। वही प्रसव के लिए भी क्षेत्र कि महिलाओं को लाया जाता है । परंतु बदलते मौसम और ठंड मरीजो में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में बिना चादर वाले बेड पर मरीजों को रखना संक्रमण को न्योता देने जैसा है। ग्रामीण मरीजों का कहना है कि उन्हें यह भी नहीं पता चलता कि पहले इस बेड पर कौन सा मरीज था और उसे कौन सी बीमारी थी।

स्वास्थ्य विभाग के नियम के अनुसार, हर दिन बेड पर अलग रंग की चादर बिछाई जानी चाहिए। लेकिन अस्पताल प्रबंधन सें यह नियम पालन नहीं हो रहा। मरीज को अस्पताल में साफ-सफाई और बेड पर चादर नही बिछाने में घोर लापरवाही हो रही है।इस संबंध मे जब ड्यूटी कर रहे हैं डॉक्टर से चर्चा की तो उन्होंने गोल मोल जवाब दे कर पल्ला झाड लिया।

**घर से चादर लाने को मजबूर मरीज**

शास्किय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा मे भरती मरीजों के परीजनों से चर्चा मे मालुम हुआ कि डिलेवरी करने को हमारे घर कि महिला के साथ आये हुए हैं परंतु हमे सरकारी अस्पताल मे मिलने वाली सुविधा की जानकारी नही और ना बताई गई है?

ठंड से बचने के लिए मरीजों और उनके परिजनों को मजबूरन अपने घर से चादरें और कंबल लाने पड़ते हैं।

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ सख्ती, पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा सभी अधिकारियों को अपने अपने कार्यक्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण कर जांच करने के निर्देश दिए गए है। इसी के तहत आलीराजपुर तहसीलदार श्रीमती सविता राठी ने नगर में पतंग विक्रय दुकानों का निरीक्षण किया। वहीं जोबट नगर में तहसीलदार श्री सुनील राणा एवं नगर पालिका अधिकारियों ने अपने कार्य क्षेत्र में स्थित पतंग विक्रय की दुकानों का निरीक्षण किया गया। साथ ही उदयगढ़ और कट्ठीवाड़ा नगर में भी राजस्व अधिकारियों द्वारा पतंग विक्रय दुकानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान दुकानों में उपलब्ध मांझे की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से दुकानदारों को प्रतिबंधित चाइनीज मांझा न बेचने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई।

विदित हो कि जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा जिले की राजस्व सीमा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 की धारा 163(1) के तहत चाइना मेड नायलॉन डोर के क्रय विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। जिला प्रशासन ने दुकानदारों से अपील की कि वे जनहित एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल वैध और सुरक्षित सामग्री का ही विक्रय करें।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत किए जा रहे हैं कार्यों का किया अवलोकन

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा मंगलवार को राजपुर विकासखंड के भ्रमण के दौरान नगर के ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों की समीक्षा की और ग्राउंड पर कचरा निपटान की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कचरा निपटान की पूरी प्रक्रिया स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया, ताकि शहर से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सफाई व्यवस्था केवल निरीक्षण तक सीमित न रहे, बल्कि इसमें निरंतरता बनाए रखी जाए। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को शत-प्रतिशत प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में श्त्त्श केंद्रों को सक्रिय करने के निर्देश दिए। घरों और नालियों से निकलने वाले गंदे पानी के प्रबंधन पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अपशिष्ट जल का सही प्रबंधन न केवल स्वच्छता के लिए जरूरी है, बल्कि जल स्तर सुधारने के लिए भी आवश्यक है। इस दौरान एसडीएम राजपुर श्री कुमार सानू देवड़िया, नगर परिषद राजपुर सीएमओ श्री जगदीश घनगर, तहसीलदार श्री गणपत सिंह डावर एव अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शीतलहर और गिरते तापमान के कारण स्कूलों के समय मे परिवर्तन

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा शीतलहर और गिरते तापमान के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले के विद्यालयों के संचालन समय में महत्वपूर्ण बदलाव के आदेश जारी किए गए हैं। स्कूलों का नया समय अब सुबह 10 बजे से प्रारंभ होंगे। यह आदेश जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त और सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर लागू होगा। यह समय परिवर्तन कक्षा नर्सरी से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए प्रभावी है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है ।

# जनसुनवाई में आए 71 वर्षीय बुजुर्ग को मिली कान की मशीन

**बड़वानी।** प्रति मंगलवार कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में जन समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है इसी कड़ी में पलसूद (राजपुर) निवासी 71 वर्षीय श्री रामेश्वर पिता शिवराम के जीवन में उस समय नई उम्मीद जागी, जब उन्हें प्रशासन के सहयोग से सुनने में होने वाली समस्या से निजात मिली। ग्राम पलसूद के निवासी श्री रामेश्वर पिछले काफी समय से कम सुनाई देने की समस्या (श्रवण बाधिता) से जूझ रहे थे। इस कारण उन्हें अपनी दिनचर्या और सामाजिक मेल-मिलाप में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने जनसुनवाई में उपस्थित होकर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह को अपनी इस समस्या से अवगत कराया था। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने आवेदन की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग को बुजुर्ग की जांच कर आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निदेशों के पालन में विभाग द्वारा श्री रामेश्वर को निःशुल्क कान की मशीन प्रदान की गई। कान की मशीन प्राप्त होने के बाद श्री रामेश्वर ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें लोगों की बातें स्पष्ट सुनाई देंगी, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या बहुत सुगम हो जाएगी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-18**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- मुकेश कुमार पिता धरमचंद बेताला क्रेता- गजेन्द्र पिता रविन्द्र राठी वार्ड क्र.63 पता- 36, जानकी नगर एनेक्स इन्दौर पिन- 1001313340 वार्ड क्रं. 19 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-18 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-21**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्रीमती कीर्ति मुसला ओंकार पति विजय मुसलाओंकार पता- प्र.क्रं. 305 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी तीसरी मंजिल व्ही-8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-21**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्रीमती ऊमा श्रीवास्तव पति अनिल श्रीवास्तव, अंकिता श्रीवास्तव पिता अनिल श्रीवास्तव पता- प्र.क्रं. 304 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी तीसरी मंजिल व्ही-8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-21**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-ममता लाड पति महेन्द्र कुमार लाड पता- प्र.क्रं. 405 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी चतुर्थ मंजिल व्ही-08 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-21**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-विवेक जोशी पिता भूषण जोशी पता- प्र.क्रं. 101 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी प्रथम व्ही-08 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- भावना पति पार्थो कोवटा क्रेता- धर्मेश पिता लालकिशन शाक्यवार वार्ड क्रं. 33 पता- 102 विनय विहार इन्दौर पिन- 1000945968 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- ब्रजेश प्रसाद पिता विरेन्द्र कुमार क्रेता- जितेन्द्र पिता आलोकचंद बिरला वार्ड क्रं. 34 पता- 1006 सेक्टर-ए-2 स्कीम नं. 136 इन्दौर पिन- 1004463119 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-7**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्रीमती निरुपमा पति श्री अजय प्रधान क्रेता- योगेश कुमार पिता श्री रणवीरसिंह वार्ड क्रं. 34 पता- 1329 प्र.क्रं. जी-2 तिरुपति आर्केड स्कीम नं. 114 प्रथम इन्दौर पिन- 1000991215 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-21**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्री मयंक कुमार मिश्रा पिता अरुण कुमार मिश्रा पता- प्र.क्रं. 205 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी द्वितीय मंजिल व्ही-8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-21**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्रीमती किरण पांडेय पति श्री सुशील पांडेय पता- प्र.क्रं. 501 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी पांचवी मंजिल व्ही-8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-21**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्रीमती आयुषी चौबे पति श्री सुरेश कुमार चौबे पता- प्र.क्रं. 502 श्रीराम वाटिका फेस-2 पैकी पांचवी मंजिल 8 सिलिकान सिटी ग्राम निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001188211 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-15**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती भावना जैन पति सचिन जैन पता-42-ए सेक्टर एल.आई.जी. बी स्कीम नं. 71 इन्दौर पिन- 1001246386 वार्ड क्रं. 19 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-15 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री नरेन्द्र महाजन पिता स्व. रामनिवास पता- मकान नं.2 पंचकुईया गोदाम इन्दौर पिन- 1000851208 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती सुखीदेवी कुमावत पति श्री नानालाल पता-247 सुखदेव नगर पैकी भाग इन्दौर वार्ड क्रं. 4 पिन-1000831591 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

## खास न्यूज

### बदमाशों ने मांगा हफ्ता, नहीं देने पर मारे चाकू



उज्जैन। देसाईनगर में रहने वाला चिराग पिता नंदकिशोर सेन गैरेज संचालित करता है। रात में वह कंचनपुरा बगीचे के पास से गुजर रहा था। उसी दौरान कंचनपुरा में रहने वाले बदमाश गोविंदा और उसके साथी ने रोक लिया। बदमाशों ने मोहल्ले में आने और घूमने के एवज में हर हफ्ते 500 रूपये हफ्ता देने की बात कहीं। चिराग ने रूपये देने से मना किया तो गोविंदा ने अपने साथी के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया। माधवनगर थाना एएसआई एमएस अलावा ने बताया कि घायल को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके बयान दर्ज कर मामले में बदमाशों के खिलाफ हफ्ता वसूली और नुकुली चीज से मारने का प्रकरण दर्ज किया गया है। गोविंदा हिस्ट्रीशिटर बदमाश है। जिसकी गिरफ्तारी पर उसके साथियों की जानकारी सामने आ पायेगी।

### मिस्त्री पर अज्ञात बदमाशों ने पीछे से किया हमला

उज्जैन। ग्राम ऊंटवास में रहने वाला विरेन्द्र पिता राजेन्द्रसिंह मिस्त्री का काम करता है। वह ग्राम खरसौदकला गया हुआ था। जहां से मंगलवार-बुधवार रात बाइक से अपने गांव लौट रहा था। घर से कुछ दूरी पर पीछे से आये 2 बदमाशों ने लाठियों से हमला कर दिया। विरेन्द्र सिर में चोंट लगने पर घायल हो गया। गांव वालों ने उसे देखा तो परिजनों को सूचना दी। पत्नी और भाई घटनास्थल पहुंचे और विरेन्द्र को उपचार के लिये उज्जैन अस्पताल लाया गया। घायल का कहना था कि वह हमला करने वालों का नहीं पहचानता है। किसी से कोई रंजीश भी नहीं है। ऐसा ही मामला महिदपुर के ग्राम सेमलिया में हुआ। बनेसिंह पिता प्रहलादसिंह भाटी 32 साल बाइक से घर लौट रहा था। गांव में हनुमान मंदिर के सामने उसे कुछ बदमाशों ने रोक लिया और बिना कारण गाली-गलौच करते हुए लोहे के पाईप से हमला किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

### खेत से गाड़ी निकालने की बात पर हुआ विवाद

उज्जैन। भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम लसुडिया में ईश्वर पिता मोहनलाल परमार अपने खेत में उगाये गये मटर की फसल तोड़ने के बाद पिकअप में भरकर निकला रहा था। उसी दौरान पड़ोसी खेत मालिक नागेश्वर के खेत में पिकअप का पहिया उतर गया। इसी बात पर नागेश्वर ने विवाद करते हुए अपने रिश्तेदार धर्मेन्द्र के साथ मिलकर लाठियों से हमला कर दिया। मामले में भाटपचलाना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### आयशर चालक की लापरवाही से हुई थी युवक की मौत

उज्जैन। तराना-खारपा मार्ग पर 19 दिसंबर को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार राहुल पिता रामचंद्र गोयल 28 साल निवासी ग्राम बिकलाखेड़ी बेरछा शाजापुर की मौत हो गई थी। कायथा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। इस दौरान सामने आया कि मृतक की बाइक को आयशर चालक ने टक्कर मारी थी। जिसके चलते राहुल की मौत हुई थी। प्रधान आरक्षक संतोष चोडिया ने बताया कि जांच के बाद आयशर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में धारा 281, 125 ए, 106 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। आयशर जप्त कर चालक को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

## बैंककर्मी की समझदारी, पुलिस समझाईश से टली ठगी

# ठगों की जाल में 24 घंटे फंसे रहे सेवानिवत्त आर्मी अधिकारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आर्मी से सेवानिवृत्त अधिकारी को सायबर ठगों ने 24 घंटे तक डिजीटल अरेस्ट कर रखा और गिरफ्तारी से बचने के लिये 3 लाख की मांग करते रहे। बैंककर्मी की समझदारी और पुलिस की समझाईश के बाद ठगी की वारदात टल गई। सेवानिवृत्त अधिकारी और उनकी पत्नी को डिजीटल अरेस्ट से मुक्त कराकर पुलिस ने मामले का खुलासा किया।

बुधवार दोपहर को नईसड़क भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सिनियर एसोसिएट प्रियांक ने बैंक आये वृद्ध को लगातार फोन पर बात करते और काफी घबराई हालत में देखा। वह अपने खाते से 3 लाख का आरटीजीएस कराना चाहते थे। उन्हे देख सिनियर एसोसिएट को संदेह हुआ। उन्होने तत्काल अपनी रिश्तेदार खाचरौद एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे को जानकारी दी। एसडीपीओ ने वाट्सएप ग्रुप पर जानकारी शेयर कर राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया। माधवनगर सीएसपी दीपिका शिंदे और कोतवाली सीएसपी



राहुल देशमुख ने बैंक शाखा प्रबंधक से फोन पर चर्चा की और खाताधारक को कुछ देर रोकने के साथ आरटीजीएस प्रक्रिया में जल्दबाजी नहीं करने की बात कहीं। दोनों सीएसपी तत्काल दोपहर 3 बजे के लगभग बैंक पहुंच गये। उन्होने खाताधारक से पूछताछ की लेकिन वह आरटीजीएस करने पर अड़े रहे। दोनों अधिकारियों ने वृद्ध खाताधारक को समझाने का प्रयास किया, बमुश्किल वह समझे लेकिन उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। मामला डिजीटल अरेस्ट से जुड़ा था, सायबर ठगों ने उन्हे मनी लॉड्रिंग का झांसा देकर मंगलवार दोपहर से अपने जाल में फंसा रखा था और गिरफ्तारी का भय दिखा रहे थे। एसपी प्रदीप शर्मा ने देर शाम मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सायबर ठगों के जाल में फंसे वृद्ध ग्राम लेकोड़ा के रहने वाले है और आर्मी लेफ्टिनेंट के पद से सेवानिवृत्त है। सेवानिवृत्ति के बाद वह गांव में परिवार के साथ रहने आये हुए है। उन्हे डिजीटल अरेस्ट के भय से मुक्त करा लिया गया है। वहीं मामले में ठगों द्वारा उनके वाट्सएप पर भेजे गये फर्जी दस्तावेजों की जांच शुरू की गई है। ठगों से जुड़े मामले का पता लगाकर उसका भी खुलासा किया जायेगा।

### गोपनीय समझौते की शर्तो का भेजा पत्र

सेवानिवृत्त आर्मी अधिकारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर को आये कॉल के बाद काफी देर तक डराया-धमकाया गया और गिरफ्तारी का डर दिखाते रहे। उन्होने गोपनीय समझौते का पत्र भेजा। जिसमें आईपीसी की धारा के साथ मनी लॉड्रिंग का उल्लेख किया गया था और न्यायिक अधिकारियों के पास भेजने की बात कहीं गई। देश नहीं छोड़ने के साथ पत्र में सजा का प्रावधान भी बताया गया। सब बातों से बचने के लिये 3 लाख की मांग की गई। वह बुधवार दोपहर बैंक 3 लाख का आरटीजीएस करने पहुंचे थे। लेकिन उज्जैन पुलिस की तत्परता से वह ठगी का शिकार होने से बच गये।

### वीडियो कॉल पर रहे रातभर सोने नहीं दिया

सेवानिवत्त लेफ्टिनेंट से बताया कि मंगलवार दोपहर उनके पास वाट्सएप पर कॉल आया था। उन्होने मुम्बई पुलिस अधिकारी बताकर कहा कि केनरा बैंक में आपका अकाउंट है। जिसमें ढाई करोड़ रूपये जमा है, मामला फ्रॉड का है। उन्होने कॉल धारक को कैनरा बैंक में आकाउंट नहीं होने की बात कहीं तो उन्होने कहा कि उनके नाम से सीम कार्ड का उपयोग मनी लॉड्रिंग में हुआ है। एटीएम कार्ड संदिग्ध के नाम पर है जिसे मुम्बई सीबीआई ने जप्त किया है। अब तक 136 की गिरफ्तारी हो चुकी है और आप 137 नम्बर पर है। उन्होने वाट्सएप कॉल पर ही पुलिस कार्यालय जैसा दृश्य दिखाया। कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा भी बात की गई। बॉम्बे हाईकोर्ट के नाम से गिरफ्तारी वारंट भी भेजा। वह काफी डर गये थे। कॉल करने वालों ने रातभर सोने भी नहीं दिया।

# पड़ोसी ने ही चुराये थे दवा कारोबारी के मकान से लाखों रुपए के आभूषण

## पुलिस ने लिया हिरासत में आभूषण-नगदी बरामद करने का प्रयास

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

दवा कारोबारी के मकान में संदेहास्पद तरीके से हुई लाखों की चोरी के मामले में पड़ोसी आरोपी होना सामने आया है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ कर चोरी किये आभूषण और नगदी बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के ओम सांई अपार्टमेंट में रहने वाले मयूर पिता सुनील कुमार कृष्णानी दवा कारोबारी है। दवा बाजार में वह व्यवसाय करते है। 11 दिंसबर को उनकी पत्नी मायके रायपुर चली गई थी। इस दौरान मयूर कृष्णानी मकान का ताला लगाकर दवा बाजार चले जाते थे। 31 दिसंबर को पत्नी मायके से लौटी और रूपयों की आवश्कता होने पर चाबी मांगकर लॉकर खोला। उसमें रखे सोने-चांदी और डायमंड आभूषण लगभग लगभग 500 ग्राम, चांदी के सिक्के 500 ग्राम और 12 से 15 लाख केश गायब थे। बिना ताला टूटे हुए लाखों की चोरी से परिवार सकते में आ गया। उन्होने पहले घर में तलाश की लेकिन नहीं मिले। घर के सामने रहने वाले लविश टहलवानी के यहां लगे कैमरों के फुटेज देखने के लिये मांगे तो उसने रिकार्डिंग डिलीट होने की बात कहीं। उससे डीवीआर मांग गया और रिकार्डिंग रिकवर कराने की बात कहीं। वह आनाकानी करने लगा।

जिसके चलते उस पर ही संदेह होने लगा। डीवीआर लेकर रिकार्डिंग कराने के लिये परिचित से संपर्क किया गया। इसी बीच लविश ने उक्त दुकानदार को कॉल कर जानकारी देने से मना कर दिया। इस बात का पता चलते ही मयूर को चोरी का पक्का संदेह पडोसी पर हो गया। मामले की शिकायत बुधवार को नीलगंगा थाने पहुंचकर की गई। पुलिस ने लविश को हिरासत में लिया तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार लाखों की चोरी का खुलासा होने पर आरोपित से पूछताछ कर माल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।



### चोरी के रूपयों से कर्ज चुकाया, खरीदा मोबाईल

बताया जा रहा है लविश का मयूरी के घर आना जाना था। उसे घर की जानकारी थी। उसने मकान की दो चाबी में से एक चाबी चोरी कर ली थी। 11 दिसंबर को मयूर की पत्नी के मायके जाते ही लविश ने चोरी की योजना बनाई। मसूरी भी सुबह से देर शाम तक दवा बाजार में प्रेम मेडिकल फार्मा पर रहते थे। इसी का फायदा उठाकर उसने चाबी से ताला खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नगद राशि चोरी करने पर उसने अपना कर्ज उतारा, कुछ आभूषण बेच दिये और मोबाइल के साथ बाइक खरीद ली। पुलिस चोरी से खरीदे सभी सामान की बरामदगी का प्रयास कर रही है।

### राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष सतीश राठौर की माताजी का उठावना एवं श्रद्धांजली कार्यक्रम आज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



अतः दुख के साथ सूचित किया जाता है राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी एवं समाज रत्न स्व.गेदालाल जी राठौर (जावरा वाले) की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश राठौर,राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट उज्जैन के पूर्व अध्यक्ष सतीश राठौर एवं विजय राठौर की पूज्यनीय माताजी 100 वर्ष पूर्ण कर के श्री जी के धाम श्रीमती रतनबाई राठौर का स्वर्गवास दिनांक 6 जनवरी मंगलवार हो गया। जिनका उठावना दिनांक 8 जनवरी 2026 वार्‌गुरुवार को प्रातः 11.00 बजे्स्थान मनोरमा गार्डन अरविंद नगर कोयला फाटक उज्जैन पर रखा गया है।

### वाहनों पर लगाए एंटी डोर प्रोटेक्टर

**उज्जैन।** पतंग उत्सव पर शहर में सड़क पर आवागमन करने वाले नागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन पुलिस द्वारा डोर से सुरक्षा के लिए एक विशेष जनहितकारी अभियान संचालित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को उड़ती हुई पतंग के मांझे से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं एवं गंभीर चोटों से सुरक्षित रखना है। उज्जैन पुलिस द्वारा इस अभियान के अंतर्गत 50 से ज्यादा दोपहिया वाहनों पर एंटी डोर प्रोटेक्टर लगाए, जो वाहन चालकों के लिए एक प्रभावी सुरक्षात्मक उपाय है।

# वाहन चोर निकला जहरीली शराब के साथ पकड़ाया बदमाश

### बदनवार मार्ग पर झाडियों में छुपाकर रखी थी चुराई बाइक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बदनावर की ओर से बड़नगर की ओर अवैध शराब लेकर आ रहे बदमाश की खबर मिलने पर बुधवार को पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। उसके पास से जहरीली शराब से भरी केन बरामद की गई। पूछताछ में उसने बाइक चोरी करना भी कबूल कर लिया। पुलिस ने झाडियों में छुपाकर रखी बाइक बरामद की है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि कस्बा भ्रमण के दौरान खबर मिली थी कि भेरू मंदिर के पास बदनावर रोड से एक व्यक्ति थैली में कच्ची हाथ भट्टी से बनी शराब की केन छुपाकर बड़नगर की ओर आ रहा है। तत्काल एसआई हेमंत कटारे, एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, नारायण सरा, राकेश रायकवार की टीम को घेराबंदी के लिये रवाना किया गया। टीम ने बदनावर मार्ग पर घेराबंदी कर थैली में प्लास्टिक की केन छुपाकर ला रहे व्यक्ति का पकड़ा और तलाशी ली। उसके पास से केन में भरी 10 लीटर जहरीली शराब बरामद हो गई। थाने लाकर पूछताछ करने पर आरोपी का नाम सुभाष पिता सिमुन राणा निवासी बड़ी धामनी थाना थांदला जिला झाबुआ होना सामने आया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34, 49-ए का प्रकरण दर्ज किया गया। अन्य मामलों में पूछताछ करने पर उसने बाइक चोरी की वारदात भी कबूल कर ली। वाहन चोरी का खुलासा होने पर चोरी की बाइक बरामद करने का प्रयास किया गया। जो उसने बदनावर मार्ग पर झाडियों में छुपाकर रखना कबूल किया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसकी निशानदेही पर बाइक बरामद की। जो एक दिन पहले ही सजन पार्क बड़नगर से चोरी की गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार बाइक चोरी की शिकायत सुनील पिता मांगीलाल चंदेल ने दर्ज कराते हुए बताया था कि बाइक क्रमांक एमपी 13 ईएस 1746 उसके घर के समाने से चोरी हुई है। जिसे अवैध शराब के साथ हिरासत में आये बदमाश से बरामद कर लिया गया है। आरोपी बदमाश के खिलाफ चोरी की धारा का इजाफा कर उसे बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।



**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं जिला विवाह पंजीयन अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

क्र./537/प्रवा.-2/विवाह पंजी./2026
राजगढ़, दिनांक 01/01/2026

**-::विज्ञप्ति::-**

आवेदक श्री राजेश बंसल पिता ओमप्रकाश बंसल निवासी ग्राम लखनवास तहसील सुठालिया जिला राजगढ़ म.प्र. एवं आवेदिका स्मिता पिता उमराव सिंह निवासी ग्राम मूंदीखेडी तहसील सोनकच्छ जिला देवास म.प्र. के द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत् रजिस्टर में विवाह की प्रविष्टी के लिए विवाह पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विवाह पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र पर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत् विवाह पंजीयन की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है।

हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा-6 (3) के तहत् सूचना के प्रकाशन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो पेपर प्रकाशन के दिनांक से एक माह की अवधि के अन्दर या दिनांक 30/01/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थिति होकर या अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर से विज्ञप्ति जारी की गयी।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह पंजीयन अधिकारी जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

# वृद्ध की पेड़ पर महिला की घर में लटकी मिली लाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मायके में रह रही महिला और शराब पीने के आदी वृद्ध ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वृद्ध की पेड़ पर लाश लटकी थी, महिला को घर दरवाजा तोड़कर फंदे से उतारा गया।

पहला मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के प्रेम एवेन्यू कालोनी के गेट से कुछ दूरी पर दोपहर में सामने आया। पेड़ पर रस्सी के फंदे से वृद्ध का लटका देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का नीचे उतारा, उसकी पहचान करने पर सामने आया कि समीप कालोनी अपना नगर का रहने वाला देवीलाल पिता फूलसिंह 55 साल है। परिजन खबर मिलते ही मौके पर पहुंच गये थे। परिजनों ने बताया कि देवीलाल दूध का व्यवसाय करता था। उसके ब्रेन का ऑपरेशन हो चुका है, डॉक्टरों ने शराब पीने से मना किया था, बावजूद 4 दिनों से दिन-रात शराब पी रहा था। सुबह भी घर से निकल गया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल भेजा।

फांसी लगाने का दूसरा मामला पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम सैलारी का है। यहां रहने वाली तनुबाई पति सोनू बंजारा 23 साल ने घर का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली थी। दोपहर में 3 बजे के लगभग परिजन घर लौटते तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच दरवाजा तोड़ा। तुनबाई फंदे पर लटकी हुई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि 2022 में ग्राम रणाहेड़ा में शादी की थी। लेकिन पारिवारिक विवाद के चलते डेढ साल से मायके में रह रही थी। उसने फांसी क्यों लगाई, इसकी वजह पता नहीं है। पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर के अनुसार मर्ग कायम किया गया है।

### 25 को होगा राहगीरी आनंदोत्सव

**उज्जैन।** उज्जैन में 11 जनवरी को होने वाले राहगीरी आनंदोत्सव अब 25 जनवरी रविवार को होगा। राहगीरी में सीएम डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। सर्दियों के मौसम में हर साल होने वाली राहगीरी आनंदोत्सव की शुरूआत 25 जनवरी की सुबह कोठी रोड पर होगी। मुंगी चौराहे से कोठी पैलेस तक होने वाले आयोजन में विभिन्न कलाकार तो अपनी प्रस्तुति देंगे ही इस बार मुख्य आकर्षण लोक कलाकार भी होंगे।

**THE PANCHMAHAL DISTRICT CO-OPERATIVE MILK PRODUCER'S UNION LTD.**
**LUNAWADA ROAD, P. B. NO. 37, GODHRA-389001**
**E TENDER NOTICE**
**(Tender Reference GD/T-M/2025-26/52)**

The tender is invited by The Panchmahal District Co-operative Milk Producer's Union Ltd for the appointment of agency for **1. Supply, Erection, Testing and Commissioning (for site basis) of Paneer Whey Separator at Ujjain Plant (Madhya Pradesh) for Panchamrut Dairy.** The interested bidders/agencies may download the tender documents from website **tenders.nprocure.com** from 08/01/2026 to 16/01/2026. Last date of submission online 21/01/2026 and last date of hard copy submission 23/01/2026. The Dairy reserves the rights to reject any or all tenders or accept any tender without assigning any reason thereof.

**MANAGING DIRECTOR**
**PDCMPUL-GODHRA**

**समूह-01 उप समूह-02 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2025 के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना**

मण्डल द्वारा समूह-01 उप समूह-02 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2025 हेतु नियम पुस्तिका जारी की गई है, जिसमें संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, भोपाल अंतर्गत एसोसिएट प्रोफेसर पोस्ट कोड 77 एवं असिस्टेण्ट प्रोफेसर पोस्ट कोड 78 हेतु केवल महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था, परंतु विभागीय पत्र अनुसार नियम पुस्तिका में संशोधन करते हुए उक्त पद हेतु सभी **श्रेणी/संवर्ग** के महिला/पुरुष अभ्यर्थी को आवेदन करने का प्रावधान किया गया है, तदनुसार संशोधित नियम पुस्तिका आरक्षण तालिका सहित मण्डल की बेवसाइट पर उपलब्ध है।
परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए, ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने संबंधी तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| स. क्र. | पूर्व में निर्धारित तिथियां | संशोधित तिथियां |
|---|---|---|
| 01. | आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि- 07.01.2026 | आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि- 13.01.2026 |
| 02. | आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि- 12.01.2026 | आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि- 15.01.2026 |

शेष शर्तें/जानकारी पूर्वानुसार यथावत रहेंगी।
विज्ञापन क्र. 95/2026

संचालक
**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
चयन भवन, चिनार पार्क (ईस्ट) मेन रोड नं. 1, भोपाल-462011
म.प्र. माध्यम/123880/2026

# आप अकेले नहीं



इस ब्रह्मांड में कोई भी मनुष्य वास्तव में असहाय या अकेला नहीं है। मनुष्य अक्सर यह मान लेता है कि धन, संपत्ति और बाहरी साधन ही जीवन का सबसे बड़ा सहारा हैं। यह धारणा अधूरी ही नहीं, भ्रामक है। धन एक सीमित वस्तु है- वह आता है और चला जाता है। जो स्वयं नश्वर है, वह किसी को स्थायी सहारा कैसे दे सकता है? इसी प्रकार, शरीर, वस्त्र और भौतिक साधन भी अस्थायी हैं। वे स्थायी आश्रय नहीं बन सकते।

स्थायी आश्रय वही हो सकता है, जिसका अस्तित्व अनादि और अविनाशी है। वही परम पुरुष है, जो इस सृष्टि का मूल आधार है। परम पुरुष ने इस संसार को अराजक नहीं छोड़ा, बल्कि एक व्यवस्था के अंतर्गत इसे संचालित किया है। इस व्यवस्था में अनुशासन, दंड और सुधार- तीनों का स्थान है। इसके मूल में कठोरता नहीं, बल्कि गहरा प्रेम और करुणा छिपी है। माता-पिता जैसे कभी-कभी बच्चे को अनुशासित करते हैं, वैसे ही यह दैवी व्यवस्था भी मनुष्य को सही दिशा देने के लिए कार्य करती है, इसलिए मनुष्य को जीवन की कठिनाइयों से भयभीत नहीं होना चाहिए। जब इस ब्रह्मांड की सर्वोच्च शक्ति आपके साथ है, तो चिंता और आशंका का औचित्य नहीं रह जाता। जीवन में आपके सामने कर्तव्य की पुकार है और उस कर्तव्य को निभाने के लिए आवश्यक शक्ति भी आपको पहले से प्रदान की जा चुकी है। परम पुरुष से बार-बार शक्ति मांगने की आवश्यकता नहीं। जो शक्ति आपको मिली है, उसका उपयोग करना ही आपकी जिम्मेदारी है। अक्सर लोग प्रार्थना करते हैं, ह्यहे भगवान, मुझे शक्ति दीजिए, लेकिन जब तक आपके भीतर दी गई शक्ति शेष है, तब तक मांगने का प्रश्न ही नहीं उठता। पहले उस शक्ति का उपयोग कीजिए। केवल तभी, जब आप सचमुच अपनी सारी ऊर्जा, बुद्धि और सामर्थ्य लगा चुके हों, विनम्र भाव से कह सकते हैं, ह्यमैंने जो शक्ति पाई थी, उसका उपयोग कर लिया है। मुझे और सामर्थ्य दीजिए।ह्व परम पुरुष को उनके कर्तव्य की याद दिलाने की कोई आवश्यकता नहीं है; वे स्वयं जानते हैं कि कब, क्या और कितना देना है। जब मनुष्य को यह अनुभूति हो जाती है कि वह कभी उपेक्षित नहीं है, तब संसार की कोई शक्ति उसका अहित नहीं कर सकती। सृष्टि की प्रत्येक इकाई उसके सहयोग में लग जाती है। यही दैवी विधान है कि मनुष्य को सौहार्दपूर्ण ढंग से जीना चाहिए और अपनी अंतर्निहित शक्ति का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहिए। विलाप और निराशा समय की बबार्दी है। ह्यअब मेरा क्या होगा?ह्व जैसी सोच मनुष्य को कमजोर बनाती है। परम पुरुष सब देख रहे हैं और हर परिस्थिति में वह आवश्यक कदम उठाते हैं, इसलिए स्मरण रखें- आप कभी अकेले नहीं हैं।



सम्पादकीय

## मतदाता सूची की शुचिता

यह एक रोचक तथ्य है। इस समय दुनिया की चिंता और चर्चा के केंद्र में आए वेनेजुएला की जितनी कुल आबादी है, उससे कहीं ज्यादा मतदाताओं के नाम उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची से बाहर हो गए हैं। देश के 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में इस समय मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम चल रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश से जिस बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने की सूचना आई है, वह कई लोगों को चौंका सकती है। चुनाव आयोग द्वारा जारी ब्योरों के मुताबिक, राज्य के 2 करोड़, 89 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। मंगलवार को उत्तर प्रदेश की जो मसौदा सूची जारी की गई, वह बताती है कि राज्य में 46.23 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 2.17 करोड़ मतदाता या तो अपने दर्ज पते पर नहीं मिले या वे कहीं और चले गए हैं। लगभग 25.47 लाख मतदाताओं के नाम एक से अधिक जगहों पर पाए गए हैं। आयोग ने मतदाताओं को मौका दिया है कि वे 6 फरवरी तक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जाहिर है, 2.17 करोड़ मतदाताओं के लिए यह आखिरी मौका है और उन्हें अपनी सजगता का परिचय देना चाहिए।

निस्संदेह, यह कवायद आसान नहीं है, इसीलिए चुनाव आयोग को तीखी आलोचना झेलनी पड़ी कि उसने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए बहुत कम समय मुकर्रर किया है। एसआईआर से जुड़े अधिकारियों पर किस कदर दबाव था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अनेक बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) ने खुदकशी कर ली, और कई ने अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। चुनाव आयोग इस आलोचना से कभी मुक्त नहीं हो सकता कि उसने इस ऐतिहासिक काम को विवादास्पद बना दिया। अव्वल तो बिहार विधानसभा चुनाव से ऐन पहले उसने आनन-फानन में एसआईआर का एलान किया। उसमें भी अपनी पात्रता सिद्ध करने के लिए मतदाताओं से ऐसे प्रमाणपत्र मांगे गए, जो बड़ी संख्या में वोटर को मतदाता सूची से बाहर कर देते। आखिरकार नागरिक संगठनों और राजनीतिक पार्टियों की गुहार के बाद सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा और आयोग को आधारकार्ड को मान्य दस्तावेज मानने के लिए बाध्य होना पड़ा। विडंबना यह है कि आयोग की इस कवायद के खिलाफ दायर याचिकाओं पर शीर्ष अदालत का अंतिम निर्णय आने से पहले बिहार में नई विधानसभा गठित हो चुकी है और सरकार वजूद में आ चुकी है। एक सफल लोकतंत्र के लिए यह आदर्श स्थिति नहीं हो सकती।

अमेरिका-वेनेजुएला संघर्ष

# अंतरराष्ट्रीय राजनीति कानून और वैश्विक शांति पर प्रभाव

वैश्विक स्तरपर सारी दुनियाँ हैरान रह गई जब 3 जनवरी 2026 की रात अमेरिका ने ऑपरेशन एबस्युलेट रेसोल्व के नाम से एक बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाया। इसके तहत अमेरिकी वायुसेना और विशेष बलों ने वेनेजुएला की राजधानी काराकस समेत कई इलाकों में हवाई हमले किए और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो तथा उनकी पत्नी सिलीया फ्लोरेस को हिरासत में ले लिया गया।जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में अमेरिका द्वारा एक तेजी से आगे बढ़ी सैन्य कार्रवाई की गई, अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुष्टि की कि अमेरिका ने वेनेजुएला में हवाई हमलों और विशेष ऑपरेशन के जरिए मादुरो को हिरासत में लिया और उन्हें विदेश ले लाया गया।अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि मादुरो पर नार्को-आतंकवाद, कोकीन तस्करी, साजिश और अमेरिका के खिलाफ हथियार रखने जैसे गंभीर आरोप हैं,जिनके कारण वह अमेरिकी न्याय के सामने खड़ा होगा। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल ने स्पष्ट किया कि इन्हीं अभियोगों के आधार पर न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में मुकदमे की प्रक्रिया शुरू होगी।यह आरोप अमेरिका के अंतर्गत जारी अभियोगों पर आधारित हैं, जिनमें दावा किया जाता है कि मादुरो की सरकार और सहयोगी अमेरिकी हितों और कानूनों के खिलाफ भारी मात्रा में अवैध गतिविधियों में संलग्न थेहालांकि मादुरो और उनके समर्थक इन आरोपों से लगातार इनकार करते रहे हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि वैश्विक स्तरपर वेनजुएला और अमेरिका के बीच तनाव कोई नया विषय नहीं है। दशकों से दोनों देशों के बीच राजनीतिक,आर्थिक और सामरिक तनाव रहा है जिसमें मुख्य रूप से तेल संसाधनों, असंतुलित द्विपक्षीय संबंधों और मतभेद शामिल हैं।1976 में वेनेजुएला ने अपने तेल उद्योग को राष्ट्रीयकृत किया था,जिससे अमेरिकीकंपनियों का नियंत्रण खत्म हो गया था जिस पर अमेरिका ने लंबे समय तक आपत्ति जताई। इसके बाद से दोनों देशों के बीच कड़वी टक्कर और भी तीव्र होती गई।



किशन सनमुखदास (दैनिक अवन्तिका)

हम इस कार्रवाई को अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक सफल सैन्य ऑपरेशन बताया है इसको समझने की करें तो, उन्होंने वेनेजुएला में ड्रग तस्करी और नार्को-आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का दावा किया गया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अब अस्थायी रूप से वेनेजुएला के सरकारी कार्यों को संभालेगा और देश को सुरक्षित, व्यवस्थित और न्यायपूर्ण संक्रमण की ओर ले जाएगा।उनके खिलाफ नार्को-टेररिज्म,कोकीन की तस्करी और साजिश जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं और उन्हें न्?यूयॉर्क के संघीय न्यायालय में ट्रायल का सामना करने का इरादा बताया गया है।अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई उन अभियोगों के आधार पर है जो मादुरो पर भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद समर्थित गतिविधियों के लिए लगाए गए हैं। वहीं मानवाधिकार संगठनों और अंतरराष्ट्रीय कानूनी विशेषज्ञों ने इस ऑपरेशन को अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया है क्योंकि यह बिना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनुमति के एक संप्रभुत राष्ट्र के खिलाफ सशस्त्र हमला है।

हम हमले के बाद विश्व के प्रमुख देशों की प्रतिक्रियाओं को समझने की करें तो, क्या तीसरा विश्व युद्ध शुरू होने वाला है?इस वैश्विक घटना पर रूस, ईरान और क्यूबा जैसे देशों ने तेज प्रतिक्रिया व्यक्त की है।ये देश अमेरिकी कार्रवाई को वेनेजुएला की संप्रभुता का उल्लंघन, क्षेत्रीय अखंडता का भंग और एक शक्तिवादी आक्रमण बताते हुए निंदा कर रहे हैं। रूस ने अमेरिका की इस हरकत को अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ बताया है। ईरान और क्यूबा ने भी संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अमेरिका की इस कार्रवाई की निंदा करने और शांति स्थापित करने की अपील की है।वहीं यूरोपीय संघ ने स्थितिसे कुछ अलग रुख अपनाया उन्होंने सीधे निंदा नहीं की, बल्कि तथ्यों की पुष्टि और तथ्यों के प्रकाश में निर्णय लेने की बात कही,यह कहते हुए कि वे अंतरराष्ट्रीय नियमों का सम्मान करते हैं।जिसका व्यापक अर्थ यह है कि ईयू ने खुलकर अमेरिका का समर्थन नहीं किया, लेकिन स्पष्ट निंदा भी नहीं की। कुछ देशों ने इस संकट को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक का विषय बनाया है, तकरीबन सभी प्रमुख वैश्विक शक्तियाँ इस घटना को अंतरराष्ट्रीय कानून की बड़ी परीक्षा के रूप में देख रही हैं।साथियों बात अगर हम तेल और ड्रग्स विवाद कीपृष्ठभूमि को समझने की करें तो अमेरिका का कहना यह है कि वेनेजुएला दुनियाँ के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक का घर है और यह देश नशीले पदार्थों और अपराध नेटवर्क के लिए एक मुख्य केंद्र बन गया है,इसलिए इस कार्रवाई को उसने नशीले पदार्थों का मुकाबला करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुरक्षित रखने की आवश्यक कार्रवाई बताया है।परन्तु आलोचक इसे तेल संसाधनों पर नियंत्रण पाने की एक अर्थव्यवसायिक रणनीति के रूप में भी देखते हैं। वे तर्क देते हैं कि इस हमले के पीछे आर्थिक हितों की बड़ी भूमिका हो सकती है, क्योंकि वेनेजुएला के तेल भंडारों के कारण यह क्षेत्र आर्थिक और सामरिक रणनीति के केंद्र में पहुंच गया है।

मानवाधिकार और वैधता के सवाल के दृष्टिकोण से समझने की करें तो, कई मानवाधिकार समूहों ने कहा है कि अमेरिका बिना सबूत और पारदर्शिता के निर्दोष नागरिकों और नेताओं को निशाना बना रहा है, और यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर के खिलाफ हो सकती है, जो स्पष्ट रूप से कहता है कि एक देश दूसरे देश पर बिना सुरक्षा परिषद की अनुमति या प्रस्तुत खतरे के जवाब में बल का प्रयोग नहीं कर सकता है। यह विवाद अब अंतरराष्ट्रीय अदालतों, संयुक्त राष्ट्र और वैश्विक शांति संरचनाओं के लिए एक बड़ा परीक्षण बन गया है। हम अंतरराष्ट्रीय कानून और सार्वभौमिक संप्रभुता के दृष्टिकोण से इस मुद्दे को समझने की करें तो,किसी देश के सिटिंग राष्ट्रपति-समेत किसी राष्ट्राध्यक्ष को एक अन्य देश के सशस्त्र बलों द्वारा पकड़कर विदेश लाना,अंतरराष्ट्रीय कानून सहित संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों का जटिल उल्लंघन हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर की धारा 2(4) के अनुसार, किसी अन्य राज्य के खिलाफ बल प्रयोग केवल स्वयं रक्षा या यूएन सुरक्षा परिषद की अनुमति के तहत ही किया जा सकता है।

## घंटा

इंदौर के बीचोंबीच खड़ी घड़ी मीनार पर लटका वह घंटा-जो कभी ब्रिटिश साहबों के जमाने में बजता था तो अफसरों के पेट में हलचल मच जाती थी-आजकल बजता है तो जनता के कानों में बस घंटा ही गूंजता है। शहर साफ-सुथरा है, स्मार्ट है, नंबर वन है-यह नारे रोज लगते हैं, मगर गलियों में गंदगी, भ्रष्टाचार और अवैध निर्माण देखकर लगता है, सबका जवाब एक ही है-घंटा! नगर निगम की योजनाएँ घंटा हैं, पुलिस की कार्रवाई घंटा है, नेताओं के वादे घंटा हैं। जनता पूछे तो अफसर हँसते हुए कहें-घंटा चिंता करो! यह घंटा अब लोकोक्ति नहीं, मुहावरा नहीं, बल्कि शहर का संविधान बन चुका है। हर समस्या का समाधान-घंटा करो! हर आश्वासन-घंटा होगा! और हर न्याय-घंटा मिलेगा! इंदौर की जनता अब इतनी समझदार हो चुकी है कि घंटे की पहली घनघनाहट सुनते ही ताली बजाने लगती है-क्योंकि जानती है, इसके बाद तो बस घंटा ही बचेगा। परसाई जी कहते तो यों-यह घंटा बजता है तो लगता है, समाज का पेट फटने वाला है, मगर फटता कुछ नहीं, बस गैस निकलती है।

पिछले हफ्ते नगर निगम ने डंके की चोट पर ऐलान किया-अवैध कब्जे हटेंगे! ड्रामा शुरू-बुलडोजर लाए गए, कैमरे चले, नेता चिल्लाए-इंदौर बदलेगा! अगले दिन? वही कब्जे, वही दीवारें, बस नई पुताई। पत्रकार ने अफसर से पूछा-क्या हुआ? जवाब मिला-घंटा हुआ भाई, घंटा! यहाँ घंटा सिर्फ. शब्द नहीं, प्रतीक है-खोखले वादों का, नकली कार्रवाई का, भ्रष्टाचार के पेट का। पुलिस आए तो बोली-घंटा डरना! कोर्ट गए तो फैसला-घंटा मिलेगा! नेता चुनाव लड़ें तो वादा-घंटा भूल जाओ! जनता हँसती है, क्योंकि जानती है-यह घंटा हर जगह बज रहा है। स्कूलों में-पढ़ाई घंटा है! अस्पतालों में-दवा घंटा है! सड़कों पर-ट्रैफिक नियम घंटा हैं! इंदौर का घंटा बजता है जैसे भ्रष्ट नेता का पेट-भरपूर आवाज, अंदर. से खाली! और जनता? वह अब घंटे की धुन पर थिरक रही है-क्योंकि विकल्प ही क्या बचा है? घंटा बजाओ, ताली बजाओ! फिर आया वह दिन-मीनार का घंटा चोरी हो गया। खबर-इंदौर का घंटा गायब! अखबार चीखे-न्याय की आवाज चुप! पुलिस ने केस दर्ज किया-जल्द पकड़ेंगे। जनता बोली-घंटा पकड़ोगे साहब!



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 08 जनवरी 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 07:13 सूर्यास्त 17:53
माघ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - षष्ठी 07:06 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी 12:24 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - सौभाग्य 17:26 उपरांत शोभन
करण - गर
चन्द्रमा - सिंह में है। 18:40 पर कन्या में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 18 तारिख

**मेष-** परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृषभ-** थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें।

**मिथुन-** स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।प्रमाद न करें।

**कर्क-** कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं कर पाएंगे।

**सिंह-** प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे।

**कन्या-** सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। आर्थिक योजनाओं में धन का निवेश हो सकता है।

**तुला-** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक-** कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है।

**धनु-** पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**मकर-** व्यापारिक गोपनीयता भंग न करें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा। व्यापार की चिंता रहेगी। आशानुरूप स्थिति बनेगी।

**कुंभ-** व्यापार में लाभ होने के योग हैं। धार्मिक कामों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी से विवाद हो सकता है।

**मीन-** अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य करें। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम न लें। झंझटों में न पड़ें। आय में कमी होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## मटमैला पानी लें रहा जान...!

विकास की गति भले ही हो रहीं तेज,
नगर निगम स्वच्छ जल न रहा सहेज।
मटमैला पानी लें रहा जनता की जान,
भागीरथपुरा की देश में यहीं पहचान।
सालों में गहरी निद्रा से जागते अफसर,
लीकेज-टंकियों की 'सफाई' में हरकत।
राजनेता रहते आये सिस्टम पर डिपेंड,
बरती लापरवाही और हो जाते सस्पेंड।
करिए ऐसी कोई 'अनोखी-सी' व्यवस्था,
पेयजल में नाली ना मिले रहती आस्था।
मूलभूत सुविधा 'जन-जन' को पहुँचाओं,
राजनेताओं अब तो 'जमीन' पर आओं।
(संदर्भ-इंदौर में दूषित पानी से हुई मृत्यु मचा हड़कम्प)



संजय एम. तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संस्कृति के संदर्भ में एक चिंतन

## नए साल का जश्न या संस्कारों का क्षय?

नए साल का आगमन उत्साह, उमंग और सकारात्मक संकल्पों के साथ होना चाहिए, किंतु आज यह अवसर धीरे-धीरे दिखावे, नशे और उन्माद का पर्याय बनता जा रहा है। जश्न के नाम पर लाखों बेजुबान जीवों की हत्या, मांसाहार की अति, शराब व नशीले पदार्थों का खुला प्रयोग और होश खोकर नाच-गाना-क्या यही सभ्य समाज की पहचान है? जिस क्षण इंसान अपनी चेतना खो देता है, वहीं से उसके संस्कार भी क्षीण होने लगते हैं।



भारतीय संस्कृति कभी भी उन्माद की पक्षधर नहीं रही। यहाँ उत्सव का अर्थ है-संयम, शुद्धता, कृतज्ञता और आत्मचिंतन। हमारे पर्व परिवार, समाज और प्रकृति के साथ सामंजस्य सिखाते हैं। परंतु आज बाजारवाद के प्रभाव में बड़े ऑफर, भव्य पार्टियाँ और नाइट कल्चर युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं। मुनाफे की होड़ में संवेदनाओं की बलि दी जा रही है और संस्कृति को मनोरंजन का साधन बनाकर प्रस्तुत किया जा रहा है। विडंबना यह है कि नशे की हालत में व्यक्ति होश खो बैठता है-कहाँ है, कैसे है, क्या खाया-पिया-कुछ स्मरण नहीं रहता। सुबह होश आता है तो पश्चाताप होता है और संकल्प लिया जाता है कि अगले साल ऐसा नहीं करेंगे, पर अगले साल वही दृश्य दोहराया जाता है। यह चक्र केवल व्यक्ति को नहीं, समाज को भी भीतर से खोखला करता है।

युवाओं को यह समझना होगा कि आधुनिकता का अर्थ अपनी जड़ों से कटना नहीं है। सच्चा उत्सव वही है जो जीवन, प्रकृति और करुणा का सम्मान करे। नए साल पर संकल्प लें-नशे से दूरी, बेजुबान प्राणियों के प्रति संवेदना, परिवार के साथ सादगीपूर्ण आनंद और समाज के लिए कुछ सकारात्मक करने का। यही भारतीय संस्कृति की आत्मा है और यही भविष्य का सशक्त मार्ग।



कमलेश शर्मा दैनिक अवन्तिका

# पोषक तत्वों की कमी से भी हो सकती है सफेद बालों की समस्या

40 की उम्र के बाद बाल सफेद होना सामान्य बात है जैसे-जैसे इंसान की उम्र बढ़ती है, उसके बाल सफेद होने लगते हैं लेकिन आजकल बहुत से लोगों को बेहद कम उम्र में ही सफेद बालों की समस्या होने लगी है। कई मामलों में यह जेनेटिक से जुड़ा हो सकता है लेकिन कई बार इसका कारण शरीर में कई पोषक तत्वों की कमी भी हो सकती है।

जब बालों के रोम वर्णक कोशिकाओं (पिगमेंट सेल्स) के जरिए पर्याप्त मेलेनिन का उत्पादन नहीं करते हैं तो इससे बाल सफेद हो जाते हैं। इसके पीछे कई कारण होते हैं जिनमें तनाव, हार्मोनल परिवर्तन या यहां तक कि विटिलिगो नामक स्किन डिसीस शामिल है। यहां हम आपको बताएंगे कि ऐसी कौन सी वजहें हैं जो समय से पहले सफेद बालों को न्योता दे सकती हैं।



### विटामिन्स की कमी

बालों के विकास के साथ ही उनका प्राकृतिक रंग बरकरार रहने के लिए पोषण की जरूरत होती है। अगर हमारे शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है तो इससे बाल सफेद होने लगते हैं। कई तरह के विटामिन और खनिजों की कमी जैसे विटामिन बी 12, लोहा, तांबा और जिंक का की कमी सफेद बालों का कारण बन सकती है। ये पोषक तत्व मेलेनिन उत्पादन और बालों के रोम छिद्रों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

### हार्मोन्स परिवर्तन

शरीर में हार्मोनल परिवर्तन विशेष रूप से गर्भावस्था या रजोनिवृत्ति के दौरान बालों के रंग को प्रभावित कर सकते हैं। मेलानोसाइट-स्टिमुलेटिंग हार्मोन (एमएसएच) और कोर्टिसोल जैसे हार्मोन में उतार-चढ़ाव और असंतुलन सफेद बालों की समस्या को बढ़ा सकते हैं।

### तनाव

लंबे समय तक तनाव में रहने से शरीर में स्ट्रेस हार्मोन का स्राव होने लगता है जो लंबे समय तक बालों के रंग समेत शरीर के कई कार्यों को प्रभावित करता है। लंबे समय तक या ज्यादा तनाव मेलानोसाइट्स की कमी को बढ़ाता है जिससे सफेद बाल होते हैं।

### धूम्रपान

धूम्रपान विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। यह कई बीमारियों का कारण और इनमें एक सफेद बाल भी हैं। यह शरीर में हानिकारक विषाक्त पदार्थों को बढ़ाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।


## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

धर्म-आस्था

# मंदिर की पैड़ी पर बैठने की परंपरा और जीवन का मौन उपदेश

भारतीय सनातन परंपरा में मंदिर केवल ईश्वर के दर्शन का स्थान नहीं है, बल्कि जीवन को समझने और संवारने की पाठशाला भी है। हमारे बड़े-बुजुर्ग जब यह कहते हैं कि मंदिर में दर्शन करने के बाद बाहर आकर कुछ देर मंदिर की पैड़ी या ओटले पर बैठना चाहिए, तो इसके पीछे केवल विश्राम का भाव नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक अर्थ छिपा हुआ है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम मंदिर तो पहुंच जाते हैं, पर उसकी परंपराओं और संकेतों को समझने का समय नहीं निकाल पाते।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

मंदिर में प्रवेश करते समय हम संसार के कोलाहल से बाहर निकलते हैं और ईश्वर के सान्निध्य में पहुंचते हैं। घंटियों की ध्वनि, दीपक की लौ, धूप की सुगंध और भगवान के स्वरूप का दर्शन मन को शांति देता है। दर्शन के बाद तुरंत बाहर निकल जाना ऐसा है, जैसे कोई विद्यार्थी पाठ सुने बिना ही कक्षा छोड़ दे। मंदिर की पैड़ी पर बैठना उस क्षण को ठहराव देता है, ताकि मन और आत्मा को यह अनुभव आत्मसात करने का अवसर मिल सके। शास्त्रों और परंपरा में बताया गया है कि मंदिर की पैड़ी पर बैठकर एक विशेष श्लोक का स्मरण और उच्चारण करना चाहिए, जिसे समय के साथ हम भूलते चले गए। वह श्लोक केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन और मृत्यु के बीच संतुलन की प्रार्थना है-

अनायासेन मरणम्, बिना दैन्येन जीवनम्।
देहान्ते तव सानिध्यम्, देहि मे परमेश्वरम्।

इस श्लोक का भाव अत्यंत गहरा है। पहली पंक्ति में मनुष्य ईश्वर से यह कामना करता है कि मृत्यु सहज हो, बिना लंबे कष्ट और असहनीय पीड़ा के। जीवन का अंतिम क्षण भय और यातना का नहीं, बल्कि शांति का हो। यह प्रार्थना हमें याद दिलाती है कि मृत्यु भी जीवन का ही एक चरण है, जिससे डरने के बजाय उसे गरिमा के साथ स्वीकार करना चाहिए। दूसरी पंक्ति जीवन की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करती है। यहां जीवन की लंबाई नहीं, उसकी गरिमा मांगी गई है। किसी पर बोझ बनकर, पराधीन होकर या दया पर निर्भर रहकर जीने की कामना नहीं, बल्कि स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता के साथ जीवन यापन का वरदान मांगा गया है। यह हमें सिखाता है कि ईश्वर-भक्ति का अर्थ पलायन नहीं, बल्कि सम्मानजनक और जिम्मेदार जीवन है।

तीसरी पंक्ति मृत्यु के क्षण में ईश्वर के सान्निध्य की कामना करती है। जैसे भीष्म पितामह के अंतिम समय भगवान स्वयं उनके सम्मुख उपस्थित थे, वैसे ही मृत्यु के क्षण में मन और आत्मा ईश्वर से जुड़ी रहे। यह भाव हमें जीवन भर ईश्वर का स्मरण करने की प्रेरणा देता है, ताकि अंतिम क्षण अकेलेपन का न हो। अंतिम पंक्ति पूर्ण समर्पण की अभिव्यक्ति है। यह स्वीकारोक्ति है कि मनुष्य अपने बल से नहीं, बल्कि ईश्वर की कृपा से ही ऐसा जीवन और ऐसी मृत्यु प्राप्त कर सकता है। यह अहंकार को त्यागने और विनम्रता को अपनाने की शिक्षा देती है।

मंदिर की पैड़ी पर बैठने की परंपरा का एक और महत्वपूर्ण पक्ष है। दर्शन करते समय भगवान को खुली आंखों से देखना चाहिए। मंदिर में आंखें बंद करके खड़े रह जाना दर्शन का उद्देश्य पूरा नहीं करता। भगवान के स्वरूप, उनके चरण, मुखारविंद और श्रृंगार को देखना भी साधना का ही एक रूप है। यह दृश्य मन में अंकित होता है और बाहर आकर ध्यान करते समय वही स्वरूप आंखें बंद करने पर स्मरण में आता है। जब हम मंदिर से बाहर आकर पैड़ी पर बैठते हैं, तब आंखें बंद करके भगवान का ध्यान करना चाहिए। यदि ध्यान में भगवान का स्वरूप स्पष्ट न आए, तो पुनः मंदिर में जाकर दर्शन करना चाहिए। यह अभ्यास मन को एकाग्र करता है और श्रद्धा को गहराई देता है। यही कारण है कि बड़े-बुजुर्ग इस परंपरा पर इतना जोर देते थे। आज दुर्भाग्यवश मंदिर की पैड़ी पर बैठने का अर्थ बदल गया है। वहां व्यापार, राजनीति और संसार की बातें होने लगी हैं। जबकि यह स्थान आत्मचिंतन और कृतज्ञता का है। मंदिर की पैड़ी पर बैठना यह स्मरण कराता है कि हम ईश्वर के द्वार से लौट रहे हैं और संसार में वापस जाने से पहले मन को शुद्ध करना आवश्यक है। यह परंपरा हमें सिखाती है कि भक्ति केवल भीतर जाकर घंटी बजाने तक सीमित नहीं है, बल्कि बाहर आकर अपने जीवन को सही दिशा देने का संकल्प लेने में भी है। यदि हम इस छोटी-सी परंपरा को समझ लें और अपनाएं, तो मंदिर जाना केवल एक कर्मकांड नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला अनुभव बन सकता है।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2350-3050, चना काबली- 3011-9000, चना बड़ा- 4041-5005, बटला- 3280 तिल्ली- 5700-6300, सोयाबीन- 1901-5461, मैथीदाना- 4500-5270 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,38,500, रवा- 1,38,400 चांदी- टंच- 2,37,500 पाट- 2,37,400।

## उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## भारतीय स्टेट बैंक शाखा भौरासा के द्वारा दो बच्चियों को साइकिल वितरण

**भौरासा।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा भौरासा के द्वारा बैंक परिसर में एक छोटे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में कॉरपोरेट सोशल रेसपोसिबीलिटी के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौरासा कि छात्रों में अच्छे अंक प्राप्त करने वाली दो छात्राओं का चयन किया गया जिनमें कक्षा 11,वीं की छात्रा कु, निकिता पिता कांतिलाल ग्राम कुलाला व कक्षा 10,वीं की छात्रा कु, सादिया पिता जाकिर शेख ग्राम भौरासा की दो छात्राओ का चयन किया गया इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विमल द्वारा बताया गया कि हमारी बैंक की सभी शाखाए प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन करती है जिसमें अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन देती है जिस से बच्चों की हौसला अफजाई बढ़ती है। इस अवसर पर भौरासा शाखा प्रबंधक रवि कुमार विमल, निर्मल मालवीय,प्रिया प्रजापति,जानवी सेवारमानी, अविनाश कौर, हरिनारायण परमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## महाविद्यालय में युवा दिवस के अवसर पर सेवा सप्ताह के दूसरे दिन निबंध प्रतियोगिता

**शुजालपुर।** जे.एन.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा दिवस के अवसर पर आयोजित सेवा सप्ताह के दूसरे दिवस स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन को समझने की क्षमता विकसित करना तथा उनके राष्ट्र के प्रति योगदान पर सृजनात्मक और मौलिक लेखन को प्रोत्साहित करना रहा। इस प्रतियोगिता में एनएसएस, एनसीसी,रेड क्रॉस एवं विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, रेड क्रॉस प्रभारी पूजा सांखला,संगीता सोनी,डॉ.संजय प्रजापति,उमेश पाण्डे,कमल भिलाला सहित महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## कुर्मी समाज की प्रदेश अध्यक्ष एवं वानखेड़े सांसद को भेंट की माता की तस्वीर

**शाजापुर।** महिला मोर्चा कुर्मी समाज की प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद



लता वानखेड़े के शाजापुर आगमन पर उन्हे जिला अध्यक्ष कुर्मी समाज शाजापुर रवींद्र वर्मा कुर्मी ने सौजन्य भेंट कर राज राजेश्वरी माता मंदिर में मां राजेश्वरी की एक तस्वीर भेंट की। इस अवसर पर शाजापुर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे, शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, भाजपा के किरण ठाकुर, पूर्व नपा उपाध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## म.प्र. वक्फ बोर्ड अध्यक्ष से मिला उन्हेल मुस्लिम समाज का प्रतिनिधि मंडल



**उन्हेल।** उन्हेल मुस्लिम समाज प्रतिनिधिमंडल ने मध्य प्रदेश राज्य वकफ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल से भोपाल कार्यालय पर मुलाकात की भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला मंत्री लकी अली, महबूब पठान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डु कुरैशी, इदरीस अली, साकिर खान एवं मुस्लिम समाज के वरिष्ठ मौजूद थे।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार श्री अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन, पता बादशाह मंजिल, प्रथम तल, फ्रीगंज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि एक भूखण्ड क्रमांक ए-8 स्थित श्री सांवरिया होम्स, ग्राम जीवनखेडी, तह. व जिला उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 897.91 वर्गफिट है। जो रसीद क्रमांक 007 के माध्यम से सिद्धार्थ जैन पिता ललित जैन निवासी 81 ग्रेटर रतन ऐवेन्यु एक्सटेंशन, एम.आर. 5 रोड, आगर रोड, उज्जैन को आवंटित किया गया था। उक्त रसीद कही गुम हो चूकी है तथा भूखण्ड स्वामी के आग्रह पर मेरे पक्षकार के द्वारा भूखण्ड स्वामी को नई रसीद जारी की जा रही है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त रसीद के माध्यम से उक्त भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण प्राप्त किया गया हो या उक्त मुल रसीद किसी भी व्यक्ति के पास गिरवी हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड स्वामी को उक्त भूखण्ड की नवीन रसीद प्रदान की जावेगी तथा वह नवीन रसीद ही मान्य होगी एवं पुरानी रसीद स्वतः समाप्त मानी जावेगी एवं नवीन रसीद के आधार पर ही विक्रय पत्र का निष्पादन किया जावेगा। बाद समयावधि किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**अनंत यादव एडवोकेट**
**टाईम हेडक्वाटर, महाकाल समपन्न फोर्थ फ्लोर, वराह मिहिर मार्ग, टावर चौक फ्रीगंज उज्जैन**
**मोबाइल न. 9669675551**


हाथों में तख्तियां एवं घंटा लेकर नगर में निकाला जुलुस-

# इंदौर जैसी घटना ब्यावरा में ना हो इस-लिए कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़

देश का सबसे स्वच्छ शहर तथा भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गढ़ माना जाने वाला इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई कई लोगों की मौतों की घटना के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने पेयजल व्यवस्था को लेकर शासन और प्रशासन को चारों तरफ से घेरना प्रारंभ कर दिया है।

इसी क्रम में मंगलवार शाम 5 बजे ब्यावरा ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के नेतृत्व में पीपल चौराहे पर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर धरना प्रदर्शन किया गया एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा हाथों में तख्तियां लिए घंटा बजाते हुए पीपल चौराहे से भरथरे चौक, गांधी चौक, सुभाष चौक होते हुए मुख्य बाजार से एक विशाल जुलूस निकाला गया जो नगर पालिका परिसर पहुंचा जहां पर



मौजूद एसडीएम गोविंद कुमार दुबे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद को ब्यावरा शहर की प्रदूषित पेयजल सप्लाई एवं सफाई व्यवस्था की सघन जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया साथ ही सत्ता में बैठे अकर्मण्य जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए शहर में 10 करोड रुपए की लागत से मुख्यमंत्री शहर पेयजल योजना में हुए भ्रष्टाचार एवं पेयजल सप्लाई हेतु डाली गई घटिया पाइप लाइन तथा शहर में गंदा व बदबूदार पानी सप्लाई होने की उच्च स्तरीय जांच की मांग की, कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री खींची ने कहा कि निरीक्षण के दौरान जीरापुर फिल्टर प्लांट के अंदर मरा हुआ सूअर पड़ा दिखाई दिया जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की जमकर खिचाई की।

आपने कहा कि इंदौर की घटना में पार्षद से लेकर मुख्यमंत्री तक दोषी हैं। सभी पर कठोर कार्रवाई होना चाहिए। संचनालय में ठेकेदार मोटी रकम देकर अपना बिल पास कर लेते हैं। और जब फस जाते हैं तो मोटा कमीशन देकर बच निकलते हैं। मध्य प्रदेश सरकार सत्यता को छुपाने के लिए झूठे आंकड़े हमेशा प्रस्तुत करती रही है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री खींची ने कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गी अपनी सोची समझी रणनीति के तहत ऊलझुलुल बयानबाजी करते हैं। आपने कहा कि खिलचीपुर के ट्रैचिंग प्वाइंट पर गौशाला संचालक की लापरवाही से कई गोवंश की मौत हो गई। आपने कहा कि भाजपा सरकारी पैसों को पार्टी कार्यक्रम में व जन्मदिन में लगती है इसलिए सरकारी पैसों की जांच होना चाहिए। धार्मिक कार्यक्रम एवं सम्मेलन के लिए चंदा नहीं उगाना चाहिए। दूषित पेयजल कांड के दोषियों के खिलाफ यदि सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस 11 जनवरी को इंदौर में उग्र आंदोलन करेगी।



## हिंदू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन किया

**कायथा।** सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में 11 जनवरी को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण कायथा मे होने वाले विराट हिंदू संम्मेलन के लिए मंगलवार को सम्मेलन स्थल पर संत महंत पंडितों विद्वानों ओर नगर के प्रतिष्ठित जनों के सानिध्य में विधिवत भूमि पूजन व ध्वजारोहण किया गया, कार्यक्रम में जानराय श्री राम मन्दिर के महंत पवन दास महाराज रामायणी तथा पंडित मनोज शर्मा द्वारा भूमि व ध्वज पूजन किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिंदू सनातनी उपस्थित थे आयोजन समिति द्वारा कायथा सहित आस पास के गाँव के लोगों से आग्रह किया है कि 11 जनवरी को होने वाले हिंदू संम्मेलन मे अधिक से अधिक संख्या मे पधार कर आयोजन को सफल बनाऐ

## सहायक शिक्षक मालवीय की सेवा निवृति पर विदाई समारोह सम्पन्न



**खाचरोद।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाचरोद के सत्यनारायण मालवीय विज्ञान सहायक शिक्षक की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवा निवृत हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र रावल मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अंतर्गत समर्थ भारत आयाम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष थे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि शैलेन्द्र सिंह डोडिया मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष एवं भालचंद्र शास्त्री पूर्व बी ई ओ एवं प्राचार्य थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुदत्त जोशी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी खाचरोद ने की एवं सेवा निवृत कर्मचारी सत्यनारायण मालवीय को शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री भरत पाटीदार सहायक शिक्षक शासकी प्रा वि क्रमांक 3 खाचरोद ने किया । कार्यक्रम का आभार कार्यक्रम के संयोजक डॉ विक्रम मकवाना प्रभारी प्राचार्य शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाचरोद ने किया । इस अवसर पर श्री दशरथ सेजवार, नवीन नामदेव, अविनाश जोशी, सुरेश परमार, गोर्धनलाल संगीतला एवं शासकीय आदर्श कन्या संकुल के सभी शिक्षक, शिक्षकाएं एवं पूर्ण स्टाफ उपस्थित थे ।

सृजन अभियान के तहत घटावदा में पंचायत समिति का गठन

# मनरेगा को साजिश के तहत बंद करने के खिलाफ कांग्रेस का जागरूकता अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आरोन

केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने एवं उसे धीरे-धीरे बंद करने की कथित योजना के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने ग्राम पंचायत घटावदा में जन-जागरूकता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित किया गया, जो पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक राघौगढ़, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुना जयवर्धन सिंह के निर्देशानुसार संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने हेतु पंचायत समिति का गठन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुना जिला ग्रामीण प्रभारी शिवकुमार उपरिंग ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। केंद्र सरकार इस योजना को कमजोर कर मजदूरों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस साजिश के खिलाफ सडक से संसद तक संघर्ष करेगी और जनता के हक की रक्षा करेगी। वहीं पूर्व



जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने कहा कि मनरेगा ने गांव के अंतिम व्यक्ति को रोजगार और सम्मान दिया है। भाजपा सरकार इस ऐतिहासिक योजना को खत्म कर गांवों से रोजगार छीनना चाहती है। कांग्रेस संगठन गांव-गांव जाकर जनता को सच्चाई से अवगत कराएगा और मनरेगा को बचाने की निर्णायक लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2005 में कांग्रेस सरकार ने गांवों के विकास और मजदूरों को रोजगार की गारंटी देने के उद्देश्य से मनरेगा की शुरूआत की थी। आज स्थिति यह है कि पंचायतों को पर्याप्त बजट नहीं दिया जा रहा और अब नाम बदलने की प्रक्रिया के माध्यम से इस जनहितैषी योजना को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है, जिससे ग्रामीण विकास पूरी तरह ठप हो जाएगा। बैठक में केंद्र सरकार के इस फैसले के खिलाफ आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कांग्रेस संगठन को बूथ व पंचायत स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर गुना आबिद खान मारसाहब, ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर कुशवाह, मनीष रघुवंशी, ओमप्रकाश शर्मा, आशिम भटनागर, भगवान सिंह अहिरवार, राजू रघुवंशी(देवरी, उमाशंकर, नीरज यादव, हरीश जाट, अरविंद नठाई सहित अनेक सरपंच, पंच, जनपद सदस्य एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में करुणा शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**सुसनेर।** नगर के मेला ग्राउंड स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मंगलवार को करुणा शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व महूडी दरवाजा स्थित रामद्वारा मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मेला ग्राउंड स्थित कथा स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान वातावरण हर-हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के जयकारों से गूंज उठा। कथा स्थल पर कलश यात्रा के समापन के बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर शिव महापुराण कथा की शुरूआत की गई। कथा के दौरान कथावाचक पंडित मनमोहन कश्यप अग्निहोत्री ने शिव भक्ति और गुरु महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में गुरु को सबसे पहले प्रकाश स्वरूप माना गया है। जैसे सूर्य के बिना संसार में प्रकाश संभव नहीं है, वैसे ही गुरु के बिना मानव जीवन अज्ञान के अंधकार में डूबा रहता है। गुरु ही वह माध्यम हैं, जो मानव को सही मार्ग दिखाकर जीवन को उज्ज्वल बनाते हैं। पंडित कश्यप ने कहा कि भगवान शिव स्वयं आदिगुरु हैं और उनकी कृपा से ही मानव को ज्ञान, विवेक और प्रसाद की प्राप्ति होती है। शिव की उपासना से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और मनुष्य धर्म, कर्म और सत्य के मार्ग पर अग्रसर होता है।

# इंदौर दूषित पानी से मरने वालों को कांग्रेस ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

### देवास में उठी गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में कांग्रेस जनों ने सयाजी गेट के समीप इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मामले को लेकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने कैंडल जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा और प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने मृतकों की तस्वीरों के सामने कैंडल जलाए। सभी ने कुछ देर का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और यूथ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह झाला ने इस घटना को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताया। उन्होंने कहा कि दूषित पानी की आपूर्ति से लोगों की जान जाना सीधे तौर पर सिस्टम की विफलता को दशार्ता है। दिग्विजय सिंह झाला ने मांग की कि इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारियों और दोषियों पर गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिल सकता। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि घटना के इतने दिन बीत जाने के बावजूद सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इससे यह साफ होता है कि प्रशासन मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनशील नहीं है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राजानी, पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


### कार्यालय, नगर पालिक निगम, उज्जैन
**राजस्व विभाग (अन्यकर)**
**(जाहिर सूचना)**

**क्रमांकः अन्यकर/2025/1209** **उज्जैन, दिनांक : 23/12/2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री दीपक कुमार राघवानी, निवासी- 06. पटेल नगर, अंकपात मार्ग, उज्जैन के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेखित किया है कि वार्ड क्रमांक 23 अंतर्गत गोपाल मंदिर स्थित नगर पालिक निगम, उज्जैन स्वामित्व के टॉउन हॉल की दुकान क्रमांक 03 जो कि निगम रेकार्ड में श्री सुशील कुमार पिता श्री माणकलाल बाफना, निवासी 5, रामचंद्र सेठ की गली, छोटा सराफा, उज्जैन के नाम से दर्ज है, के द्वारा पंजीकृत सहमति पत्र दिनांक 16.02.2006 के आधार पर आवेदनकर्ता श्री दीपक कुमार पिता श्री इंदरमल राघवानी के पक्ष में कर दिये जाने से उक्त दुकान क्रमांक 03 का नामांतरण उनके नाम से किये जाने हेतु आवेदन पत्र के संलग्न पंजीकृत सहमति पत्र की छायाप्रति संलग्न प्रस्तुत की है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस की समय सीमा में उक्त वार्ड क्रमांक 23 अंतर्गत गोपाल मंदिर स्थित नगर पालिक निगम, उज्जैन स्वामित्व के टॉउन हॉल की दुकान क्रमांक 03 के नामांतरण करने में किसी वैधवारिस / उत्तराधिकारी/व्यक्ति/संस्था/वित्तीय संस्था / बैंक / न्यायालयीन प्रकरण आदि से सम्बंधित कोई ठोस आपत्ति हो, तो मय प्रमाण के कार्यालय, राजस्थ विभाग (अन्यकर), कक्ष क्रमांक 135, छत्रपति शिवाजी भवन, आगर रोड़, नगर पालिक निगम, उज्जैन में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करे। समय सीमा में आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में उणा दुकान क्रमांक 03 का नामांतरण मध्य प्रदेश नगर पालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016 के प्रावधान अनुसार आवेदक श्री दीपक कुमार राघवानी, निवासी- 06, पटेल नगर, अंकपात मार्ग, उज्जैन के पक्ष में कर दिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति/उज्र मान्य नहीं होगी।

**सहायक आयुक्त (अन्यकर), नगर पालिक निगम, उज्जैन**

### कार्यालय, नगर पालिक निगम, उज्जैन
**राजस्व विभाग (अन्यकर)**
**(जाहिर सूचना)**

**क्रमांकः अन्यकर/2025/1210** **उज्जैन, दिनांक : 23/12/2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री दौलत कुमार पिता श्री प्रितम दास राघवानी, निवासी- 06, पटेल नगर, अंकपात मार्ग, उज्जैन के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेखित किया है कि वार्ड क्रमांक 23 अंतर्गत गोपाल मंदिर स्थित नगर पालिक निगम, उज्जैन स्वामित्व के टॉउन हॉल की दुकान क्रमांक 04 जो कि निगम रेकार्ड में श्री सुशील कुमार पिता श्री माणकलाल बाफना, निवासी-5. रामचंद्र सेठ की गली, छोटा सराफा, उज्जैन के नाम से दर्ज है, के द्वारा पंजीकृत सहमति पत्र दिनांक 16.02.2006 के आधार पर आवेदनकर्ता श्री दीपक कुमार पिता श्री इंदरमल राघवानी के पक्ष में कर दिये जाने से उक्त दुकान क्रमांक 04 का नामांतरण उनके नाम से किये ज्ञाने हेतु आवेदन पत्र के संलग्न पंजीकृत सहमति पत्र की छायाप्रति संलग्न प्रस्तुत की है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस की समय सीमा में उक्त वार्ड क्रमांक 23 अंतर्गत गोपाल मंदिर स्थित नगर पालिक निगम, उज्जैन स्वामित्व के टॉउन हॉल की दुकान क्रमांक 04 के नामांतरण करने में किसी वैधवारिस / उत्तराधिकारी / व्यक्ति/संस्था/वित्तीय संस्था / बैंक / न्यायालयीन प्रकरण आदि से सम्बंधित कोई ठोस आपत्ति हो, तो मय प्रमाण के कार्यालय, राजस्व विभाग (अन्यकर), कक्ष क्रमांक 135. छत्रपति शिवाजी भवन, आगर रोड़, नगर पालिक निगम, उज्जैन में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करे। समय सीमा में आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में उक्त दुकान क्रमांक 024. का नामांतरण मध्य प्रदेश नगर पालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016 के प्रावधान अनुसार आवेदक श्री दौलत कुमार पिता श्री प्रितम दास राघवानी, निवासी- 06, पटेल नगर, अंकपात मार्ग, उज्जैन के पक्ष में कर दिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति/उज्र मान्य नहीं होगी।

**सहायक आयुक्त (अन्यकर), नगर पालिक निगम, उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिलीप कुमार पिता किशोरीलाल जाति ब्राहम्मण निवासी ग्राम खरसौदकला के नाम से ग्राम खरसौदकला में एक भू-खण्ड 40 बाय 60 कुल 2400 वर्गफिट का स्थित है जिसके पूर्व स्वामी किशोरीलाल पिता बाबुलाल जी रहे है तथा उक्त भू-खण्ड रजिस्ट्री के माध्यम से मेरे पक्षकार दिलीप कुमार ने अपने पिता से दिनांक 19/03/2009 को क्रय किया है तभी से उक्त भू-खण्ड के मालिक मेरे पक्षकार दिलीप कुमार पिता किशोरीलाल है तथा ग्राम पंचायत में मेरे पक्षकार का नामांतरण गृह कमांक 94 पर दर्ज है तथा उक्त भूमि का ड्रोन सर्वे में सर्वे नं0 1788 दर्ज किया है जिसका प्लाट नबंर 335 दर्ज किया है जिसका वर्गमीटर 165 आवासीय के रूप में दर्ज किया है जिसमें त्रुटि वश उमा शकंर पिता कन्हैयालाल का नाम ड्रोन सर्वे की त्रुटि के कारण दर्ज हो गया है जबकि उक्त प्लाट का एकमात्र मालिक मेरा पक्षकार दिलीप कुमार है उक्त जानकारी होने पर पटवारी से मेरे पक्षकार ने शिकायत आवेदन पर शिकायत की थी जिस पर से पटवारी द्वारा खसरे में अंकित कर दिया है कि उक्त भू-खण्ड कमांक 335 दिलीप पिता किशोरीलाल के नाम पर दर्ज है उमा शकंर पिता कन्हैयालाल का नाम त्रुटि पुर्वक दर्ज हुआ है मेरे पक्षकार को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त त्रुटिपूर्ण दर्ज हुऐ नाम का अवैध लाभ लेकर उमा शकंर उक्त भू-खण्ड पर बैंक से व वित्तदायी संस्था से ऋण (लोन) लेने पर आमादा है तथा प्लाट को बिकी करने पर आमादा है जबकि उक्त भू-खण्ड के सबंध मे सिविल कोर्ट बडनगर के प्रकरण कमांक 81/2022 में दिनांक 15/01/2025 को मेरे पक्षकार दिलीप कुमार के पक्ष में निर्णय पारित हुआ है इस कारण यदि उमा शकंर यदि किसी व्यक्ति संस्था बैंक निकाय या किसी भी प्रकार से कोई व्यवहार अंतरण एंव ऋण आदि हेतु करे तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के माध्यम से नही किया जावे क्योकि किसी भी प्रकार का व्यवहार उमा शकंर द्वारा किया गया अवैध एव फर्जी है इस कारण सभी को इस जाहिर सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है पाबंदी करे। और जो भी उमा शंकर से व्यवहार करेगा उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी व्यवहार करने वाली संस्था व व्यक्ति तथा उमा शकंर की रहेगी। दिनांक 07/01/2026

**रफीक एहमद मसुरी एडवोकेट**
**12, मोहनपुरा बडनगर जिला उज्जैन**
**मो. 9893476746**

### कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन
**विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010**
**सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की क्षिप्रा विहार योजना मे भूखण्ड कमांक डी-12/11 श्रेणी ई.डब्ल्यू.एस 1-श्री गिरवर प्रसाद शर्मा पिता श्री नेतराम शर्मा 2-श्री देवेश शर्मा पिता श्री गिरवरप्रसाद शर्मा निवासी-135, मक्सी रोड, शंकरपुर उज्जैन म.प्र. के नाम पर दिनांक 04.02.2013 को आवंटित है।

1-श्री गिरवर प्रसाद शर्मा पिता श्री ने राम शर्मा 2-श्री देवेश शर्मा पिता श्री गिरवरप्रसाद शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय / अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्रीमती नियत खान पति श्री जावेद खान निवासीः-201, नागझिरी, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या रहन / गिरवी / मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तोवज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण द्वारा विक्रय / अंतरण अनुमति दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साँई वाटिका कालोनी, गाम कराडीया, नवाखेड़ा, उज्जैन का भुखण्ड क्रमांक 24 एंव 31 स्थित है उक्त दोनो भुखण्ड का साईज पृथक पृथक 93.02 वर्गमिटर होकर (20 बाय 50 लगभग 1000 स्के. फिट पृथक पृथक) स्थित हैं उक्त भुखण्ड क्रमांक 31 को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने श्रीमती सारा मर्चेन्ट पति अनिस मर्चेन्ट, खाराकुआं, उज्जैन से एवं भुखण्ड कमांक 24 को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने श्रीमती सारा मर्चेन्ट पति अनिस मर्चेन्ट खाराकुआं, उज्जैन से एवं श्रीमती निसरीन मोदीवाला पति आसिफ मोदीवाला, इब्राहिमपुरा, उज्जैन से किया है। तथा मेरे पक्षकार ने उक्त भूखण्डू क्रय अनुबंध पेटे बयाना राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा करके उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में कराया जाना शेष है।

अतः सूचित किया जाता है कि यदि उक्त संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति अन्य किसी व्यक्ति, प्रायवेट संस्था पेढ़ी आदि का लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के संबंध में किसी को कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को अपत्ति हो या स्थानीय शासन एवं निकाय को कोई अपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना को प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अंदर अपनी लिखित अपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**श्रीमती कल्पना डोसी**
**स्टाम्प वेण्डर एवं सर्विस प्रोवाइडर 38, लक्ष्मी नगर, चौराहा उज्जैन (म.प्र.) मोबाईल नम्बर 9479932006**

## भोपाल-इंदौर समेत 8 शहरों में प्रदूषण, मांगी रिपोट



**भोपाल।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सेंट्रल जोन की भोपाल बैंच ने भोपाल-इंदौर समेत 8 शहरों में बढते प्रदूषण पर चिंता जताई है। इसे लेकर सरकार से 8 सप्ताह के अंदर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। एनजीटी ने माना कि भोपाल में वायु गुणवत्ता तय मानकों से बहुत ज्यादा नीचे है। बहुत खराब से गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। यह गंभीर पर्यावरणीय एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए संकट है। आवेदक राशिद नूर खान की याचिका पर बुधवार को एनजीटी ने यह आदेश दिया। आवेदक की ओर से अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने पक्ष रखा। एनजीटी ने आदेश में कहा है कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, देवास, सागर और सिंगरौली को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नॉन-अटेनमेंट सिटी घोषित किया है, क्योंकि इन शहरों में पिछले पांच वर्ष से अधिक समय से स्तर राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों से लगातार अधिक बने हुए हैं। वार्षिक औसत स्तर 130 से 190 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और २.५ का स्तर 80 से 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पाया गया है, जो निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक है।

## अमेरिका ने रूस का जहाज जब्त किया, तेल खरीदने जा रहा था

**मॉस्को/ वॉशिंगटन ।** अमेरिका ने बुधवार को वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले 2 टैंकरों को पकड़ लिया। बीबीसी के मुताबिक इसमें से एक रूस का जहाज मैरिनेरा है, जबकि दूसरे का नाम सोफिया है। सोफिया पनामा देश का जहाज माना जा रहा है। ये दोनों जहाज कुछ घंटे के अंतराल पर पकड़े गए। अमेरिका ने रूसी झंडे वाला तेल टैंकर मैरिनेरा को उत्तरी अटलांटिक में जब्त किया, जबकि दूसरा जहाज कैरिबियन सी में पकड़ा गया। अमेरिकी सैनिक दो हफ्तों से इस जहाज का पीछा कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक यह जहाज वेनेजुएला से तेल लेने जा रहा था, ताकि उसे चीन या दूसरे देशों को पहुंचाया जा सके। रूस ने अपने जहाज की सुरक्षा के लिए सबमरीन और अन्य नौसैनिक जहाज भेजे थे, लेकिन वे इसे बचाने में सफल नहीं हुए। अमेरिका ने जिस रूसी जहाज को पकड़ा है, पहले इसका नाम बेला-1 था। अमेरिका ने इसे प्रतिबंधित जहाजों की लिस्ट में डाल दिया था। दिसंबर 2025 में यह वेनेजुएला की ओर जा रहा था, लेकिन अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने इसे रोकने की कोशिश की। उस समय जहाज के क्रू मेंबर की होशियारी से यह जहाज बच गया था। इसके बाद इस जहाज का नाम बदलकर 'मैरिनेरा' कर दिया गया था। इसके बाद इस पर रूसी झंडा लगाकर इसे देश की ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन लिस्ट में शामिल कर दिया गया।

## बांग्लादेश को भारत में ही खेलने होंगे वर्ल्ड कप मुकाबले

**नई दिल्ली ।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की टी-20 वर्ल्ड कप के वेन्यू बदलने की मांग खारिज कर दी है। स्पष्ट किया है कि बांग्लादेश को अपने सभी लीग मैच भारत में ही खेलने होंगे, नहीं तो उसे अपने अंक गंवाने पड़ेंगे। वहीं, ने कहा है कि हमें से कोई अल्टीमेटम नहीं मिला है। मुस्तफिजुर रहमान को बाहर किए जाने के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में टी-20 वर्ल्ड कप के मैच खेलने से इनकार कर दिया था अपने मैच श्रीलंका में शिफ्ट करने की अपील की थी। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार अध्यक्ष जय शाह और कुछ अन्य अधिकारी मुंबई में मौजूद थे। उन्होंने पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों से चर्चा की और उसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से बातचीत की। कहा कि वेन्यू में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और बांग्लादेश को भारत में ही वर्ल्ड कप के मैच खेलने होंगे, नहीं तो उसे अंक गंवाने होंगे। इस रिपोर्ट को खारिज किया है।

## झारखंड में हाथी ने 6 लोगों को कुचलकर मारा



**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम) ।** झारखंड के चाईबासा में जंगली हाथी ने मंगलवार रात 6 लोगों को कुचलकर मार डाला। यह सभी अपने घर में सो रहे थे। यह हाथी पिछले 7 दिन में इलाके के 16 लोगों की जान ले चुका है। वन विभाग इसे पकडने में कामयाब नहीं हो पाया है। ऐसे में वन विभाग के अफसरों ने अनंत अंबानी के वन्यजीव संरक्षण संगठन 'वनतारा' से मदद मांगी है। एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि, हाथियों की आवाजाही के कारण दक्षिण पूर्वी रेलवे के चक्रधरपुर डिवीजन में छह जोड़ी ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। नोवामुंडी प्रखंड के जेटिया पंचायत के भरबरिया गांव में शव के पास जुटी लोगों की भीड। नोवामुंडी प्रखंड के जेटिया पंचायत के भरबरिया गांव में शव के पास जुटी लोगों की भीड। मंगलवार रात चाईबासा जिले के नोवामुंडी प्रखंड के जेटिया पंचायत के भरबरिया गांव में हाथी ने जिन 6 लोगों को कुचलकर मार डाला, वह एक ही घर में सो रहे थे। रात करीब 10 बजे जब सभी सो रहे थे, तभी अचानक हाथी ने घर पर हमला कर दिया। हमले में सनातन मेराल, उनकी पत्नी जोंकों कुई, उनके दो बच्चे और परिवार के दो और सदस्य मारे गए।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| कल्याण नाइट | 148-3 | 179 -7 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |
| मधुर डे | 259-6 | 457-6 |
| मधुर नाइट | 459-8 | 160-7 |
| शुभांक | 2 5 | 8 |

# यातायात पुलिस की अनूठी गांधीगिरी, फिर चालान की जगह थमाया गुलदस्ता

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



अक्सर सड़क पर पुलिस को देखकर वाहन चालकों के मन में चालान का डर बैठ जाता है, लेकिन शाजापुर में बुधवार नजारा कुछ और ही था। यहां यातायात पुलिस ने चेकिंग के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को रोका, लेकिन उन पर जुर्माना लगाने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें सम्मानित करने के लिए। शहर के प्रमुख ट्रैफिक पॉइंट पर यातायात पुलिस ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया।

इस दौरान यातायात पुलिस के अशोक मालवीय और अन्य पुलिसकर्मियों ने बाइक चालकों को रोका जो हेलमेट पहनकर गाड़ी चला रहे थे। पुलिस को अपनी ओर आता देख चालक पहले तो सहम गए, लेकिन जब पुलिसकर्मियों ने मुस्कुराते हुए उन्हें गुलदस्ता और गुलाब का फूल भेंट किया, तो उनके चेहरे खिल उठे।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यातायात नियमों का पालन कराना केवल चालान काटकर नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करके भी किया जा सकता है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन लोगों का उत्साहवर्धन करना है जो अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क हैं और कानून का पालन करते हैं। पुलिस ने संदेश दिया कि हेलमेट पुलिस के डर से नहीं, बल्कि अपने परिवार और अपनी सुरक्षा के लिए पहनें।

### बिना हेलमेट वालों को दी समझाइश

जहां एक ओर हेलमेट पहनने वालों का स्वागत हुआ, वहीं बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को पुलिस ने रोका और उन्हें भविष्य में सुरक्षा नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। उन्हें समझाया गया कि घर पर कोई उनका इंतजार कर रहा है, इसलिए सुरक्षा में ही समझदारी है।

## एबीवीपी 9 जनवरी को आयोजित करेगी लोकसभा युवा संसद,रखेंगे अपने विचार

**शाजापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) शाजापुर इकाई द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष्य में लोकसभा युवा संसद, नई पीढ़ी, नई दिशा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल 9 जनवरी 2026, शुक्रवार को सुबह 8.30 बजे स्थानीय गांधी हॉल में होगा। इस अनूठे आयोजन में शहर के युवा संसदीय प्रक्रिया को समझते हुए समसामयिक विषयों पर मंथन करेंगे। इस संबंध में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय) में आयोजित एक प्रेस वार्ता में एबीवीपी के मालवा प्रांत सह मंत्री मनोज जाट और शाजापुर नगर मंत्री पवन गुर्जर ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। प्रेस वार्ता में पदाधिकारियों ने बताया कि इस युवा संसद की थीम विकसित भारत 2047 का आधार सामाजिक समरसता, सबका प्रयास और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद रखी गई है। कार्यक्रम में लगभग 45 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे, जो लोकसभा की तर्ज पर पक्ष और विपक्ष में बैठकर देश के ज्वलंत मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

युवा संसद में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा जिसमें प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपये और विशेष उल्लेख दो प्रतिभागी को 1000-1000 रुपये दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त तीन माननीय उल्लेख पुरस्कार भी दिए जाएंगे। सभी विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र और सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह देवास लोकसभा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में होगा, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विभाग कार्यवाह शैलेन्द्र सोनी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं,

## अभिभाषकों ने दिया समर्थन का भरोसा

**शाजापुर।** मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल के आगामी चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और वरिष्ठ अभिभाषक शेख अलीम का शाजापुर जिला अभिभाषक संघ में आगमन हुआ। यहां बार एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मकान / भूखण्ड म्यु क्रमांक 11 का भाग दुकान क्रमांक 02 एवं 03 जो कि तल मंजिल पर द्वारकाधीश बिल्डिंग, विश्वविद्यालय मार्ग उज्जैन (म.प्र.) जिराको कुल क्षेलफल 24.88 वर्गमीटर है। उपरोक्त संपत्तियों श्रीमती किरण भाटिया पति भगवानदास भाटिया से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 255 दिनाक 27-07-2009 के माध्यम से अरविद अग्रवाल एच यु एफ द्वारा अरविंद पिता सोहनलाल अग्रवाल को विधिवत प्राप्त हुई एवं द्वितीय संपत्ति सुरेश पारदासानी पिता श्री डी आर पारदासानी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 2826 दिनांक 30-03-2010 के माध्यम से अरनिंद पिता सोहनलाल अग्रवाल को विधिवत प्राप्त हुई, जिसके पूर्व का लिंक दस्तावेज क्रमांक 3131 दिनांक 16/02/1989 कही गुम हो गया है जिसकी रिपोर्ट संबंधित क्षेत्र के थाने में की जा रही है तथा अन्य दस्तावेज के साथ सत्यापित प्रतिलिपि भी प्राप्त की जा रही है। उपरोक्त सम्पत्ति क्रय करने के लिए ऋण प्राप्त करने हेतु नितेश भाटिया पिता श्री नरेश भाटिया के द्वारा आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक. सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से तीन दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो।

इति दिनांक 07/01/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा 1. श्री विरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता भेरु सिंह, 2. विरेन्द्र कुमार जैन पिता शिखरचन्द्र जैन निवासी उज्जैन खरेट तह.व जिला उज्जैन म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य किं कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 282/1/1/1/1/1/1 रकबा 0.05, में से 0.02380 कुल रकवा 0.02380 हेक्टेयर कुल किता 1 चंदुखेडी तह, व जिला उज्जैन जिला उज्जैन में स्थित है, कृषि भूमि कुल रकबा 0.02380 हेक्टेयर कुल किता 1 चदुखेडी तह. व जिला उज्जैन जिला उज्जैन में स्थित है, जिसका क्रय करने का अनुबंध पत्र सम्पादित किया जाना है। अतः सर्व साधारण को इस सबंध मैं सूचना दी जाती है की उपरोक्त कृषि भूमि के स्वत्व एवं स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार का कोई विवाद हक बंधक, दान वसीयत एवं अन्य किसी व्यक्तिगत के पास गिरवी आदि अन्य प्रकार से उपरोक्त, कृषि भूमि का कोई लेनदार और न्यायालय में जमानत दी हो या किसी अन्य व्यक्ति ने उपरोक्त, कृषि भूमि का विक्रय अनुबंध किया हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो उस दशा में इस जाहिर सूचना पत्र के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस जाहिर सूचना कि विज्ञप्ति के 7 दिवस में मुझे अथवा मेरे कार्यालय में इस संबंध में समस्त लेखी मय दस्तावेज लेकर के आपत्ति प्रस्तुत करे जिसका निराकरण विधिवत किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार संबंधित विक्रयता से उपपंजियन कार्यालय में विक्रय पत्र का सम्पादित करवा लेगे उस दशा में आपत्ति प्रस्तुत करने का एवं स्वामित्व संबंधित निराकरण करने का अवसर समाप्त हो जायेगा एवं कोई भी आपति मेरे पक्षकार के प्रति मान्य नही की जावेगी।

दिनांक 06/01/2026

**राजेंद्र सिंह सिसोदिया (हायकोर्ट एडवोकेट)**
**Office Address-13/6, Mahakal Vanijay Kendra**
**Nanakheda Ujjain (M.P)-456001**
**Mo. 75666-88839**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी 1. विजय पित्ता श्री चम्बलसिंह जी, उम्र 22 वर्ष, 2. राजकुंवर पति श्री चम्बलसिंह जी, उम्र- 42 वर्ष, 3. अजय पित्ता श्री चम्बलसिंह जी, उम्र 22 वर्ष, 4. श्रवण उर्फ मोंटी पिता श्री चम्बलसिंह जी, उम्र 22 वर्ष, निवासीगण - 01, ग्राम कलेसर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 149/1 रकबा 0.270 हेक्टर, सर्वे नम्बर 149/2 रकबा 0.280 हेक्टर, सर्वे नम्बर 149/3 रकबा 0.280 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 0.830 हेक्टर भूमि, ग्राम- कलेसर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-07/01/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-सी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन, मो. 9424878460**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी कुलभूषण जुनेजा पिता जगदीशराय जुनेजा निवासी 12, दशहरा मैदान, उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 145 हवाई हक सहित भवन क्रमांक 146 प्रथम मंजिल से हवाई हक व भवन क्रमांक 146/1 (146 का भाग) प्रथम मंजिल से हवाई हक का है, जिसकी चतु:सीमा पूर्व की ओर गली, पश्चिम की ओर मुख्य मार्ग तिलक मार्ग, उत्तर की ओर भवन क्र 144 राजकुमार वासवानी का है एवं दक्षिण में भवन चंद्रप्रकाश मदनलाल का है, उक्त संपति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का विधिवत विक्रय अनुबंध लेख कर लिया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है तथा शेष राशी अदा कर विक्रय पत्र कराया जाना बाकी है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो अथवा उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ती आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ती मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा म्याद गुजरने के पश्चात किसी की कोई आपत्ती आदि मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 08/01/26 स्थान उज्जैन

**एड्वोकेट अभिजीत शर्मा**
**कार्यालय - 2/15, भगवती गली,**
**फव्वारा चौक उज्जैन मो.94253-79480**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मकान / प्लाट नं म्यु 11 विश्वविद्यालय मार्ग माधव क्लब मार्ग उज्जैन (म.प्र.) पर निर्मित भवन द्वारकाधीश बिल्डिंग, पर की ग्राउण्ड फ्लोर (तल मंजिल) का भाग जीना एवं प्रथम मंजिल एवं द्वित्तीय मजिल स्थ्ति उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 8791 वर्गमीटर है। उक्त संपत्ति श्रीमती किरण भाटिया पति भगवानदास भाटिया से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र कनांक 269 दिनांक 28-07-2009 के माध्यम से श्रीमती कृष्णा अग्रवाल पति सोहनलाल अग्रवाल आदि को विधिवत प्राप्त हुई एवं जिसके पश्चात श्रीमती कृष्णा अग्रवाल पति सोहनलाल अग्रवाल ने अरविन्द अग्रवाल पिता सोहनलाल अग्रवाल को दानपत्र दस्तावेज क्रमाक एमपी 432019ए1263869 दिनांक 16/04/2019 के माध्यम से अपना हिस्सा दान कर दिया है तत्पश्चात अरविन्द अग्रवाल पिता सोहनलाल अग्रवाल एवं श्रीमती ज्योति अग्रवाल पति अरविन्द अग्रवाल उपरोक्त संपत्ति के स्वामी हुए है। जिसके पूर्व का लिंक दस्तावेज क्रमांक 3131 दिनांक 16/02/1989 कही गुम हो गया है जिसकी रिपोर्ट संबंधित क्षेत्र के थाने में की जा रही है तथा अन्य दस्तावेज के साथ सत्यापित प्रतिलिपि भी प्राप्त की जा रही है। उपरोक्त सम्पत्ति क्रय करने के लिए ऋण प्राप्त करने हेतु नितेश भाटिया पिता श्री नरेश भाटिया के द्वारा आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से तीन दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जायेगी। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 07/01/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 9713096363, 9713015515**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्री लक्ष्मणसिंह पिता केशर सिंह जाति- राजपूत निवासी ग्राम मेरखेडी बघाना इंदौर के एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 288/3/2 रकबा 0.400 हैक्टर, सर्वे नंबर 299 रकबा 0.300 हैक्टर, कुल किता 2 कुल रकबा 0.700 हैक्टर स्थित ग्राम मालीखेडी तहसील घटिया जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 07-01-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत (जैन), एड्व्होकेट**
**दुकान नंबर डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मो. 99260-68606**


## दोस्ती की आड़ में दरिंदगी, वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग, पीड़िता की तुड़वाई दो सगाइयां

**शाजापुर।** शहर में एक युवक ने चश्मा खरीदने आई युवती को दोस्ती के जाल में फंसाया और उसके साथ दुष्कर्म कर ब्लैकमेलिंग करने लगा। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मार्च 2024 में पीड़िता की मुलाकात बस स्टैंड स्थित मेंस वीयर्स पर चश्मा खरीदने के दौरान काशी नगर निवासी आरोपी सागर परमार से हुई थी। 20 जुलाई 2024 को आरोपी किसी काम का बहाना बनाकर पीड़िता को अपनी बाइक पर बैठाकर द्वारकापुरी कॉलोनी स्थित अपने दोस्त संदीप के घर ले गया। वहां आरोपी ने युवती को जान से मारने का खौफ दिखाकर उसके साथ जबरन दुराचार किया। इस दौरान उसने मोबाइल से आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। घटना के बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती का मुंह बंद करा दिया। इसी वीडियो की आड़ में उसने दो बार और युवती को अपनी हवस का शिकार बनाया। वह लगातार फोन पर पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। जब आरोपी ने शादी का दबाव बनाया और युवती ने मना किया, तो उसका असली चेहरा सामने आ गया। पीड़िता के अनुसार जब उसके परिजनों ने उसका रिश्ता तय किया, तो आरोपी सागर ने लड़के वालों को युवती के निजी फोटो भेजकर सगाई तुड़वा दी। परिवार ने हिम्मत नहीं हारी और आगर जिले में दूसरी जगह रिश्ता तय किया, लेकिन सिरफिरे ने वहां भी वही हरकत कर रिश्ता तुड़वा दिया। इसके बाद आरोपी ने फोन लगाकर जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। ऐसे में परेशान पीड़िता ने पुलिस थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

## खेत से लौट रहे बाइक सवार को डायल 112 ने मारी टक्कर, लहूलुहान हुआ युवक

**शाजापुर।** सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस के डायल 112 वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी जितेंद्र पिता राधेश्याम मालवीय मंगलवार रात करीब 10 बजे अपने खेत पर सिंचाई (पानत) कर बाइक से घर लौट रहा था। तभी लौंदिया रोड पर सामने से आ रहे 112 वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और जितेंद्र सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़ा। मामले में घायल के परिजनों ने वाहन में सवार स्टॉफ पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि टक्कर मारने के बाद वाहन में सवार पुलिसकर्मियों ने मानवीय संवेदनाएं ताक पर रख दीं। परिजनों का कहना है कि घायल तड़पता रहा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे अस्पताल ले जाना उचित नहीं समझा। अंततः सूचना मिलने पर परिजन खुद मौके पर पहुंचे और निजी साधन से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

## सेवा सप्ताह के तहत स्वच्छता अभियान और भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**शाजापुर।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय में युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में प्रतिदिन विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के पहले दिन की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने श्रमदान किया। वहीं, दूसरे दिन स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर केंद्रित संवाद कार्यक्रम और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी चंचल पाटीदार, प्रीति सौराष्ट्रीय, नीलम कुशवाह, इसरायल खां, सूरज और आशीष परमार ने स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों पर अपने विचार व्यक्त किए।


### जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी 1. आशीष पित्ता श्री मदनलाल 2. संजय पिता श्री मदनलाल, 3. वंदनाबाई पिता श्री मदनलाल, 4. श्रीमती सरोजबाई पिता श्री मदनलाल, 5. सुधीर पिता श्री मदनलाल, 6. उमाबाई पिता श्री मदनलाल, 7. सिरोमनि पिता श्री मदनलाल, 8. सुशीला पिता श्री मदनलाल, 9. वीणा पिता श्री मदनलाल के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं.-39 रकबा 0.10 हैक्टर भूमि ग्राम चकजयरामपुर तह0 व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि सिंचित होकर रोड से अंदर स्थित है। उक्त भूमि कि चर्तु:सीमा निम्नानुसार है-पूर्व में कांकड, पश्चिम में सर्वे क्रमांक-40, उत्तर में कांकड, दक्षिण में कच्चा रास्ता है। मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन बयाना राशि का भुगतान भी भूमि स्वामी को कर दिया है, अब अनुबंध पत्र एवं विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विकय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विकय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। इति दिनांक--08/01/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्या- डी-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स उज्जैन,**
**मो. 89891-45770**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी 1. अनुप शंकर तिवारी पिता स्व. उमाशंकरजी तिवारी, 2. श्रीमत्ती ज्योति तिवारी पति अनुप शंकर तिवारी निवासी शिवाजी पार्क कॉलोनी, उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य के भवन क्रमांक 43 स्थित शांति परिसर शक्करवासा देवास रोड, उज्जैन क्षेत्रफल 103.78 वर्गमीटर को मय जमीन तला एवं उसपर किये दो मंजिला कुल निर्माण उसमे लगे मटेरियल फिटिंग फिक्चर्स, व हवाई हक सहित तथा नल बिजली कनेक्शन सहित खाली हालत में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का लिखित अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है, एवं अनुबंधानुसार उल्लेखित अवधि में शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना है। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7. सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय बाबत् अनुबंध पत्र एवं तद्नुसार विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 07/01/2026 उज्जैन

**ओमप्रकाश बंसल सर्विस प्रोवाइडर**
**सी-6 भरतपुरी काम्प्लेक्स उज्जैन मोबा. 94250-93456**

न्यूज-कॉलम

## राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिये 4 का चयन

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत सतना में आयोजित राज्य स्तरीय महिला वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन वॉलीबॉल महिला टीम मे मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की खिलाड़ियों निशा वाघेला, हिमशिखा यादव, रितिका बैरागी, जानवी हांडा, का चयन हुआ है। खिलाड़ियों के चयन होने पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ .दिनेशचंद्र गुप्ता, खेल अधिकारी राजू कुमार, खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, जिला क्रीड़ा अधिकारी बंशीलाल बारीवाल, खेल अधिकारी अब्दुल रज्जाक, मनीष पांचाल एवं जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान, सचिव त्रिभुवन कविश्वर, कोच अभिषेक सेठिया ने बधाई दी है।

## महिला ने ऑनलाईन रूपयों की ठगी की

**मन्दसौर।** एक 53 वर्षीय व्यक्ति के साथ अज्ञात महिला के द्वारा ऑनलाईन रूपयों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया । पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी महिला के खिलाफ मंदसौर कोतवाली पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी बापूसिंह (53) पिता जलालसिंह ठाकुर निवासी जिला अभियोजन कार्यालय मंदसौर ने सिटी कोतवाली मंदसौर पर रिपोर्ट की है कि 19 जून 2025 से 5 जनवरी 2026 के दौरान आरोपिया निशा जैन निवासी अज्ञात द्वारा फरियादी के साथ ऑनलाईन रूपयों की धोखाधड़ी की गई।

## तीन आरोपियों से 150 क्वार्टर देशी शराब जप्त

**मन्दसौर।** यशोधर्मन थाना पुलिस ने कृषि उपज मण्डी लालघाटी रोड़ पर तीन आरोपियों के कब्जे से 150 क्वार्टर देशी शराब जप्त की है। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने मंगलवार की दोपहर में आरोपी श्यामलाल पिता मांगीलाल निवासी बोरखेड़ा के कब्जे से 50 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जप्त की। इसी प्रकार जसपाल उर्फ गोपाल (42) पिता राजाराम निवासी संजीत रोड़ नूर कॉलोनी मंदसौर के कब्जे से 50 क्वार्टर देशी मशाला जप्त की। इसी क्षेत्र में पुलिस ने एक अन्य प्रकरण में आरोपी सत्यनारायण (48) पिता भुवान निवासी कल्पना नगर गाडोलिया बस्ती के कब्जे से 50 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जप्त की। पुलिस ने इन तीनों प्रकरणों में आरोपियों के खिलाफ 34 आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

## इन्वेस्ट करने के नाम पर युवक के साथ व्हाट्सअप पर धोखाधड़ी

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ में एक युवक के साथ अज्ञात आरोपी ने व्हाट्सअप पर मैसेज कर इन्वेस्ट करने के लिये रुपए डलवाये व रिफण्ड नहीं किये। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शामगढ़ थाने पर फरियादी सानिध्य (23) पिता जगदीश मुजावदिया निवासी पंजाबी कॉलोनी शामगढ़ ने की रिपोर्ट की है कि 10 दिसम्बर 2025 की रात से 18 दिसम्बर 2025 के 12 बजे के बीच फरियादी के साथ आरोपी ने व्हाट्सअप पर मैसेज कर इन्वेटस करने के लिये रुपए डलवाये व रिफण्ड नहीं किये। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 319(2) व 308 में प्रकरण दर्ज किया है।

## नदी नालों में गंदगी और जलकुंभी हटाने की मांग

**नीमच।** शहर के नदी व नालों में जलकुंभी संक्रामक रोगों का कारण बन सकती है, जो महामारी का रूप भी ले सकती है। उक्त आशय का बयान जारी करते हुए पूर्व पार्षद डॉ.पृथ्वीसिंह वर्मा ने कहा कि जलकुंभी से पानी में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जिसके कारण बैक्टीरिया और कीटाणु पनपते हैं द्य जो दूषित जल से होने वाले रोग जैसे हैजा, टाइफाइड, पीलिया और पेट के कई रोग पैदा करते हैं। इसके जल के सम्पर्क में आने से त्वचाजनित रोग और फंगल इंफेक्शन और जलन भी होती है। इसके दूषित पानी में रहने से मछलियां और अन्य जलजीव भी मर जाते हैं। यह पानी मच्छर और अन्य बीमारियों का प्रजनन स्थल बन जाता है। जलकुंभी से पास की कॉलोनियों और बस्ती के कुएं और नलकूप भी दूषित हो सकते हैं। इन्दौर में हुई दूषित पानी से सैंकडों लोग बीमार हो गए । इस कारण विकासनगर, हुडको, जवाहर नगर, शास्त्री नगर, एकता कॉलोनी, स्कीम नं.9 और नीमच सिटी के लोगों में डर का माहौल है, कहीं जलकुंभी के दूषित जल से वे इसकी चपेट में नहीं आ जाएं।

# छोटी काशी में साहित्य का उत्सव: 29 जनवरी से सजेगी सीतामऊ साहित्य महोत्सव की महफिल, बाल मेले और आतिशबाजी के साथ शुरू हुई तैयारियां

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध जिले के सीतामऊ नगर में 29 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव के द्वितीय संस्करण का मंगलवार की संध्या लदूना तालाब स्थित सेवाकुंज परिसर से विधिवत एवं भव्य आगाज किया गया। इस अवसर पर एक हजार आकाशदीप आकाश में उड़ाए गए तथा आकर्षक आतिशबाजी की गई, जिससे पूरा सेवाकुंज परिसर प्रकाशमय हो उठा।

इस अवसर पर कलेक्टर अदिती गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, सुवासरा विधायक, एसडीएम शिवानी गर्ग सहित साहित्य प्रेमी आदि उपस्थित रहे। आगाज कार्यक्रम के दौरान दोपहर में बच्चों के लिए विशेष बाल मेले का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रचनात्मक एवं आकर्षक स्टॉल लगाए गए।

सीतामऊ साहित्य सम्मेलन के माध्यम से क्षेत्रवासियों को एक बार फिर सीतामऊ की ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक समृद्धता से परिचित कराया जाएगा। मुख्य आयोजन 29. 30 एवं 31 जनवरी को सीतामऊ में आयोजित होगा, जिसमें साहित्य, कला, संस्कृति एवं दर्शन से जुड़ी देश की जानी-मानी हस्तियां सहभागिता करेंगी। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान प्रतिदिन विभिन्न विधाओं से जुड़े रुचिकर और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसे लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। क्षेत्र में उपलब्ध हस्तलिखित ग्रंथ, ताम्रपत्र एवं अन्य बहुमूल्य ऐतिहासिक धरोहरें शोध और अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र रही हैं, जिनका उल्लेख एवं विमर्श इस महोत्सव में किया जाएगा। आयोजन के दौरान पूरे नगर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है।



## श्रीमती विजयवर्गीय के निधन पर लायंस को मिला नेत्रदान

**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से श्रीमती मुन्नीदेवी विजयवर्गीय के दुखद निधन के पश्चात, उनके परिजनों ने नेत्रदान संपन्न कराया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने नेत्र उत्सर्जित करने की प्रक्रिया पूर्ण की।लायन अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया मृत्यु के पश्चात भी किसी के जीवन में प्रकाश भरना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। विजयवर्गीय परिवार ने समाज के प्रति जो जिम्मेदारी निभाई है, वह सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान प्रोजेक्ट चेयरमैन सी.ए. विकास भंडारी, सुनील विजयवर्गीय, अजय लोढ़ा, पार्षद सुनील बंसल ने दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित की। क्लब सचिव विक्रांत भावसार ने विजयवर्गीय परिवार का इस अनुकरणीय निर्णय के लिए साधुवाद ज्ञापित किया।

# चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के प्रतिभा सम्मान समारोह में 2500 मेधावी विद्यार्थी होंगे सम्मानित

## 10 जनवरी को विधायक सभागृह में होगा समारोह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में इस वर्ष करीब 2500 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन 10 जनवरी को बरबड़ विधायक सभागृह में होगा। इस संबंध में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें समिति के सर्व श्री शैलेंद्र डागा (पूर्व महापौर), निर्मल लुनिया, महेंद्र नाहर, सोना शर्मा एवं आनंद जैन उपस्थित रहे।

फाउंडेशन अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप द्वारा नगर की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। शिक्षा सत्र 2024-25 के प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। 93 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 121 मेधावी विद्यार्थी अतिथियों के साथ मंच साझा करेंगे।

सभी मेधावी विद्यार्थियों को अभिभावकों की उपस्थिति में रिस्ट वॉच एवं शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। सभी बच्चों के पुरस्कार के कूपन एवं अभिभावकों के निमंत्रण स्कूल पहुंचा दिए गए है। मेधावी विद्यार्थी अपने स्कूल से संपर्क कर अपने कूपन प्राप्त कर सकते है।

चेतन्य काश्यप फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2014 से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर रहा है। अब तक हजारों बच्चें इसमें सम्मानित हो चुके है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

## विधानसभा चुनाव हारने के बाद पुनः प्रेमचंद गुड्डू ने दिखाया दमखम



**आलोट ।** विधानसभा चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ने के बाद बुधवार को पहली बार प्रेमचंद गुड्डू ने आलोट में अपने पुत्र अजीत बोरासी के जन्मदिन मनाने के बहाने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर अपनी ताकत को बताया है । हालांकि अजीत बोरासी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बिहार में विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाकर भेजा था । लेकिन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अभी तक पूर्व सांसद प्रेमचंद गुड्डू एवं उनके पुत्र अजीत बोरासी को कांग्रेस में लेने की अधिकृत घोषणा नहीं की है । नगर के पंचम विहार कॉलोनी में बुधवार को उनके निवास के पास ही एक बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें विधानसभा क्षेत्र के कई कांग्रेसी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे थे, इस दौरान गुड्डू इंदौर से हेलीकॉप्टर द्वारा आलोट पहुंचे यहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया । इस दौरान गुड्डू ने कहा कि मैंने क्षेत्र की हमेशा सेवा की है।

## राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए रविना का चयन

**मन्दसौर।** इंदिरा गांधी शासकीय कन्या महाविद्यालय, मन्दसौर की छात्रा रविना कंवर का चयन 12 से 16 जनवरी तक मैंगलोर (कर्नाटक) में आयोजित होने वाली अ.भा.अंतर विश्व विद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। एन.आई.एस. जिला एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा ने बताया रविना कंवर का चयन विगत 16 व 17 दिसम्बर तक जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 मी. बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीत कर श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर हुआ हैं। रविना की इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी विजेन्द्र देवड़ा, उत्कृष्ट महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे, कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुधीर रायजादा, क्रीड़ाधिकारी राजू कुमार, मनीष पांचाल, गजेंद्र जायसवाल ने बधाई दी।



# पुलिस के चैकिंग अभियान में बेवजह घूमने वाले 102 संदिग्ध लोगों को पुलिस ने पकड़ा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

आपराधिक प्रवत्तियो में लिप्त गुंडों, बदमाशों की धरपकड़ और चोरी, चाकू बाजी की वारदातों की रोकथाम के लिए पुलिस ने चेकिंग पाइंट के साथ विशेष गश्त अभियान चलाया। अभियान के तहत शहर के चारो थानों में मौजूद पुलिसकर्मियो ने बेवजह घूमने वाले 102 लोगो को जेल वाहन में बैठाकर थाने लाए। सभी को उचित समझाइस देकर घर रवाना किया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा शहर में लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, आम जन की सुरक्षा एवं अपराधियों में कानून का भय पैदा करने, चाकुबाजी एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु अति. पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में शहर के सभी थाना क्षेत्र में प्रभावी गश्त / पेट्रोलिंग करने एवं अवैध गतिविधियों एवं आदतन बदमाशों पर नजर रखते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कड़ी वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देश प्रदान किये गये है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मंगलवार को गत रात्रि में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के नेतृत्व में सभी थाना क्षेत्रों में विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा, नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया, थाना प्रभारी माणकचौक पतिराम डावरे, थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र रतलाम सत्येंद्र रघुवंशी, थाना प्रभारी डीडी नगर उपनिरीक्षक अनुराग यादव, थाना स्टेशन रोड से 2 आईसी उप निरीक्षक विजय बामनिया के साथ जेल वाहन लेकर क्षेत्र में भ्रमण कर बेवजह घूमने वाले एवं संदिग्धों को चेक किया गया। डीडी नगर थाना क्षेत्र 42, औद्योगिक थाना क्षेत्र रतलाम में 18, माणकचौक थाना क्षेत्र में 16 एवं स्टेशन रोड थाना में 26 लोगों सहित कुल 102 बेवजह घूमने वाले लोगों को पर कार्यवाही की गई।

# सांवरिया सेठ जाने वाले यात्रियों का मजदूर संघ ने किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

निरंतर 20 वर्षों से मध्य प्रदेश के खरगोन जिला से राजस्थान मेंवाड़ तीर्थ मंडफिया सांवरा सेठ जी के दर्शन लाभ लेने के लिए 1100 यात्री श्रद्धालुओं का जत्था साइकिल पर सवार होकर देश की सुख शांति और अमन चैन के लिए हर वर्ष जनवरी माह में रवाना होकर भगवान श्री सांवरिया सेठ जी के दरबार 7 जनवरी को पहुंच कामना के साथ पहुंचे अखिल भारतीय वनवासी कृषि ग्रामीण मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर जायसवार के नेतृत्व में सांवरा जी यात्रा जाने वाले सभी यात्रियों को भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारीयों एवं समाजसेवियों ने सनातन धर्म का प्रतीक केसरिया दुपट्टा गले में डाल सम्मान किया साथ ही बताया कि यह यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा के रूप में भी जानी जाती है जो की इन सभी यात्री श्रद्धालुओं के द्वारा खरगोन जिला से प्रारंभ होकर सांवरिया सेठ जी मंदिर पर संपन्न होती है इस यात्रा में ट्रस्ट के माध्यम से यात्रियों को भोजन चिकित्सा सुविधा विश्राम जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहती है और यह यात्रा इन सभी यात्रियों द्वारा देश में शांति सद्भावना कायम करने एवं सनातन धर्म के लोगों को एकजुट करने की मनसा से पूर्ण की जाती है जिसके लिए हम सभी भारतीय मजदूर संघ एवं सनातन धर्म परिवार के सभी साथी इनके पराक्रम की सराहना करते हुए इन्हें साधुवाद दिया ।

इस अवसर पर अखिल भारतीय वनवासी कृषि ग्रामीण मजदूर संघ जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर जायसवार, जिला संयोजक दुर्गा शंकर दशाणा (पार्षद), जिला सचिव मोहन यादव, विशाल राणा, लोकेश खरे,आकाश नागदा , चंद्र प्रकाश मोमू लालवानी, कालू लोधा एवं कई समाज सेवी साथी गण उपस्थित थे।

## ग्रामीण मजदूरों की चौपाल पर पूर्व सांसद नटराजन ने सुनी शिकायत



**पिपलिया मंडी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मन्दसौर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व एवं मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मनासा खुर्द ग्राम पंचायत में गांव पामाखेड़ा, मनासा खुर्द में "मनरेगा ग्रामीण मजदूरों की चौपाल" पर पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन जी ने हर शिकायत सुनकर बताया कि नए नियम मजदूर-विरोधी हैं। आधार, तकनीक और सीमाओं से गरीब बाहर हो रहे हैं! यह सिर्फ योजना नहीं, गरीबों का हक है! लड़ाई जारी रहेगी... इस अवसर पर पंचायत स्तर पर संगठन सृजन अभियान की शुरूआत हुई।

# मन्दसौर जिला विकास सलाहकार समिति का गठन मुख्यमंत्री अध्यक्ष और प्रभारी मंत्री होंगी उपाध्यक्ष

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

मन्दसौर जिले के सर्वांगीण विकास और स्थानीय समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला विकास सलाहकार समिति का औपचारिक गठन कर दिया गया है। कलेक्टर कार्यालय (योजना एवं सांख्यिकी) द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस नवगठित समिति में कुल 36 सदस्यों को शामिल किया गया है।

समिति की कमान सीधे प्रदेश के मुखिया के हाथों में होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समिति के अध्यक्ष होंगे, जबकि जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति के सदस्यों में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायकगण विपिन जैन, हरदीपसिंह डंग, चंदरसिंह सिसौदिया, मंदसौर नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, जनपद मंदसौर, मल्हारगढ़, सीतामऊ, गरोठ, भानपुरा के अध्यक्ष सहित भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायकगण यशपालसिंह सिसौदिया, देवीलाल धाकड़, राधेश्याम पाटीदार, भाजपा नेता मदनलाल राठौर, अनिल कियावत, सुषमा आर्य, मुकेश काला, मानसिंह माछोपुरिया, नानालाल अटोलिया, धीरज पाटीदार, रमेशचन्द्र चन्द्रे, गोपाल पटवा, प्रियंका गोस्वामी, संजय मुरड़िया, विकास सुराना, तेजपालसिंह शक्तावत, राधेश्याम कुमावत, क्षितिज पुरोहित, विकास भण्डारी को शामिल किया गया है। मन्दसौर कलेक्टर इस समिति के सदस्य सचिव होंगी।

इस समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य जिले की जनता और जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर दीर्घकालीन विकास योजनाएं बनाना है। वोकल फॉर लोकल सिद्धांत के तहत स्थानीय पारंपरिक कौशलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना। स्थानीय प्रयासों से नए नवाचारों को लागू करना और रोजगार के अवसर सृजित करना। उद्योग, व्यापार, कृषि, खनिज और जल संरक्षण के क्षेत्र में ठोस कार्ययोजना तैयार करना रहेगा।

## स्व. श्री कश्मीरी लाल अरोरा स्मृति में शतरंज का महाकुंभ आज

**नीमच।** शहर मे स्व. श्री कश्मीरीलाल अरोरा की स्मृति में खेले जा रहे शतरंज के महाकुंभ के अंतर्गत शतरंज के इंटरनेशनल टूनार्मेंट में 5 वर्ष के मासूम बालक से लेकर 85 वर्ष तक के बुजुर्ग भी हिस्सा लेगे द्य यह प्रतियोगिता का आज गुरुवार 8 जनवरी से होगा। इस प्रतियोगिता में नीमच के 5 वर्षीय मासूम साहेब सिंह गोत्रा इस टूनामेंट में दावेदारी कर रहे हैं वहीं झांसी उत्तर प्रदेश के 85 वर्षीय बुजुर्ग आरके गुप्ता इसमें हिस्सा ले रहे हैं। डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष विजयरत्न गर्ग व ऑर्गेनाईजिंग कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र सोनी ने बताया कि आज गुरुवार को सुबह 10 बजे प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ गणमान्यजनों की उपस्थिति में किया जाएगा। श्री गर्ग व श्री सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता में 300 प्रतिभावान व श्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ(फीडे) के निर्देशन में होने वाले इस टूर्नामिंट के प्रति खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। नीमच के इतिहास में यह पहला ऐसा आयोजन होगा जो अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा। नीमच की प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अपनी प्रतिभा दिखाने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हो रहा है। गौरतलब है फीडे की रेटिंग प्राप्त करना हर शतरंज खिलाड़ी का एक सपना है। समाजसेवी अरुल अशोक अरोरा ने बताया कि इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने के सभी प्रयास किया जा रहे हैं।


कार्यालय नगरपालिका परिषद मंदसौर (म.प्र.)

E-Mail :cmomandsaur@mpurban.gov.in
Phone : 07422-405964
ULB Code : 802211

क्रमांक 26/स्टोर शाखा/2025 — दिनांक 06-01-2026

ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

निकाय को कार्यालय में कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है। इच्छुक डिलर अपनी दरें समस्त करों सहित प्रस्तुत करें।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्रमांक | सामग्री का विवरण | अमानत राशी | निविदा प्रपत्र का मुल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025 UAD 472820-1 | निकाय द्वारा फायर फाइटर एम पी 14 एच सी 0252 में पानी का टेंक आदि कार्य करवाने हेतु 1 पानी का टेंक , बाडी रिपेयरीगं , 2 फायरीगं पम्प , पीटीओं पम्प शाफ्ट रिपेयरीगं, 3 व्हील ग्रीसींग ,4 केबीन की बाडी का कार्य, 5 फाटक , सीट बनवाना, फाटक लॉक बदलना, 6 गाड़ी कलर करवाना ,7 बाट लाईट , शर्च लाईट , मानीटर डलवाना , 8 फायरींग पम्प वॉल बदलाना , 9 वायरीग रिपेयरीगं , पिछे फाटक बनवाना ,10 शर्च लाईट जनरेटर रिपेयरींग करवाना , 11 मेन ग्लास की वायपर , कांच की रबड गौट बदलाना 12 फाटक की कॉच की केसी डलवाना समस्त कार्य की एक मुश्त रेट्स मय टेक्स सहित देवें | 16000.00 | 2500.00 |
| 2 | 2025 UAD 472815-1 | नगर पालिका का वाहन क्रमांक एम पी 14 एच सी 0236 काम्पेक्टर को डम्पर में परिवर्तित करना मय टाटा आईवा बॉडी लगाना, PTO Pump , Hydraulic 35 टन क्षमता Assy kit Copm.10CUM-BOX HYD Tipping,SubAssy Axial Pistion Pump BS1/2/3/4 Assj Jack, Assy Tapping tank with air controller , Assy HYD Tipping Body Tank & Jack Changing. Etc. वाहन पर कलर करना नगर पालिका का नाम स्लोगन/लिखना एवं उक्त कार्य में लगने वाली अन्य सम्पूर्ण आवश्यक सामग्री मजदुरी सहित कार्य। | 16000.00 | 2500.00 |
| 3 | 2025 UAD 472789-1 | नगर का स्वच्छ भारत मिशन अतंर्गत 150 जुडवा डस्टबिन (हरा एवं निला पीला ) 100 नग हरे नीले जुडवा स्टेण्ड सहित 50 नग हरे नीले पीले जुडवा स्टेण्ड सहितलगाये जाने हेतु निचे लिखे अनुसार कय किए जाना है। दर प्रति–नग पृथक पृथक देवे। | 10000.00 | 2000.00 |
| 4 | 2025 UAD 472809-1 | स्वास्थ्य शाखा में कार्यरत दरोगा/प्र.दरोगा एवं सफाईमित्र फिल्ड में सफाई का कार्य करते है। इस हेतु शीतऋतु में सुरक्षा की दृष्टि से 800 नग ऊनी वस्त्र (पुरूष एवं महिला) ( ऊनी वस्त्र)निचे लिखे अनुसार कय किए जाना है। प्रतिनग दर पृथक पृथक देवे। | 5000.00 | 2000.00 |

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र फॉर्म – सी पर आमंत्रित किया जाना है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाईट http:mptender.gov.in पर देखा जा सकता है ।

1 निविदा संबधित आवश्यक जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
2 निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पास सुरक्षित रहेंगा।
3 ऑनलाईन दरें समस्त करों सहित देवे।
4 निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह केवल वेबसाईट पर ही प्रदर्शित होगा। उसके लिये पृथक से कोई विज्ञापन समाचार पत्रों में जारी नही किया जावेगा।
5 सर्शत निविदा मान्य नही की जावेगी।
6 समस्त निविदाकारों सुचित किया जाता है कि वह अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न कर निर्धारित समय सारणी अनुसार निविदा की ऑनलाईन प्रक्रिया पूर्ण करनें वेबसाईट में किसी प्रकार की असुवीधा के लिये विभाग उत्तरदायी नही होगी।

अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मन्दसौर | उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद मन्दसौर | सभापति नगरपालिका परिषद मन्दसौर | मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मन्दसौर



## शीतलहर में स्कूलों की छुट्टी, बच्चों ने गिल्ली-डंडे का लिया आनंद

**सारंगपुर।** मालवा क्षेत्र का पारंपरिक खेल गिल्ली-डंडा कभी गांव-गांव बच्चों और युवाओं का प्रमुख मनोरंजन हुआ करता था, लेकिन मोबाइल और इंटरनेट के बढते चलन के कारण यह खेल अब कम ही देखने को मिलता है। शीतलहर में स्कूलों की छुट्टी के अवसर पर सारंगपुर के ब्लाक कालोनी में बच्चों ने गिल्ली-डंडा खेलकर इस परंपरा को फिर से जीवंत कर दिया। बच्चों को खेलते देख ग्रामीणों को अपने बचपन के दिन याद आ गए। लोगों का कहना है कि ऐसे पारंपरिक खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि आपसी भाईचारा और सामाजिक जुडाव भी मजबूत करते हैं। दयाल हाड़ा ने बताया बहुत दिनों बाद गिल्ली-डंडा खेलने का मौका मिला। नए साल पर हम युवकों ने इस खेल का भरपूर आनंद लिया, जिससे काफी अच्छा महसूस हो रहा है।

## कड़ाके की सर्दी में भी अटूट आस्था, प्रभात फेरी में उमड़ रहे रामभक्त



**सुसनेर।** कड़ाके की ठंड और सुबह की ओस के बावजूद नगर में रामभक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर प्रतिदिन निकाली जा रही प्रभात फेरी में श्रद्धालु नियमित रूप से सहभागिता कर रहे हैं। प्रतिदिन सुबह ठीक 6 बजे श्रीराम मंदिर धर्मशाला से प्रभात फेरी की शुरूआत होती है जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचती है। प्रभात फेरी के दौरान रामभक्त हाथों में भगवा ध्वज लेकर श्रीराम के जयघोष करते हुए भजन-कीर्तन करते हैं। जिससे पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो जाता है। इस प्रभात फेरी में युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है। वहीं महिलाएं भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता कर रही हैं। आयोजकों के अनुसार, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह प्रभात फेरी प्रतिदिन निकाली जा रही है। जो 22 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगी। नगरवासियों का कहना है कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना को बल मिलता है। कड़ाके की सर्दी में भी रामभक्तों की यह आस्था और नियमित सहभागिता श्रद्धा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

## कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, मंत्री से इस्तीफे की मांग, जलाया विजयवर्गीय का पुतला




**सुसनेर।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई कथित अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा डाक बंगला चौराहा पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया।प्रदर्शन में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मंत्री विजयवर्गीय से इस्तीफा देने की मांग की और इस तरह की टिप्पणियों को निंदनीय बताया।

## महिलाओं ने तिल चतुर्थी व्रत कर भगवान गणेश को लगाया तिल लड्डू का भोग



**बड़नगर।** प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी में महिलाओं ने मंगलवार को तिल एवं संकट चतुर्थी व्रत कर भगवान गणेश और संकटा माता की विधि विधान से पूजा कर तिल के लड्डू का चौथ माता को भोग लगाया । पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि इस दिन महिलाओं ने चौथ माता से संतान की लंबी आयु, सुख, समृद्धि और संकटों से मुक्ति की कामना की। पश्चात चंद्रमा को अर्ध देकर तिल गुड़ से बने पकवान खाकर व्रत खोला ।

सारंगपुर में सर्द हवाओं का असर जारी

# कृषि एवं स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की, फसल सुरक्षा के उपाय बताए

### धूप के बावजूद ठंड से राहत नहीं, न्यूनतम तापमान छ डिग्री पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर में मंगलवार सुबह आसमान साफ रहा और धूप खिली रही। धूप निकलने से लोगों को थोडी राहत मिली, लेकिन सर्द हवाओं के कारण ठंड का असर अब भी बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार रात का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन के सबसे कम तापमानों में से एक है।

वर्ष 2026 की शुरूआत से ही कडाके की ठंड पड रही है और यह सिलसिला जारी है। सोमवार को आधे दिन में धूप खिली, मंगलवार को दिनभर धूप रही लेकिन ठंडी हवाओं के कारण गर्माहट महसूस नहीं हुई। मौसम विशेषज्ञो ने बताया कि आगामी एक सप्ताह तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। सोमवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार और मंगलवार रात को घना कोहरा भी छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना है। सर्द हवाएं लोगों के लिए चुनौतियां बढा सकती हैं, जिसके मद्देनजर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।



#### पाले से बचाने के लिए एडवाइजरी

कृषि विभाग ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि रात में गिर रही ओस गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद बताई जा रही है, लेकिन सब्जी की फसलों में पाला पडने का डर बना हुआ है। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि वे अपनी फसलों को पाले से बचाने के लिए खेतों की मेडों पर आग जलाएं और सुबह के समय फसलों में सिंचाई करें।

#### रात में खेतों में धुआं करने की सलाह

किसानों को सलाह दी गई है कि पाले की आशंका होने पर रात के समय खेत में 6 से 8 स्थानों पर धुआं करें। इसके लिए सूखी घास, पत्तियां या फसल के अवशेष जलाए जा सकते हैं। इससे धुआं पूरे खेत में फैलता है और तापमान करीब 5 डिग्री सेल्सियस तक बना रहता है, जिससे फसलों को पाले से नुकसान से बचाया जा सकता है। एसएडीओ ने कहा कि चना, मसूर और मटर जैसी फसलों में इस मौसम में इल्ली और माहू जैसे कीटों का असर शुरू हो सकता है। यदि इन्हें समय पर नहीं रोका गया, तो उत्पादन पर असर पडेगा। जैसे ही कीट या रोग के लक्षण दिखें, किसान तुरंत उपचार करें। मौसम रबी फसलों के लिए अनुकूल है, लेकिन सतर्कता और समय पर प्रबंधन जरूरी है। तभी किसान इसका पूरा लाभ उठा सकेंगे।

#### कोहरा व ठंड से पौधों में तेज हुई ग्रोथ

किसान सचिन गुर्जर ने कहा कि इस बार मौसम पूरी तरह फसल के पक्ष में आसपास के गांवों में गेहूं की फसल मगहू का की स्थिति संतोषजनक है। खेतों में हरियाली और पौधों का घनत्व देखकर किसान उत्साहित हैं। इस बार मौसम पूरी तरह फसल के पक्ष में है। ठंड और कोहरे से नुकसान नहीं, बल्कि फायदा हो रहा है। गेहूं की जडें मजबूत हो रही हैं। कंदों का फुटाव बेहतर है। इससे बालियों की संख्या और दानों का आकार अच्छा रहने की उम्मीद है। किसान ने कहा कि ठंड और कोहरे से खेतों में नमी बनी हुई है। यह फसलों के लिए लाभकारी है। गेहूं और सरसों की फसलों में फूल आने की स्थिति बन रही है। मिट्टी में नमी बनी रहने से सिंचाई की जरूरत कम हो गई है। इससे लागत घट रही है। फसल की गुणवत्ता बेहतर होने की संभावना बढी है।

#### स्वास्थ्य विभाग ने भी दी एडवाइजरी

स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने सलाह दी है कि अत्यधिक ठंड के कारण छोटे बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर न जाने दें। लोगों को शरीर को गर्म रखने और गर्म कपडे पहनकर ही घर से बाहर निकलने की हिदायत दी गई है। ठंड के प्रकोप से बचने के लिए हीटर या आग का सहारा लेने और गर्म पानी पीने की सलाह दी गई है। लोगों को अत्यधिक ठंडे पानी से दूर रहने और ज्यादा देर तक शरीर को ठंड या ठंडे पानी के संपर्क में न रखने की हिदायत भी दी गई है।

## बोलेरो से अवैध शराब ले जाते पुलिस ने घेराबंदी कर दो तस्करों को दबोचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले में अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के नेतृत्व में क्लीन स्वीप अभियान जारी है। इसी कड़ी में थाना लालघाटी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए लग्जरी बोलेरो निओ वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन सहित कुल 10 लाख 48 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है।

#### भागने की कोशिश नाकाम

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय व एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में लालघाटी थाना प्रभारी को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि एक सफेद बोलेरो निओ में शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। पुलिस टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए राघवेल जोड़ पर घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध वाहन वहां पहुंचा, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। तलाशी लेने पर पुलिस की आंखें फटी रह गईं। गाड़ी के अंदर 12 पेटी अवैध देशी प्लेन शराब (108 बल्क लीटर) छिपाई गई थी।



#### टुंगनी और अनखली के आरोपी

पुलिस ने मौके से अवैध परिवहन कर रहे दो तस्करों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम संजय पिता प्रहलाद सिंह गुर्जर निवासी टुंगनी और संजय पिता भोलाराम गुर्जर निवासी अनखली बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शराब कीमत 48,000 और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही नई बोलेरो कीमत 10 लाख को जब्त किया है। उक्त पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने में थाना प्रभारी अर्जुनसिंह मुजाल्दे, प्रधान आरक्षक चंद्रपाल जाट, प्रमोद नागर और जितेंद्र यादव का विशेष योगदान रहा।

## ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय साइंस विंटर कैंप का समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आरोन

विगत दिवस स्थानीय माधव विद्या मंदिर हाईस्कूल में ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय साइंस विंटर कैंप का समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी मुख्य वैज्ञानिक डॉ धर्वेंद्र सिंह रहे। इसके अतिरिक्त ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी के मध्यप्रदेश राज्य कमेटी के सदस्य कृष्णा बैरागी, शिवेंद्र रघुवंशी सर एवं सामाजिक कार्यकर्ता एम नायक भी अतिथि दीर्घा में मौजूद रहे। इस दौरान बात रखते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है जो बच्चों में विज्ञान के तर्क एवं सिद्धांतों को आत्मसात करने के लिए इस प्रकार के कैंप एवं अन्य गतिविधियां आयोजित कर रहा है। मुख्य वक्ता बैरागी ने विज्ञान के इतिहास एवं विभिन्न वैज्ञानिकों के जीवन संघर्ष को छोटी छोटी कहानियों के द्वारा बहुत ही रूचिपूर्ण तरीके से बच्चों के बीच रखा। इसके बाद सभी बच्चों को प्रमाणपत्र दिए गए। इसके पूर्व आज बच्चों के लिए कैंप में एक्सपेरिमेंट वर्कशॉप, साइंस क्विज एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक भाग लिया। अंत में कैंप प्रभारी योगेश सोनी एवं शिवम साहू ने सभी अतिथियों, कैंप में आर्थिक सहायता प्रदान करने वालों एवं सभी वालंटियर का उनके सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## कर्मोन्नति की माँग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शुजालपुर।** नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों के कर्मोन्नति आदेश जारी करने की माँग को लेकर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौपा। राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि उज्जैन संभाग के नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों के 12 एवं 24 वर्षीय कर्मोन्नति आदेश जारी करने हेतु राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार के नेतृत्व में प्रतिनिधमंडल ने नवीन शैक्षिक संवर्ग अध्यापक संवर्ग के 12 एवं 24 वर्षीय कर्मोन्नति आदेश जारी करने की माँग को लेकर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उज्जैन रमा नहाटे को ज्ञापन दिया।

## फंदे पर लटका मिला 80 वर्षीय महिला का शव

**शुजालपुर।** पुलिस थाना मंडी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बावनखेड़ा में एक 80 वर्षीय महिला काशव फ दे पर लटका हुआ मिला, यह वृद्ध महिला घर में अकेली रहती थी। पड़ोस में रहने वाले भतीजे ने घर का दरवाजा खटखटाया और अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो शंका होने पर कच्चे मकान के उपर जाकर देखा तो यह वृद्ध महिला फंदे पर लटकी हुई दिखी। इस मामले को प्रथम दृष्टाय आत्महत्या का माना जा रहा है। हालांकि 80 वर्ष की महिला आत्महत्या जैसा कदम किस वजह से उठाएगी यह स्पष्ट नहीं हुआ। जब महिला फंदे पर लटकी हुई थी तो उसके चेहरे पर गले तक 2 से 3 कपड़े ढके हुए थे। मृतका का नाम भूरी बाई पति स्वर्गीय मांगीलाल मालवीय बताया गया।

## देवास-भोपाल मार्ग पर कोहरे के चलते अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग की तैनाती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा

देवास-भोपाल हाईवे पर घने कोहरे के कारण सड़क हादसों की आशंका को देखते हुए मार्ग प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग टीमों एवं फॉग लाइट से लैस एटेनेयूएटर वाहनों की तैनाती की गई है। यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह मार्ग BOT मॉडल के तहत फंड आधारित कंपनी द्वारा संचालित है, जहां सुरक्षा को लेकर त्वरित एवं सक्रिय निर्णय संभव हो पाए हैं।

मार्ग संचालक कंपनी ने कोहरे के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अतिरिक्त पेट्रोलिंग वाहन, 247 निगरानी व्यवस्था तथा त्वरित सहायता तंत्र को सक्रिय किया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मदद उपलब्ध कराई जा सके। विशेष रूप से दुर्घटना संभावित स्थलों पर एटेनेयूएटर वाहनों की तैनाती से टकराव की स्थिति में जान-माल की क्षति को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।



सूत्रों के अनुसार देवास-भोपाल कॉरिडोर पर कोहरे की गंभीरता को देखते हुए कई अग्रिम सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं। इसके अंतर्गत टोल प्लाजाओं पर ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें वाहन चालकों को कम दृश्यता में नियंत्रित गति और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। इसके साथ ही दृश्यता बढ़ाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए वाहनों पर पीले रिफ्लेक्टिव स्टिकर्स लगाए जारहे हैं, तथा चालकों से लो बीम हेडलाइट का उपयोग करने, हाई बीम से परहेज करने, गति सीमित रखने और कोहरे में ओवरटेकिंग से बचने का लगातार अनुरोध किया जा रहा है।

जानकारों का कहना है कि इस प्रकार के व्यापक और सुनियोजित सुरक्षा उपाय सामान्यतः राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन संचालित राष्ट्रीय राजमार्गों पर ही देखने को मिलते हैं, जबकि राज्य राजमार्गों पर ऐसी अग्रिम एवं व्यवस्थित व्यवस्थाएं प्रायः अनुपस्थित रहती हैं। ऐसे में देवास-भोपाल जैसे आधारित मार्ग पर इन उपायों का लागू होना संचालन की तत्परता और उत्तरदायित्व को दर्शाता है। मार्ग प्रबंधन का स्पष्ट कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और कोहरे जैसे प्रतिकूल मौसम में अतिरिक्त रूट पेट्रोलिंग, सतत निगरानी एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। देवास-भोपाल कॉरिडोर पर की गई यह पहल निजी सहभागिता के तहत संचालित सड़कों पर बेहतर प्रबंधन, त्वरित निर्णय क्षमता और सड़क सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण मानी जा रही है।



## गणित जीवन को सही दिशा देता है

**महिदपुर रोड।** सरस्वती शिशु मंदिर बप्पैया में श्री निवास रामा नुजन के जन्म जयंती और राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गणित मेला और कक्ष सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस दौरान विद्यार्थियों के लिये विभिन्न गणितीय गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें गणित प्रश्नमंच प्रतियो गिता त्वरित गणना गतिविधि, गणि तीय पहेलियाँ व रोचक प्रश्न,तर्क शक्ति एवं मानसिक गणना अभ्यास,गणितीय मॉडल एवं चार्ट ,गणितीय रंगोली , गणितीय चित्रकला द्वारा स्कूली बच्चों द्वारा गणितीय आकृति निर्माण आदि गतिविधियों में भाग लिया तथा अपनी गणनात्मक क्षमता, तार्किक सोच एवं आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में गणित विषय के प्रति रुचि बढ़ाना, भय को दूर करना तथा गणित को रोचक एवं सरल बनाना रहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार सिंह डोडिया (विद्यालय संयोजक), समरथ मालवीय( प्रधानाचार्य) का आथित्य प्राप्त हुआ। आयोजन में शिक्षक शिक्षिकाऐं उपस्थित रहे

## एकेडमी में शिक्षिकाओं ने किया क्रिकेट मैच का आयोजन



**महिदपुर रोड।** मंगलवार को नगर के नागदा मार्ग स्थित ब्राइट स्टार में महिला शिक्षिकाओं द्वारा खेल भावना के साथ क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों में आपसी सौहार्द, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। मैच के दौरान सभी महिला शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। पूरे वातावरण में ऊर्जा, उमंग और सकारात्मकता देखने को मिली। विद्यालय प्रबंधन आकाश अरोरा ने इस पहल की सराहना करते हुए आगे भी इस प्रकार के खेलकूद आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की बात कही।

## महिदपुर रोड थाना क्षेत्र के लिये मिला डायल 112 वाहन




महिदपुर रोड। पुलिस प्रशा सन द्वारा महिदपुर रोड थाना क्षैत्र के लिये डायल 112 वाहन स्थायी रूप से उपलब्ध करा दिया गया है गौर तलब है इससे पूर्व पुलिस थाना क्षैत्र के किसी भी गांव में किसी भी प्रकार का क्राईम या दुर्घटना होने पर महि दपुर नगर के पुलिस थाने से डायल 112 संबंधित वारदात घटनास्थल क्षैत्र पर पहुंचता थी जिससे समय में अनावश्यक विलंब होता है नगर के थाने पर डायल 112 उपलब्ध होने से पीड़ितों को जल्दी सुविधा उपलब्ध होगी

## झंडा जुलूस में झांकियां शामिल रही



**तराना।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नववर्ष के पहले मंगलवार को श्री बजरंग झंडा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को झंडे का जुलूस निकाला गया यह जुलूस बजरंग चौराहे से शुरू हुआ। जो सवारी मार्ग होते हुए पुनः बजरंग चौराहे पर समापन हुआ जुलूस में विशाल हनुमान प्रतिमा आकर्षक झाकिया शामिल रही। साथ ही बजरंगबली का रथ भी शामिल हुआ जिस पर भगवान बजरंगबली की तस्वीर सुशोभित रही। साथ ही विशाल भगवा ध्वज भी रहा। नगर के अखाड़े डीजे ढोल फुल वाली तोप भी शामिल रही। झंडा जुलूस का नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे वहीं जुलूस में पुलिस प्रशासन की माकूल व्यवस्था रही।

## सोया फैक्ट्री चंदूखेड़ी से काम कर लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**इंगोरिया।** अवि एग्रो सोयाबीन फैक्ट्री में काम कर रात में घर लौट रहे इंगोरिया के युवक की बड़नगर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। ईलाज के दौरान मौत हो गई। नितेश पिता अशोक पोरवाल उम्र 26 वर्ष उज्जैन रोड स्थित सोयाबीन प्लांट अवि एग्रो से काम कर रात साढ़े दस बजे मोटर सायकल से इंगोरिया आ रहा था रास्ते में खड़ोतिया और गंभीर नदी के बीच ब्रिज पर कंटेनर से टक्कर हो गई। पुलिस ने बताया कि कंटेनर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर नितेश को टक्कर मार दी। एंबुलेंस की मदद से उसे ईलाज हेतु बड़नगर भेजा था।

महाशिवरात्रि फाल्गुन माह की कृष्ण चतुर्दशी को मनाई जाती है। इस दिन व्रत, शिवलिंग का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करने से सुख-समृद्धि और ग्रह दोषों से मुक्ति मिलती है।

# फरवरी में किस दिन मनाई जाएगी महाशिवरात्रि

## जानें सही तिथि और चारों प्रहर का पूजा मुहूर्त



महाशिवरात्रि का पावन पर्व हर वर्ष फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है और भक्त व्रत रखकर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवलिंग का जल, दूध और अन्य पवित्र वस्तुओं से अभिषेक किया जाता है। ब्रह्म मुहूर्त से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है, जो पूरे दिन भगवान शिव की आराधना में लीन रहते हैं।

धार्मिक मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन विधिपूर्वक पूजा और रुद्राभिषेक करने से जीवन में सुख-समृद्धि, उन्नति और मानसिक शांति प्राप्त होती है। साथ ही कुंडली से जुड़े ग्रह दोषों से मुक्ति मिलने की भी मान्यता है। इस पर्व को फाल्गुन मासिक शिवरात्रि भी कहा जाता है, जिसका विशेष आध्यात्मिक महत्व है। ऐसे में भक्तों के लिए यह जानना जरूरी हो जाता है कि महाशिवरात्रि कब मनाई जाएगी, इसकी सही तिथि क्या है, पूजा का शुभ मुहूर्त कौन-सा है और इस पर्व का धार्मिक महत्व क्या है।

### महाशिवरात्रि किस दिन है?

साल 2026 में महाशिवरात्रि का पावन पर्व फरवरी महीने में ही मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 15 फरवरी 2026 को शाम 5 बजकर 4 मिनट पर होगी और इसका समापन 16 फरवरी 2026 को शाम 5 बजकर 34 मिनट पर होगा। चतुर्दशी तिथि का प्रारंभ रविवार को होने के कारण महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी 2026, रविवार को ही मनाया जाएगा।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि की पूजा निशिता काल में करना सबसे अधिक फलदायी माना जाता है, क्योंकि यही भगवान शिव की विशेष आराधना का श्रेष्ठ समय होता है। वर्ष 2026 में निशिता काल का शुभ मुहूर्त रात 11:55 बजे से 12:56 बजे तक रहेगा। इस दौरान शिवलिंग का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विधिपूर्वक पूजा करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं, महाशिवरात्रि व्रत का पारण 16 फरवरी 2026 को सुबह 6:42 बजे से दोपहर 3:10 बजे तक किया जा सकेगा। इस प्रकार, श्रद्धालुओं के लिए 15 फरवरी का दिन महाशिवरात्रि पूजा और व्रत के लिए अत्यंत शुभ रहेगा।

### महाशिवरात्रि चार प्रहर पूजा का समय

महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा रात्रि के चार प्रहरों में की जाती है, जिसका विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। मान्यता है कि चारों प्रहर में विधिपूर्वक शिव पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। साल 2026 में महाशिवरात्रि के दिन चार प्रहर पूजा के शुभ मुहूर्त इस प्रकार रहेंगे।

### महाशिवरात्रि पूजा का महत्व

महाशिवरात्रि का पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत पावन और महत्वपूर्ण माना जाता है। इस पर्व से जुड़ी कई धार्मिक मान्यताएं और कथाएं प्रचलित हैं। एक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि की ही रात्रि भगवान शिव ने सृष्टि के कल्याण के लिए तांडव नृत्य किया था। वहीं दूसरी मान्यता यह भी है कि इसी शुभ दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। इसी कारण महाशिवरात्रि का पर्व शिव और शक्ति के पावन मिलन का प्रतीक माना जाता है और इस दिन भगवान शिव के साथ मां पार्वती की विशेष पूजा की जाती है।

धार्मिक विश्वास के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन व्रत रखकर विधिपूर्वक शिव पूजन और रुद्राभिषेक करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस व्रत से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी होती हैं और वैवाहिक व पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। साथ ही मानसिक तनाव, रोग, कष्ट और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलने की भी मान्यता है। कहा जाता है कि सच्चे मन से की गई महाशिवरात्रि की पूजा से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों के जीवन से सभी प्रकार के दुखों का नाश कर उन्हें सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

14 तारीख से पहले कर लें ये काम

# शादी पक्की होने में आ रहीं अड़चनों से मिलेगा छुटकारा

कई बार सब कुछ ठीक होते हुए भी विवाह में बार-बार रुकावटें आती हैं। ज्योतिष शास्त्र में बताए गए खरमास में किए जाने वाले सरल उपाय आपके लिए लाभकारी साबित हो सकते हैं।



कई बार सब कुछ ठीक होते हुए भी विवाह में बार-बार रुकावटें आती हैं। कभी रिश्ते तय होते-होते टूट जाते हैं, तो कभी बात आगे बढ़ ही नहीं पाती। ऐसे में व्यक्ति के मन में यह सवाल उठने लगता है कि आखिर शादी कब होगी और क्यों बार-बार अड़चन आ रही हैं। अगर आप भी ऐसी ही समस्या से जूझ रहे हैं, तो ज्योतिष शास्त्र में बताए गए कुछ खरमास में किए जाने वाले सरल उपाय आपके लिए लाभकारी साबित हो सकते हैं।

ज्योतिष के अनुसार, जब सूर्यदेव धनु या मीन राशि में गोचर करते हैं, तब खरमास की शुरूआत मानी जाती है। वर्तमान में सूर्यदेव धनु राशि में है और 14 जनवरी तक यहीं रहेंगे। इस अवधि को शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं माना जाता। हालांकि, इसका यह अर्थ नहीं है कि खरमास व्यर्थ होता है। वास्तव में यह समय पूजा-पाठ, दान-पुण्य, आत्मचिंतन और मंत्र साधना के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। इस दौरान किए गए उपाय जीवन की समस्याओं को दूर करने में सहायक होते हैं।

### सूर्यदेव को जल अर्पित करें

यदि विवाह में रुकावट आ रही है, तो खरमास के दौरान प्रतिदिन सूर्यदेव को जल अर्पित करना बहुत लाभकारी माना जाता है। सुबह स्नान के बाद तांबे के लोटे में जल लेकर सूर्य को अर्घ्य दें। जल चढ़ाते समय मन को शांत रखें और अपने विवाह से जुड़ी इच्छाओं पर ध्यान केंद्रित करें। ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और विवाह संबंधी बाधाएं कम होने लगती हैं।

### दान

खरमास के दौरान दान-पुण्य का भी विशेष महत्व है। जरूरतमंदों को अनाज, वस्त्र या धन का दान करें। खासतौर पर पीली वस्तुओं का दान करना शुभ माना गया है। इससे न केवल विवाह में आ रही रुकावटें दूर होती हैं, बल्कि धन संबंधी परेशानियों से भी राहत मिलती है।

### दीपक जलाएं

रोजाना घर में दीपक जलाना, धूप-अगरबत्ती करना और ईश्वर से प्रार्थना करना लाभकारी होता है। साथ ही अपनी सोच को सकारात्मक रखें। नकारात्मक विचारों से दूर रहें और विश्वास रखें कि हर कार्य सही समय पर पूर्ण होगा। खरमास में पीले रंग का अधिक प्रयोग करें। यह रंग जीवन में प्रेम, शांति और सुख-समृद्धि बढ़ाने में सहायक माना जाता है।

### भगवान विष्णु की पूजा

खरमास में भगवान विष्णु की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। विष्णुजी को नारियल, फल और पीले रंग के फूल अर्पित करें। पीला रंग शुभता, शांति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। यदि कुंडली में विवाह योग कमजोर है या बार-बार अड़चनें आ रही हैं, तो प्रतिदिन 'ॐ श्रीं ह्रीं पूर्ण गृहस्थ सुख सिद्धये ह्रीं श्रीं ॐ नमः' मंत्र का जाप करें। इस मंत्र का कम से कम 21 बार जाप करने से विवाह के योग मजबूत होने लगते हैं।




भारत अंडर-19 और दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 के बीच जारी तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला बेनोनी में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी और आरोन जॉर्ज ने 200 से ज्यादा रनों की साझेदारी से भारत को अच्छी शुरूआत दिलाई है।

# नौ चौके और 10 छक्के...तीसरे यूथ वनडे में वैभव सूर्यवंशी का तूफान, 63 गेंदों में जड़ा शतक



**बेनोनी।** भारत और दक्षिण अफ्रीका की अंडर-19 टीमों के बीच जारी तीन यूथ वनडे मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में भी कप्तान वैभव सूर्यवंशी का बल्ला जमकर गरजा है। उन्होंने महज 63 गेंदों में शतक जड़कर विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। बेनोनी में खेले जा रहे इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है।

### आरोन जॉर्ज और वैभव सूर्यवंशी की विशाल साझेदारी से भारत की अच्छी शुरूआत

इस मुकाबले में ऑरोन जॉर्ज और वैभव सूर्यवंशी ने टीम को शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 227 रनों की विशाल साझेदारी हुई। कप्तान वैभव सूर्यवंशी ने महज 74 गेंदों में नौ चौके और 10 छक्के की सहायता से 127 रनों की धमाकेदार पारी खेली। वैभव के अलावा आरोन जॉर्ज ने भी तीसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 106 गेंदों का सामना किया और 16 चौके की मदद से 118 रन बनाए। यह पहला मौका नहीं हैं जब 14 वर्षीय सूर्यवंशी का बल्ला गरजा है। इससे पहले उन्होंने दूसरे यूथ वनडे में भी धुआंधार प्रदर्शन किया था। उन्होंने महज 24 गेंदों में 10 छक्के और एक चौके की मदद से 68 रन बनाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 283.33 का रहा था।

### वैभव ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

दक्षिण अफ्रीका की धरती पर अपने पहले शतक के साथ वैभव ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। 14 वर्षीय वैभव पांच अलग-अलग देशों में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए। इससे पहले उन्होंने भारत, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में शतकीय पारी खेली थी।

### कप्तान बनते ही वैभव ने रचा इतिहास

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी तीन यूथ वनडे मैचों की सीरीज के लिए बीसीसीआई ने 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को टीम की कमान सौंपी है। इसी के साथ उन्होंने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह यूथ वनडे में किसी टीम की कमान संभालने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के कप्तान बन गए। उन्होंने इस मामले में पाकिस्तान के अहमद शहजाद का रिकॉर्ड तोड़ा। शहजाद ने साल 2007 में 15 साल 141 दिन की उम्र में पाकिस्तान की अंडर-19 टीम की कप्तानी की थी।

## जैकब बेथेल का शतक, फिर भी ऑस्ट्रेलिया मजबूत; इंग्लैंड की बढ़त 119 रन की

**सिडनी।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा एशेज 2026 का पांचवां और आखिरी टेस्ट मुकाबला अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर जैकब बेथेल के शानदार पहले टेस्ट शतक के बावजूद ऑस्ट्रेलिया सीरीज को 4-1 से जीतने की मजबूत स्थिति में है। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 302/8 रन बना लिए थे और उसे 119 रनों की बढ़त हासिल हो चुकी है। अब मुकाबले का नतीजा पांचवें दिन तय होगा।

**जैकब बेथेल का यादगार शतक:** 22 वर्षीय जैकब बेथेल के लिए यह पारी किसी सपने से कम नहीं रही। अपने करियर के छठे टेस्ट में और इस सीरीज के दूसरे मैच में बेथेल ने 232 गेंदों में नाबाद 142 रन बनाए। खास बात यह रही कि इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरूआत बेहद खराब रही और पहले ही ओवर में मिचेल स्टार्क ने जैक क्राउली को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। ऐसे मुश्किल हालात में बल्लेबाजी करने उतरे बेटेल ने धैर्य, तकनीक और मानसिक मजबूती का शानदार उदाहरण पेश किया।


**आवश्यकता है**
मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर, हाउस कीपिंग, कम्प्यूटर आपरेटर, एकाउंटेंट, सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार की आवश्यकता है। होटल हेतु।
संपर्क 9893374872




**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर

मो. 9301388290, 9340903559

**शॉप बेचना है**
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क 9993368146

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# भागीरथपुरा के गंभीर मरीजों को निजी अस्पतालों में किया जा रहा शिफ्ट

## आखिर क्यों शासकीय अस्पतालों की व्यवस्था पर स्वयं प्रशासन को ही भरोसा नहीं, शासकीय अस्पतालों की क्षमता और गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से पीड़ित अधिकांश मरीजों को निजी अस्पतालों में भर्ती करवाने का प्रशासन का फैसला सवालों के घेरे में है।

आखिर क्यों शासकीय अस्पतालों की व्यवस्था पर स्वयं प्रशासन को ही भरोसा नहीं है? जबकि सरकार और प्रशासन इन अस्पतालों की तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते। क्या शासकीय अस्पतालों की स्थिति इतनी खराब है कि मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजना पड़ रहा है? इस फैसले से शासकीय अस्पतालों की क्षमता और गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।



### अधिकांश मरीजों को निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया

भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के कारण हालात गंभीर हो गए हैं। अब तक इससे 17 लोगों की मौत हो चुकी है और तीन हजार से अधिक लोग बीमार हो चुके हैं। इनमें से 411 मरीजों की हालत ऐसी रही कि उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। प्रशासन ने अधिकांश मरीजों को निजी अस्पतालों में ही भर्ती करवाया। अभी भी 110 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें से 15 से अधिक मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें आइसीयू में रखा गया है।

### डॉक्टरों की बड़ी टीम लेकिन उचित इलाज नहीं

इन सभी गंभीर मरीजों को बड़े निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जो मरीज शासकीय अस्पतालों में गंभीर अवस्था में भर्ती थे, उन्हें भी एक ही जगह निजी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया है। जबकि शासकीय अस्पतालों में भी आइसीयू व उपचार की यूनिट मौजूद है। डॉक्टरों की बड़ी टीम भी है, लेकिन इलाज उचित नहीं मिलता है।

### सुपर स्पेशिएलिटी में एक भी मरीज नहीं किया भर्ती

निजी अस्पताल से बेहतर इलाज की सुविधा देने का दावा करने वाले सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में अब तक एक भी मरीज भर्ती नहीं किया गया है। जबकि यहां आधुनिक मशीन और विशेषज्ञ उपलब्ध हैं। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए इस अस्पताल और आइसीयू यूनिट संकट के समय ही काम नहीं आ रहे हैं। वहीं एमवाय अस्पताल में भी अब तक करीब 30 मरीजों को ही उपचार के लिए भेजा गया। उन्हें भी बाद में निजी अस्पतालों में शिफ्ट कर दिया गया। यानी प्रशासन खुद मानता है कि शासकीय अस्पतालों में इलाज की पर्याप्त और भरोसेमंद व्यवस्था नहीं है। इस पर अधिकारियों का तर्क है कि वे इंदौर में किसी भी अस्पताल में भर्ती हो सकते हैं।

## मप्र को हाई-वैल्यू सेक्टरों का फायदा नहीं मिला

# राष्ट्रीय स्तर पर निवेश में मप्र अभी भी पीछे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इन्दौर

मप्र ने पिछले दो साल में निवेश का कीर्तिमान स्थापित किया है। मप्र तेजी से उभरते हुए औद्योगिक और निवेश हब के रूप में स्थापित हो रहा है।

मप्र के लिए साल 2025 स्टार्टअप, निवेश और औद्योगिक सुधार के लिहाज से ऐतिहासिक और निर्णायक साल के रूप में दर्ज हो गया। बीते एक साल में राज्य में निवेश के लिए बड़े शहरों के अलावा दूसरे जिलों में भी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए गए। भोपाल, इंदौर के अलावा सागर, रीवा, जबलपुर, रतलाम, शहडोल जैसे शहरों में भी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए गए।

निवेश के क्षेत्र में साल 2025 की सबसे बड़ी उपलब्धि भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस-2025) रहा। इस समिट में करीब 26.61 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे।

साल के जाते-जाते ग्वालियर में भी अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट आयोजित की गई। लेकिन इतनी सारी उपलब्धियों के बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर मप्र निवेश में पीछे हैं। गौरतलब है कि भोपाल में फरवरी 2025 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में राज्य सरकार ने 30.77 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिलने का दावा किया था।



**पोर्ट-प्रोजेक्ट्स का फायदा नहीं मिला-** इसे राज्य की निवेश क्षमता और औद्योगिक संभावनाओं के संकेत के रूप में प्रस्तुत किया गया। लेकिन इसके बाद सामने आए राष्ट्रीय निवेश आंकड़े एक अलग तस्वीर दिखाते हैं। हाल ही में आई बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में देश में हुए निवेश में मप्र में की हिस्सेदारी महज 3.2 प्रतिशत दर्ज की गई। निवेश में मप्र के पीछे होने की बड़ी वजह रही है देश में पावर (22.6 प्रतिशत) व मेटल्स (17.3 प्रतिशत) में निवेश बढ़ा, लेकिन मप्र को हाई-वैल्यू सेक्टरों जैसे एआई, डेटा सेंटर, मेगा एनर्जी और पोर्ट-प्रोजेक्ट्स का फायदा नहीं मिला।

# बुजुर्ग महिला से 17 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी

## तीन बार आया कॉल, मनी लॉन्ड्रिंग और तस्करी में लिप्तता बताकर धमकाया, पांच माह बाद रिपोर्ट दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी देकर 61 वर्षीय महिला से पांच दिन में 17 लाख रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। घटना जुलाई 2025 की है। महिला बदनामी के डर से पुलिस के पास नहीं पहुंची। अब परिजनों की समझाइश पर थाने आकर एफआईआर दर्ज कराई।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि महिला के पास तीन अलग-अलग नंबरों से फोन आया था और आरोपियों ने अलग-अलग खातों में ही राशि ट्रांसफर कराई है। महिला को पहला कॉल करने वाले ने अपना नाम ब्रजेश कुमार बताया। उसने खुद को टेलीकॉम कंपनी का अधिकारी बताते हुए कहा कि आपके नाम से दूसरी सिम जारी हुई है, जिससे संदिग्ध लेन-देन किया जा रहा है। महिला ने इससे इंकार किया, तो आरोपी ने कहा कि कोलाबा पुलिस स्टेशन में आपके खिलाफ एफआईआर हुई है। आप मुंबई आ जाएं। इसके बाद दूसरे नंबर से वॉट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को कोलाबा थाने की इंस्पेक्टर आरती बताया और कहा कि कथित सिम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग और तस्करी से जुड़ा पैसा बैंक में जमा कराया गया है। आरोपी ने वारंट जारी होने की बात कहकर डराया और खाते की जांच का बहाना कहकर कॉल काट दिया। कुछ ही देर बाद तीसरा कॉल आया। कॉलर ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर दया नायक बताया। उसने कहा कि आप मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंस चुकी हैं, लेकिन जांच में सहयोग करने पर बचाया जा सकता है। साथ ही परिवार को कुछ न बताने की हिदायत दी गई। इसके बाद बैंक खातों और संपत्ति की जानकारी ली गई और जांच के नाम पर पैसे ट्रांसफर करने को कहा गया।

## न्यूज कॉलम

### आजाद नगर में युवकों का परिवार पर हमला मारपीट और कार में तोड़फोड़, कई घायल

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक परिवार के साथ मारपीट और कार में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। परिवार के लोग घर की लड़की से मोबाइल पर बात करने को लेकर एक युवक को समझाने पहुंचे थे, लेकिन युवक ने अपने साथियों को बुलाकर उन पर हमला कर दिया। आजाद नगर पुलिस के अनुसार, गोविंद पुत्र हरिप्रसाद, निवासी देवास की शिकायत पर लक्की कदम (पुत्र संतोष कदम, निवासी मूसाखेड़ी) और उसके साथी आकाश (पुत्र विश्राम जाटव), भय्यू और चीनी (पुत्र बबलू, निवासी शिवनगर) के खिलाफ मारपीट और तोड़फोड़ का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता गोविंद अपने भाई दिलीप, बहन रेखा और अन्य रिश्तेदारों के साथ रात करीब 10 बजे टवेरा कार से रिश्तेदार संतोष कदम के घर पहुंचे थे। आरोप है कि संतोष का बेटा लक्की उनकी परिवार की बेटी से मोबाइल पर बात करता था, जिसे लेकर वे उसे समझाने पहुंचे थे। इसी दौरान लक्की ने अपने दोस्तों को बुला लिया और सभी ने गाली-गलौज करते हुए अचानक हमला कर दिया। पीड़ितों ने किसी तरह जान बचाकर बाहर निकलने की कोशिश की तो आरोपियों ने ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। डर के कारण जब परिवार कार में बैठा तो आरोपियों ने कार पर भी पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में गोविंद, उसका भाई दिलीप, भाभी सरोज, बहन रेखा सहित अन्य रिश्तेदार घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आभूषणों से भरा बैग झपटने वाले बदमाश गिरफ्तार, गार्डन क्षेत्र से झपटा था बैग

**इंदौर।** गोवा से इंदौर आई एक रिटायर्ड महिला प्रोफेसर का आभूषणों से भरा बैग झपटकर ले जाने वाले दो बदमाशों को मंगलवार रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना कनाड़िया थाना क्षेत्र की है। आरोपियों की पहचान कनिष्क पंथी निवासी द्वारकापुरी और सचिन मौर्य के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी और एक अन्य वाहन भी बरामद किया है। कनाड़िया पुलिस के अनुसार रिटायर्ड महिला प्रोफेसर ने 23 दिसंबर 2025 को भंडारी रिसॉर्ट क्षेत्र से पर्स झपटने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज और वाहन नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों ने इस तरह की पहली वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तारी के दौरान दोनों को चोटें आई हैं और उनका उपचार कराया गया है। मामले की आगे जांच जारी है। इधर, एरोड्रम थाना क्षेत्र में निजी स्कूल में पढ़ाने वाली शिक्षिका अलका वर्मा से बाइक सवार बदमाश ने मोबाइल फोन लूट लिया। अलका वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह नंदबाग स्थित स्कूल से पढ़ाने के बाद पैदल घर लौट रही थीं। स्कीम नंबर 155 के पास मोबाइल पर बात करते समय एक युवक बाइक से आया और झपट्टा मारकर मोबाइल लेकर फरार हो गया। घटना के दौरान पीड़िता ने बाइक का नंबर नोट कर लिया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए एक संदेही को हिरासत में लिया है। पूछताछ में आरोपी ने अन्य वारदातों में भी शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### गहरे हौज में डूबने से तीन साल के बच्चे की मौत, मां बना रही थी चाय

**इंदौर।** इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मनोरमागंज इलाके में मां मनीषा के साथ अपने नाना-नानी के घर रह रहे तीन साल के मासूम की पानी के हौज में डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम की है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पलासिया पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान गणेश पुत्र सुनील भील (उम्र 3 वर्ष) के रूप में हुई है। मंगलवार शाम उसकी मां मनीषा घर के अंदर चाय बना रही थी, इसी दौरान गणेश खेलते-खेलते बाहर चला गया। काफी देर तक जब वह नजर नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ समय बाद गणेश घर के बाहर बनी करीब 7 फीट गहरे पानी के हौज में डूबा हुआ मिला। परिजन उसे तत्काल बाहर निकालकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों ने बताया कि मकान में बनी पानी की हौज अक्सर खुली ही रहती थी, जिस पर कोई ढक्कन नहीं था। गणेश के नाना-नानी एक बिल्डिंग में चौकीदारी का काम करते हैं और घटना के समय वे दोनों मालिक के बंगले पर काम से गए हुए थे। वहीं गणेश का मामा अपनी नौकरी पर था और मामी घर के एक कमरे में मौजूद थी। परिजनों के मुताबिक मनीषा की शादी बुरहानपुर में हुई थी। पति सुनील के साथ करीब डेढ़ साल से पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिसके चलते मनीषा अपने मायके इंदौर आकर रहने लगी थी। गणेश उसकी तीन बेटियों का इकलौता भाई था, जबकि तीनों बहनें अपने पिता के साथ बुरहानपुर में रहती हैं।

### कोकीन के साथ जिम ट्रेनर गरफ्तार युवाओं को लगाता था नशे की लत

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 ग्राम कोकीन के साथ एक जिम ट्रेनर को बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिम में आने-जाने वाले युवाओं को पहले नशे की लत लगाता था और बाद में ऊंचे दामों पर कोकीन बेचता था। फिलहाल क्राइम ब्रांच ने यह खुलासा नहीं किया है कि आरोपी किस जिम में ट्रेनिंग देता था। मामले में आगे की जांच जारी है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम अशद शेख निवासी खजराना है। आरोपी नशे के कारोबार में लायन नाम से सक्रिय था। पुलिस के मुताबिक अशद पेशे से जिम ट्रेनर है और 12वीं तक पढ़ा-लिखा है। वह काफी समय से कोकीन की तस्करी और बिक्री में लिप्त था। जांच में सामने आया है कि अशद ने जिम से जुड़े कुछ लोगों को कोकीन की लत लगा दी थी। जिम की आड़ में ग्राहकों तक पहुंच बनाकर वह ज्यादा मुनाफा कमाने के उद्देश्य से नशे का कारोबार कर रहा था। इधर, क्राइम ब्रांच ने एक अन्य कार्रवाई में बिलाल खान निवासी कोहिनूर कॉलोनी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 10 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर बरामद की गई। पुलिस के अनुसार पूर्व में पकड़े गए आरोपी दानिश शेख से पूछताछ के दौरान बिलाल खान के नाम का खुलासा हुआ था, जिसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। क्राइम ब्रांच दोनों मामलों में यह पता लगाने में जुटी है कि नशे की सप्लाई कहां से हो रही थी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग कौन हैं। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

### टूल बॉक्स में छिपाकर ले जा रहा था डोडा चूरा, ट्रक डाइवर गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर की तेजाजी नगर पुलिस ने बायपास पर भारी मात्रा में ट्रक के अंदर से डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस को देखकर आरोपी ने ट्रक भगाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। डीसीपी कृष्णा लालचंदानी की टीम ने एबी रोड पर चेकिंग के दौरान एक ट्रक को रोका था। जिसमें बैठा ड्राइवर बुट्टा सिंह पुत्र चुहर सिंह निवासी जालंधर पंजाब पुलिस को देखकर घबरा गया। वह पुलिस को देखकर भागने लगा। उसे रोका तो उसने पूछताछ में कुछ नहीं बताया। इसके बाद पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली। तलाशी में पुलिस ने पाया कि डीजल टैंक के पास बने टूल बाक्स में 87 किलो डोडा चूरा छिपा हुआ था। आरोपी ने बताया कि उसे इसकी डिलीवरी करने के 10 हजार रुपए मिलते थे। वह काफी समय से इसकी डिलीवरी अलग-अलग प्रदेशों में कर रहा है। ठंड के दिनों में इसकी बिक्री बढ़ जाती है। इसके चलते उसका परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने बुट्टा सिंह के अपराधों की जानकारी निकाली। जिसमें उसके खिलाफ काठगढ़ पंजाब में 1 एफआईआर अवैध नशे के परिवहन संबंध में पहले से है। आरोपी का ट्रक भी पुलिस ने जब्त किया है। डोडा चूरा की कीमत लाखों में बताई गई है।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com